वर्ष 72 अंक 297 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 25 जुलाई, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

अगर आज कोई पेड़ की छांव में बैठा है तो इस वजह से कि किसी ने बहुत समय पहले ये पेड़ लगाया होगा।
–वॉरेन बफेट

## ऑफ बीट

### 9 नहीं, सिर्फ 5 महीने में पैदा हुआ बच्चा



*अमेरिका के राज्य आयोवा के शहर एंकेनी से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बच्चा 5 जुलाई, 2024 को समय से 133 दिन पहले यानी उसका जन्म केवल 21 सप्ताह में ही हो गया था। अब बच्चा 1 साल का हो चुका है और उसे गिनीज बुक वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड्स की तरफ से दुनिया के सबसे प्री-मैच्योर बच्चे का प्रमाण-पत्र मिला है। बच्चे का नाम नैश है, डिलीवेरी यूनिवर्सिटी ऑफ आयोवा हेल्थ केयर में डॉक्टर मलिंडा शेफर, एच. बेनेट स्टीवंस व डॉक्टर एमी स्टैनफोर्ड ने करवाई थी। डॉक्टर्स ने बताया कि जन्म के समय नैश का वजन मात्र 285 ग्राम था, यानी एक सेब से भी कम और जन्म के तुरंत के बाद उसे अस्पताल के लेवल (निओनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) में ले जाया गया। स्टैनफोर्ड ने बताया कि इतनी जल्दी जन्मे बच्चे को अत्यधिक विशेष देखभाल, निगरानी और बार-बार जांच की जरूरत थी इसलिए 24 घंटे तक नैश के साथ टीम थी।*

## भारत-ब्रिटेन के बीच 63 हजार करोड़ का ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता

# ९९% उत्पाद शुल्क फ्री: व्हिस्की कार, मेडिकल डिवाइस होंगे सस्ते

**लंदन, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने गुरुवार को ऐतिहासिक 6 बिलियन पाउंड (लगभग 63 हजार करोड़ रुपए) के भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 112 अरब रुपए तक पहुंचाना है। तीन साल की लंबी बातचीत के बाद हुए इस समझौते को आर्थिक रूप से अब तक का सबसे महत्वपूर्ण सौदा बताया जा रहा है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच कई उत्पादों पर शुल्क घटेगा या हटेगा।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने बकिंघमशायर स्थित प्रधानमंत्री के ग्रामीण आवास 'चेकर्स' में हुए हस्ताक्षर समारोह में कहा, 'यह ब्रिटेन के लिए ब्रेग्जिट के बाद का सबसे बड़ा और आर्थिक दृष्टि से सबसे अहम व्यापारिक समझौता है। इसे अब हस्ताक्षर कर दिया गया है। यह डील अब आधिकारिक रूप से सील हो चुकी है।' इस डील पर टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'यह समझौता हमारी साझी समृद्धि के लिए एक खाका है। एक ओर भारतीय वस्त्र, जूते, रत्न-आभूषण, समुद्री खाद्य और इंजीनियरिंग सामानों को यूके में बेहतर बाजार मिलेगा, वहीं भारत के लोग ब्रिटेन में बने मेडिकल उपकरणों और एयरोस्पेस पार्ट्स को किफायती कीमतों पर प्राप्त कर सकेंगे।'

(अब 20 अरब डॉलर का अतिरिक्त निर्यात करेगा यूके, पेज-09 पर)



फ्री ट्रेड डील के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश समकक्ष स्टार्मर।

### क्या-क्या होगा सस्ता भारत में?

**ब्रिटिश ऑटोमोबाइल्स:** रोल्स-रॉयस, जगुआर लैंड रोवर, बेंटली और एस्टन मार्टिन जैसे प्रीमियम वाहन सस्ते होंगे।

**ब्रिटिश व्हिस्की:** आयात शुल्क 150 से घटाकर 75 फीसदी किया गया है। हालांकि कीमतों में राहत सीमित होगी। हर बोतल पर लगभग 300 रुपए की कमी संभावित है।

**अन्य उत्पाद:** सॉफ्ट ड्रिंक, बिस्किट, चॉकलेट, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, सैल्मन, लैम्ब और मछली जैसे खाद्य पदार्थ भी सस्ते होंगे। साथ ही मेडिकल और एयरोस्पेस उपकरण की लागत में गिरावट आएगी।

### भारत के 10 बड़े लाभ : किसानों, पेशेवरों और महिलाओं को भी होगा फायदा

**निर्यात शुल्क-मुक्त:** भारतीय वस्तुओं को ब्रिटेन में ड्यूटी-फ्री प्रवेश मिलेगा। इसमें समुद्री उत्पाद, वस्त्र, रसायन और धातुएं शामिल हैं। इससे भारतीय निर्यातकों को बड़ा मौका मिलेगा।

**रोजगार के नए अवसर:** श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे खिलौने, वस्त्र, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद, रत्न-जवाहरात, ऑटो पार्ट्स और ऑर्गेनिक केमिकल्स में निर्यात बढ़ेगा, इससे रोजगार बढ़ेंगे।

**कारें-व्हिस्की सस्ती:** ब्रिटिश व्हिस्की और जिन पर आयात शुल्क कम कर दिया जाएगा। इसी तरह, कारों पर शुल्क 100 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया जाएगा। इससे जगुआर, रोल्स-रॉयस जैसी कारें सस्ती मिलेंगी।

**किसानों को मिलेगा बड़ा बाजार:** भारतीय किसानों को ब्रिटेन में प्रीमियम बाजार मिलेगा। हल्दी, काली मिर्च, इलायची, आम का गूदा, अचार, दालें और तैयार खाद्य वस्तुएं ड्यूटी-फ्री होंगी।

**मरीन उत्पादों को बढ़ावा:** तटीय राज्यों के झींगा, टूना मछली, मछली भोजन जैसे उत्पाद शुल्क मुक्त होंगे। पहले इन पर 4.2 से 8.5 फीसदी शुल्क लगता था।

**हाई-एंड ब्रांडेड उत्पाद निर्यात बढ़ेगा:** कॉफी, चाय, मसाले जैसे भारतीय प्रीमियम ब्रांड्स को ब्रिटेन में अब ज्यादा प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। खासकर इंस्टेंट कॉफी के क्षेत्र में भारत जर्मनी और स्पेन से आगे निकल सकता है।

**दवा और अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा:** भारतीय जेनेरिक दवाओं और मेडिकल इक्विपमेंट पर भी शुल्क खत्म किया गया है। साथ ही, आईटी, बैंकिंग, परामर्श सेवा और शिक्षा क्षेत्र को भी समझौते से लाभ मिलेगा।

**पेशेवरों को काम के अवसर:** भारतीय प्रोफेशनल्स को ब्रिटेन में 24 महीनों तक बिना स्थानीय कार्यालय के काम करने की सुविधा मिलेगी। पेशेवरों के लिए 35 क्षेत्रों में अवसर खुलेंगे।

**सामाजिक सुरक्षा में छूट:** ब्रिटेन में 3 साल तक काम करने वाले 75,000 भारतीय कर्मचारियों को अब वहां की सामाजिक सुरक्षा में योगदान नहीं देना होगा। इससे भारतीय कंपनियों की लागत घटेगी और स्पर्धात्मकता बढ़ेगी।

**महिलाओं को वैश्विक मंच:** यह समझौता भारत की महिला हस्तशिल्पियों, बुनकरों, डिजाइनरों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में शामिल होने का मौका देगा। जैसे, कोल्हापुरी चप्पल, जिसे अब ब्रिटेन में टैरिफ-फ्री बेचा जा सकेगा।

## अनिल अंबानी की 50 कंपनियों पर ईडी की रेड

# 3000 करोड़ लोन फ्रॉड पैसों का गलत इस्तेमाल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें करीब 50 कंपनियां शामिल हैं। 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यस बैंक से लिए 3000 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को ये रेड दिल्ली और मुंबई में हुई। ये छापेमारी पीएमएलए की धारा 17 के तहत की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, ये कार्रवाई सीबीआई की ओर से दर्ज दो एफआईआर और सेबी, नेशनल हाउसिंग बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) जैसी एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गई है। सीबीआई ने दो मामलों में एफआईआर दर्ज की थी। ये मामले यस बैंक द्वारा रिलायंस होम फाइनेंस लि. और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस लि. को दिए गए दो अलग-अलग लोन से जुड़े हैं। दोनों ही मामलों में सीबीआई ने यस बैंक के पूर्व सीईओ राणा कपूर का नाम लिया था। इसके बाद एक अधिकारी ने बताया कि नेशनल हाउसिंग बैंक, सेबी, नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी और बैंक ऑफ बड़ौदा ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### यह है मामला

मामला वर्ष 2017 से 2019 के बीच यस बैंक द्वारा अनिल अंबानी से जुड़े रिलायंस ग्रुप की कंपनियों को दिए करीब 3,000 करोड़ के लोन से जुड़ा है। ईडी की शुरुआती जांच में पता चला है कि इन लोन्स को कथित तौर पर फर्जी कंपनियों और ग्रुप की अन्य इकाइयों में डायवर्ट किया गया। यस बैंक के बड़े अधिकारियों को शायद रिश्वत दी गई है। ईडी का कहना है कि ये एक 'सोचा-समझा और सुनियोजित' प्लान था, जिसके तहत बैंकों, शेयरहोल्डर्स, निवेशकों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों को गलत जानकारी देकर पैसे हड़पे गए। जांच में कई गड़बड़ियां पकड़ी गईं। इनमें कमजोर या बिना वेरिफिकेशन वाली कंपनियों को लोन, कई कंपनियों में एक ही डायरेक्टर और एड्रेस का इस्तेमाल, लोन से जुड़े जरूरी दस्तावेजों का न होना, फर्जी कंपनियों में पैसे ट्रांसफर करना, पुराने लोन चुकाने के लिए नए लोन देने की प्रक्रिया (लोन एवरग्रीनिंग)।

### छापे का असर, कंपनियों के शेयर धड़ाम

छापेमारी की खबर के बाद अनिल अंबानी की दो प्रमुख कंपनियों, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर के शेयरों में 5 फीसदी तक की गिरावट आई है। हालांकि, रिलायंस पावर ने कहा, इन कार्रवाइयों का कंपनी के कारोबार, वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य हितधारक पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनी ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड या रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े 10 साल पुराने लेनदेन के आरोपों की बात हो रही है। रिलायंस पावर एक अलग और स्वतंत्र लिस्टेड कंपनी है।

## 10 अगस्त को रायसेन आएंगे राजनाथ सिंह

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 10 अगस्त को रायसेन में 1800 करोड़ रुपए के निवेश से प्रारंभ होने वाली रेल कोच निर्माण इकाई का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुरुवार को सीएम हाउस स्थित समत्व भवन में बीईएमएल के चेयरमैन, एमडी शांतनु रॉय, निदेशक रेल एवं मेट्रो राजीव गुप्ता, जीएम चंद्रशेखर और ईडी ओपी सिंह ने सौजन्य भेंट की। डॉ. यादव को जानकारी दी गई कि बीईएमएल की ओर से रायसेन की गौहरगंज तहसील के ग्राम उमरिया में अत्याधुनिक रेल कोच फैक्ट्री के शिलान्यास की आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस इकाई के लगने से 1575 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बीईएमएल के पदाधिकारियों को मप्र में विभिन्न सेक्टर्स में आ रहे निवेश की जानकारी दी।



**रेल कोच फैक्ट्री का करेंगे शिलान्यास**

## भोपाल डीआरएम बनाए गए पंकज त्यागी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** रेलवे बोर्ड ने पंकज त्यागी को भोपाल रेल मंडल का नया मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) नियुक्त किया है। त्यागी भोपाल में निवर्तमान डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी की जगह लेंगे। पंकज त्यागी वर्तमान में एनएफएचएजी श्रेणी में आइआरएसई अधिकारी के रूप में रेलवे बोर्ड में कार्यरत हैं, अब भोपाल मंडल में डीआरएम का कार्यभार संभालेंगे। वे देवाशीष त्रिपाठी की जगह लेंगे। त्रिपाठी के स्थानांतरण और उनकी अगली पोस्टिंग के संबंध में आदेश जल्द ही जारी किए जाएंगे। यह बदलाव राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद किया गया है। रेलवे बोर्ड ने पश्चिम मध्य रेलवे में तीनों मंडलों भोपाल, कोटा और जबलपुर में डीआरएम बदल दिए हैं। इसके अलावा देश भर में यह बदलाव किया गया है।

## मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस: महाराष्ट्र सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

# सभी 12 आरोपियों को बरी करने के फैसले पर रोक

### आरोपियों को दिया नोटिस नहीं लौटेंगे अभी जेल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। हालांकि, अदालत ने आरोपियों को राहत देते हुए कहा, उन्हें फिलहाल जेल लौटने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट के फैसले को नजीर न माना जाए। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले के सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया और राज्य सरकार की अपील पर उनसे जवाब मांगा है।

पीठ ने कहा, हमें सूचित किया गया है कि सभी प्रतिवादियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस जेल भेजने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल द्वारा कानून संबंधी बिंदु पर प्रस्तुत दलीलों पर ध्यान देते हुए हम इस बात के इच्छुक हैं कि संबंधित फैसले को मिसाल के रूप में नहीं देखा जाएगा। इसे देखते हुए विवादित फैसले पर रोक रहेगी। हाईकोर्ट ने मामले के सभी आरोपियों को सबूत के अभाव में रिहा कर दिया था।



### हाईकोर्ट ने आरोपियों को किया था बरी

जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी करते हुए कहा था अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है और 'यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है।' विशेष अदालत ने इन 12 आरोपियों में से पांच को मौत की सजा और सात को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। मौत की सजा पाने वाले एक दोषी की 2021 में मौत हो गयी थी। मुंबई की लोकल ट्रेन में विभिन्न स्थानों पर 11 जुलाई 2006 को हुए सात विस्फोटों में 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी थी।

### महाराष्ट्र सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए कहा, इसका असर मकोका के तहत लंबित मुकदमों पर पड़ेगा।

## नाबालिग को होटलों में ले जाने वाली टीचर को बेल

**मुंबई, जेएनएन।** नाबालिग छात्र के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार हुईं मुंबई की एक शिक्षिका को बेल मिल गई है। मुंबई की एक कोर्ट ने सबूतों के आधार पर कहा, दोनों के बीच सहमति से संबंध बने थे। टीचर पर आरोप थे कि उसने कई मौकों पर फाइव स्टार होटल ले जाकर नाबालिग छात्र का यौन शोषण किया है। अदालत ने जमानत देते समय आरोपी शिक्षिका पर पीड़ित से किसी तरह का संबंध नहीं साधने की शर्तें लगाई हैं।रिपोर्ट के अनुसार, स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने आदेश में कहा है कि सबूत दिखाते हैं दोनों के बीच सहमति से संबंध थे। स्पेशल जज सबीना मलिक ने कहा, आरोपी ने स्कूल से इस्तीफा दे दिया था, तो छात्र और शिक्षिका के बीच संबंध की बात नहीं है।

## तेजस्वी के बयान का कांग्रेस ने किया समर्थन, कहा-

# बिहार चुनाव के बहिष्कार पर विचार करेगा इंडिया ब्लॉक

**पटना, जेएनएन।** बिहार में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर राजद नेता तेजस्वी यादव के विधानसभा चुनाव के संभावित बहिष्कार का संकेत दिए जाने के एक दिन बाद उनकी सहयोगी कांग्रेस ने कहा कि इंडिया ब्लॉक चुनाव बहिष्कार के अभूतपूर्व विकल्प पर विचार कर रहा है। कांग्रेस ने कहा, वह चुनाव आयोग द्वारा जारी एसआईआर के जरिए तैयार की जा रही मतदाता सूची को स्वीकार नहीं करेगी। बिहार में एआईसीसी प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने मीडिया को बताया कि भारत ब्लॉक के सहयोगी इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। अल्लावरु ने कहा, हम सीईसी को चुनौती देते हैं कि वे बिहार के हर निर्वाचन क्षेत्र से 1,000 लोगों को चुनें, जांच करें, क्या निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। अगर 25 प्रतिशत भी असली निकले तो प्रक्रिया को स्वीकार कर लेंगे। सच तो यह है कि यह सूची भाजपा और ज्ञानेश कुमार की है। हम इसे स्वीकार नहीं करते। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनकी पार्टी तेजस्वी के विधानसभा चुनावों के बहिष्कार के सुझाव से सहमत है।

## आचारपुरा में औद्योगिकों इकाइयों के भूमिपूजन पर सीएम ने की घोषणा

# श्रमिकों को हर माह 5 हजार प्रोत्साहन राशि

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सूबे में रोजगार और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए सरकार कई अहम कदम उठा रही है। सरकार ने फैसला किया है कि औद्योगिक श्रमिकों को भी 5000 प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के आचारपुरा में औद्योगिक ईकाइयों के भूमिपूजन कार्यक्रम में कही।

सीएम डॉ.यादव ने कहा कि जब जब पूंजी और मेहनत एक साथ आती है, तो उसकी सुगंध पूरी दुनिया में फैलती है। मेहनत के मंदिर ये कारखाने हैं, जो लोगों की जिंदगी में आनंद, समृद्धि भर रहे हैं। हमारे कपड़े आचारपुरा में बनते हैं और उन्हें पहनने वाले ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### वनों में चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर खुलेंगे

डॉ. यादव ने कहा, राज्य वन विकास निगम द्वारा विकसित वनों के प्रबंधन और आगामी कार्ययोजना के बारे में विचार मंथन की जरूरत है। सरकार प्रदेश के वनों में जू (चिड़ियाघर) और वन्य प्राणियों के रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने प्रदेश में सांपों से हो रही मौतों पर चिंता जताई। राज्य वन विकास निगम की स्थापना के 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में राष्ट्रीय कार्यशाला में सीएम ने कहा, प्रदेश में खनन गतिविधियों और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया में बने राख के पहाड़ों पर वनों को विकसित करने की चुनौती स्वीकार कर निगम ने वन संपदा को पुनर्स्थापित किया है। प्रदेश के तीन लाख 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वनों का पुनर्वास करना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने वन विकास निगम के केंद्रों में ईको टूरिज्म गतिविधियां संचालित करने का सुझाव दिया। सीएम ने कहा, सर्पदंश से होने वाली मौतों को कम करने के लिए सरकार योजनाओं पर कार्य कर रही है। प्रदेश में सर्प गणना की तैयारी हो रही है।



## ऑपरेटर बनकर इंदौर में रह रहा बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार



**जागरण, इंदौर।** पंजाब के एक थाने में रॉकेट लॉन्चर से हमला करने वाला आरोपी बब्बर खालसा का आतंकी इंदौर में क्रेन ऑपरेटर बनकर पनाह लिए था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, पंजाब से भागकर वह पहले गुजरात पहुंचा। इसके बाद इंदौर में क्रेन ऑपरेटर बनकर छिपा था। पुलिस का कहना है कि वह सोशल मीडिया के जरिए आतंकी संगठन के संपर्क में था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक ने बताया आतंकवादी का नाम आकाशदीप सिंह उर्फ बाज है। वह अमृतसर में चनाचेन का रहने वाला है। उसने अप्रैल 2025 में पंजाब के गुरदासपुर के बटाला में किला लाल सिंह थाने पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया था। हमले की जिम्मेदारी बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े हैप्पी पासिया, मनू आगवन और गोपी नवांशहरिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ली थी। पुलिस ने दावा किया था कि ये हमला उप्र के पीलीभीत और पंजाब में ग्रेनेड हमलों के आरोपी को मारने का बदला लेने के लिए किया गया था। आकाश इंदौर के हीरानगर थाना इलाके की निर्माणाधीन बिल्डिंग में क्रेन ऑपरेटर का काम कर रहा था। दिल्ली पुलिस उसे गिरफ्तार कर साथ ले गई। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एक अन्य मामला भी ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## न्यायपालिका | मप्र हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की बर्खास्तगी की रद्द, 5 लाख मुआवजा देने के निर्देश

# हाईकोर्ट और जिला जजों के बीच रिश्ते 'सामंत-गुलाम' जैसे

**जबलपुर, जेएनएन।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के एक विशेष न्यायाधीश की बर्खास्तगी को रद्द करते हुए हाईकोर्ट के जजों और जिला जजों के बीच 'खराब रिश्ते' की आलोचना की और इसे सामंत और दास के बीच के रिश्ते जैसा बताया। हाईकोर्ट के हाथों निचली अदालतों के जजों द्वारा झेले जा रहे मनोवैज्ञानिक दमन की निंदा करते हुए कोर्ट ने न्यायिक अधिकारी को 'घोर अन्याय' के लिए 5 लाख रुपए का मुआवजा दिया है।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल की खंडपीठ ने कहा, एक 'अहंकारी' हाईकोर्ट छोटी-छोटी गलतियों के लिए 'जिला कोर्ट को फटकार' लगाने की कोशिश करता है, जिससे जिला कोर्ट को सजा का निरंतर, भयावह डर बना रहता है। पीठ ने कहा, इससे न्याय व्यवस्था प्रभावित होती है। पीठ ने टिप्पणी की, हाईकोर्ट के न्यायाधीशों और जिला कोर्ट के जजों के बीच का निराशाजनक रिश्ता एक सामंत और दास के बीच जैसा है।

जिला कोर्ट के जजों की शारीरिक भाषा, जब वे हाईकोर्ट के जज का अभिवादन करते हैं, हाईकोर्ट के जज के सामने गिड़गिड़ाने जैसी होती है..। जिला कोर्ट के जजों द्वारा रेलवे प्लेटफॉर्म पर हाईकोर्ट के जजों (जैसा कि वे चाहते हैं) से व्यक्तिगत रूप से मिलने और उनके लिए जलपान की व्यवस्था करने के उदाहरण आम हैं..।

हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में प्रतिनियुक्ति पर आए जिला कोर्ट के जजों को हाईकोर्ट के जज लगभग कभी भी बैठने की पेशकश नहीं करते हैं और जब कभी उन्हें ऐसा करने का मौका मिलता है, तो वे हाईकोर्ट के जज के सामने बैठने में हिचकिचाते हैं।...राज्य में जिला कोर्ट और हाईकोर्ट के बीच का संबंध एक-दूसरे के प्रति पारस्परिक सम्मान पर आधारित नहीं है, बल्कि ऐसा है, जहां एक द्वारा दूसरे के अवचेतन में जानबूझकर भय और हीनता की भावना भर दी जाती है। हाईकोर्ट ने कहा, अवचेतन स्तर पर 'जाति व्यवस्था' की छाया राज्य के न्यायिक ढांचे में प्रकट होती है, जहां हाईकोर्ट के जज 'सवर्ण' हैं और जिला कोर्ट के शूद्र जैसे दयनीय हैं। यह जिला कोर्ट के जजों की घोर उदासीनता में परिलक्षित होता है। कोर्ट ने कहा है...इससे जिला कोर्ट पर निष्क्रिय दबाव बढ़ता है और वह मानसिक रूप से कमजोर हो जाती है, जिसका असर अंततः उनके न्यायिक कार्यों पर पड़ता है, जहां सबसे जरूरी मामलों में भी जमानत नहीं दी जाती। अभियोजन पक्ष को संदेह का लाभ देकर सबूतों के अभाव में दोषसिद्धि दर्ज कर ली जाती है और आरोप ऐसे तय किए जाते हैं मानो दोषमुक्त करने का अधिकार ही न हो। यह सब नौकरी बचाने के नाम पर किया जाता है, जिसका खामियाजा इस मामले में याचिकाकर्ता को भुगतना पड़ा, क्योंकि उन्होंने अलग तरह से सोचा और काम किया। अदालत ने न्यायिक अधिकारी की सेवाओं को समाप्त करने के आदेश को रद्द कर दिया और उस न्यायिक अधिकारी को पेंशन संबंधी लाभ बहाल कर दिए जो इस बीच सेवानिवृत्त हो चुके थे।

### याचिकाकर्ता विशेष न्यायाधीश को बड़ी राहत



कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए विवादित आदेश रद्द कर दिया। याचिकाकर्ता इस बीच सेवा से सेवानिवृत्त हो चुका है। हालांकि, उसके साथ हुए घोर अन्याय के कारण उसके पेंशन संबंधी लाभों को बहाल करने के अलावा यह भी निर्देश देता है कि उसे सेवा समाप्ति की तिथि से लेकर सेवानिवृत्ति की तिथि तक का बकाया वेतन 7 फीसदी ब्याज सहित दिया जाए। केवल न्यायिक आदेश पारित करने के कारण भ्रष्टाचार की प्रबल संभावना के बावजूद रिकॉर्ड पर एक कण भी सबूत न आने के कारण उसे समाज में जो अपमान सहना पड़ा, उसे देखते हुए यह कोर्ट याचिकाकर्ता को 5 लाख रुपए का मुआवजा आवश्यक समझता है, जिसे प्रतिवादियों के बीच साझा किया जाएगा।

# कंबोडिया की एयरस्ट्राइक 12 थाई लोगों की मौत

### दोनों देशों ने लगाया एक-दूसरे पर हमले का आरोप

**बैंकॉक, जेएनएन।** थाईलैंड, कंबोडिया के बीच गुरुवार सुबह सीमा पर गोलाबारी हुई है। कंबोडियाई सैनिकों की गोलीबारी में 12 थाई लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 14 घायल हैं। थाईलैंड ने कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने एक दूसरे पर पहले हमला करने का आरोप लगाया है। कंबोडिया के विदेश मंत्रालय ने कहा, थाई सैनिकों ने सुबह गोलीबारी की, जबकि थाई सेना ने कहा, कंबोडिया ने पहले ड्रोन से हमला किया और फिर तोप, लंबी दूरी के बीएम 21 रॉकेटों से हमला किया। हमले के चलते थाईलैंड ने बॉर्डर पर एफ-16 लड़ाकू विमान तैनात किया। 28 मई को बॉर्डर पर दोनों सेनाओं में भिड़ंत हुई थी, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। इसके बाद बीच विवाद जारी है।



### थाईलैंड ने 40 हजार नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया

हमले के बाद थाईलैंड ने सीमा से लगे 86 गांवों से 40 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेज दिया है। वहीं, कंबोडिया में रहने वाले थाई लोगों को भी देश लौटने की अपील की गई है। कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह स्थित रॉयल थाईलैंड दूतावास ने कहा, सीमा पर स्थिति बिगड़ती जा रही है और झड़पों के लंबे समय तक जारी रहने से दूतावास ने अपने नागरिकों से जितनी जल्दी हो सके कंबोडिया छोड़ने को कहा है।

# प्रथम
# ॥ पुण्यस्मरण ॥



**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।**
**न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।**

आत्मा को न शस्त्र काट सकते हैं, न आग उसे जला सकती है।
न पानी उसे भिगो सकता है, न हवा उसे सुखा सकती है।

**श्रीमद् भगवद् गीता - अध्याय 2 श्लोक 23**

## ब्रह्मलीन
# स्व. श्री प्रभात झा जी

जन्म : 04.06.1957 | प्रभुमिलन : 26.07.2024

श्रद्धावनत



**अजीत दरयानी**
ओम इंटरप्राइजेज



**संतोष बेलानी**
डी. के कंसल्टेंसी

## तुलसी जयंती मनाने बड़े पैमाने पर हो रही तैयारियां

**रीवा।** राम चरित मानस के रचयिता महाकवि तुलसीदास के 31 जुलाई के दिन जन्म दिवस के अवसर पर समूचे विन्ध्य में तुलसी जयंती मनाने के लिये बड़े पैमाने पर संस्थाओं, विद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा योजना बनाकर तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। शासकीय स्तर पर म.प्र. सरकार के द्वारा भी समस्त विद्यालयों में महाकवि तुलसीदास जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के साथ उनके द्वारा रचित ग्रंथों पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने की अनुशंसा की जानकारी प्राप्त हुई है। स्थानीय मानस भवन में मानस मंडल द्वारा 27 जुलाई से पांच दिवसीय विविध आयोजन कराने के निर्णय का हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक एवं मानस मंडल के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य नारायण द्विवेदी ने स्वागत किया है। निकाली जाने वाली तुलसी शोभा यात्रा 27 जुलाई को श्रद्धालु अनुयायियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है एवं समस्त कार्यक्रमों में उपस्थिति एवं प्रबुद्धजनों द्वारा जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत करने का आग्रह किया है।


शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433


## एडीएम ने दिए सरकारी रास्ते पर बने घर को गिराने के सख्त आदेश

**जागरण, रीवा।** जिले के गुढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरास में पिछले छह महीने से अधिक समय से सरकारी रास्ते पर अवैध अतिक्रमण बना हुआ है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में लोगों को अपने घर तक पहुंचने में खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इस मामले में पीड़ित ने रीवा एडीएम को शिकायत सौंपी थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एडीएम रीवा ने मौके का निरीक्षण कर तहसीलदार गुढ़ को अविलंब अतिक्रमण हटाने के निर्देशित किया है। उन्होंने आरआई और पटवारी को भी सख्त निर्देश दिए हैं कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो दोनों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि ग्राम पुरास में भूमि क्रमांक 98, रकबा 0.101 हेक्टेयर मध्यप्रदेश शासन की भूमि है, जिस पर सार्वजनिक रास्ता दर्ज है। गांव के ही राजरखन कुशवाहा पिता सजीवन कुशवाहा व अन्य ने इस सरकारी रास्ते पर मकान व बाउंड्री बनाकर कब्जा कर लिया है। इस संबंध में तहसीलदार गुढ़ के समक्ष प्रकरण दर्ज हुआ था, और 17 जनवरी 2025 व 14 जून 2025 को आदेश जारी कर राजस्व संहिता की धारा 248 के तहत अतिक्रमण हटाने व 500 रुपये के अर्थदंड के साथ घर गिराने के निर्देश दिए गए थे।

# रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव : रीवा में मिलेगा विंध्य के वैभव का नया आयाम

### कई फिल्मी हस्तियों के साथ लगभग 600 निवेशक, पर्यटन व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स, होटल इंडस्ट्री कारोबारी होंगे शामिल

**दो दिवसीय कॉन्क्लेव का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी रहेंगे मौजूद**

जागरण, रीवा

प्रदेश में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीवा में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल शनिवार 26 जुलाई को शुभारंभ करेंगे। कॉन्क्लेव में उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल और पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी उपस्थित रहेंगे। मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और विंध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए राज्य में पर्यटन निवेश को बढ़ाने के लिए रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। प्रसिद्ध अभिनेता श्री मुकेश तिवारी और पंचायत वेब सीरीज की अभिनेत्री सान्विका सिंह कॉन्क्लेव में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में 600 से अधिक डेलीगेट के आने की संभावना है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश में आतिथ्य क्षेत्र के निवेशकों को सम्मानित भी किया जाएगा। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा अक्टूबर माह में भोपाल में आयोजित होने वाले मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट की पूर्व तैयारियों के दृष्टिगत यह रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में ग्वालियर में अगस्त एवं इंदौर में सितंबर में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन होगा।



### यह होंगे महत्वपूर्ण अनुबंध

**डिजिटल पहल, एमओयू, आधारशिला कार्यक्रम एवं अनुबंध :** आईआरसीटीसी पोर्टल पर पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा बुकिंग पोर्टल का शुभारंभ होमस्टे ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल का लोकार्पण मेक माय ट्रिप के साथ एमओयू चित्रकूट घाट में स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस परियोजना की आधारशिला का वर्चुअल शिलान्यास होगा।

**शहडोल में एफसीआई (फैसिलिटेशन सेंटर फॉर टूरिस्ट्स) का उद्घाटन :** मंडला, डिंडोरी, सिंगरौली, सीधी और सिवनी में कला एवं शिल्प केंद्रों की स्थापना के लिये एजेंसियों के साथ और इंफ्लुएंसर मार्केटिंग एजेंसियों–मेसर्स बारकोड एक्सपीरिएंशल एवं मेसर्स क्यूयुकी डिजिटल के साथ अनुबंध होंगे।

### पर्यटन कॉन्क्लेव संबंधी बैठक आज

कलेक्ट्रेट सभागार में 25 जुलाई को सुबह 11 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल दो दिवसीय पर्यटन कॉन्क्लेव के आयोजन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा करेंगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### अतिथि यहां करेंगे भ्रमण

पर्यटन कान्क्लेव के द्वितीय दिवस में अतिथियों द्वारा पुरवा जल प्रपात, बसामन मामा गौ अभयारण्य तथा किला एवं बाघेला म्यूजियम के भ्रमण के लिए जायेंगे। जिला प्रशासन द्वारा अतिथियों के स्वागत सत्कार के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### इन पर होगा फोकस

**वन्यजीव, धरोहर और ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं पर होगा मंथन :** रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में पर्यटन क्षेत्र पर आधारित विभिन्न सत्र होंगे। मध्यप्रदेश में वन्यजीव, धरोहर और ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं, पर्यटन अनुभव और निवेश पर मंथन होगा। इसमें 'वन पथों से विरासत की कहानियों तक, रीवा का पर्यटन पुनर्जागरण, मध्यप्रदेश में समग्र पर्यटन अनुभव का निर्माण और मध्यप्रदेश में पर्यटन, फिल्म और आतिथ्य क्षेत्र में निवेश प्रोत्साहन के अवसर विषय पर सत्र होंगे।

**हितधारकों पर्यटन व्यवसाय में निवेश की संभावनाओं पर करेंगे चर्चा :** रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में ट्रैवल ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों और टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स के बीच द्विपक्षीय संवाद और पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी। यह सत्र क्षेत्रीय पर्यटन के विकास के लिए बल्कि राष्ट्रीय पर्यटन समृद्धि के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

**प्रदर्शनी में दिखेगा मध्यप्रदेश का सांस्कृतिक गौरव :** रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में विशेष पर्यटन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों, पर्यटन इकाइयों, हॉस्पिटैलिटी ब्रांड्स, होमस्टे, रिसॉर्ट्स, हैंडलूम/हैंडीक्राफ्ट, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति भी होगी।

**फैम टूर का आनंद लेंगे हित-धारक एवं निवेशक :** रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के समापन अवसर पर चयनित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिए फैमिलियराइज़ेशन टूर (स्न्नरु ञ्जशह्वह्म) का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य रीवा एवं आसपास के पर्यटन स्थलों की संभावनाओं से प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है।

## पर्यटन कॉन्क्लेव पर विशेष : अनंत जल रश्मियों की अनुपम छटा बिखेरते विन्ध्य के जलप्रपात

रीवा। गिरने को अच्छा नहीं माना जाता है, लेकिन वर्षा जल से नवयौवन को प्राप्त नदियों की अथाह जलराशि ऊंचे पर्वतखण्डों से नीचे गिरकर जलप्रपात बनाती है तो गिरना भी सार्थक हो जाता है। प्राचीन काल से पूरा विन्ध्य क्षेत्र घने वनों, दुर्गम पर्वतों, वन्य प्राणियों और ऋषि मुनियों से समृद्ध प्रदेश रहा है। विन्ध्य पर्वतमाला की कई छोटी-बड़ी नदियां वर्षाकाल में अपार जलराशि के साथ सुंदर जलप्रपातों का निर्माण करती हैं। रीवा और मऊगंज जिले में चार बड़े और आकर्षक जल प्रपात हैं। इन जलप्रपातों में जून से दिसम्बर माह तक पर्यटकों की भीड़ रहती है। वर्षाकाल में नदियों की अनंत जल रश्मियाँ जलप्रपातों में घोर गर्जना के साथ सौन्दर्य की अनुपम छटा बिखेरती हैं। जलप्रपातों के मामले में विन्ध्य देश का सबसे समृद्ध क्षेत्र है। लगभग 50 किलोमीटर के दायरे में यहाँ अलग-अलग नदियों पर चार बड़े जलप्रपात स्थित हैं। इनका समुचित विकास होने पर इन्हें पर्यटन के बड़े केन्द्रों के रूप में विकसित किया जा सकता है।

### दूर तक सुनाई देती है पुरवा जलप्रपात की गर्जना



यह जलप्रपात रीवा से केवल 35 किलोमीटर दूर स्थित है। यह जलप्रपात अपनी प्राकृति सुंदरता भौगोलिक महत्व और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। पुरवा जलप्रपात में टमस नदी 230 फिट ऊपर से गिरकर सुंदर प्रपात का निर्माण करती है। पुरवा जलप्रपात विन्ध्य के अन्य प्रपातों की तुलना में अधिक चौड़ा है। नदी में अच्छा पानी होने पर इसकी गर्जना दूर से सुनाई देती है। इसके चारों ओर सुरक्षा के लिए बाउन्ड्रीवॉल बना दी गई है। इसके पास पर्यटन विभाग तथा वन विभाग का गेस्टहाउस भी है। रीवा से आसानी से पुरवा प्रपात पहुंचा जा सकता है।

### प्रकृति का उपहार 'रूपहला धुंआ' चचाई जलप्रपात



चचाई जलप्रपात मध्यप्रदेश का छिपा हुआ रत्न है। यह रीवा शहर से 45 किलोमीटर दूर है। यहाँ बीहर नदी 430 फिट की ऊंचाई से गिरकर आकर्षक जलप्रपात का निर्माण करती है। यह क्षेत्र घने वनों और प्राकृतिक सौन्दर्य से भरा हुआ है। यहाँ पानी ऊंचाई से गिरकर संकरी घाटी में गिरकर शक्तिशाली धारा के रूप में दिखाई देता है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने चचाई प्रपात को देखकर इसे प्रकृति का अनुपम उपहार बताया था। सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विद्यानिवास मिश्र के रूपहला धुंआ निबंध में चचाई प्रपात के अनुपम सौंदर्य का सुंदर चित्रण किया गया है। टोंस जलविद्युत परियोजना के कारण अब चचाई जलप्रपात का सौंदर्य केवल वर्षाकाल में ही दृष्टिगोचर होता है। इसके कई फोटो बहुत प्रसिद्ध हुए हैं। चचाई प्रपात से जुड़ी कई ऐतिहासिक कहानियाँ और किवदंतियाँ क्षेत्र में प्रचलित हैं।

### मनोरम दृश्यावली को समटे क्योटी जलप्रपात



क्योटी जलप्रपात रीवा से लगभग 55 किलोमीटर दूर स्थित है। चचाई जलप्रपात से इसकी दूरी महज 15 किलोमीटर है। यह जलप्रपात सुंदर प्राकृतिक वातावरण और मनोरम दृश्यावली के लिए जाना जाता है। यहाँ का शांत वातावरण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। क्योटी में महाना नदी लगभग 325 फिट की ऊंचाई से गिरकर सुंदर प्रपात का निर्माण करती है। यहाँ पर पानी एक संकरी चट्टान से नीचे गिरता है जिसके कारण पानी की धारा बहुत तेज और शक्तिशाली दिखाई देती है। इसके समीप ऐतिहासिक क्योटी किला भी कई रहस्यों और किवदंतियों को समेटे हुए स्थित है।

### मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचा बहुती जलप्रपात



यह जलप्रपात रीवा से 75 किलोमीटर दूर मऊगंज जिले में स्थित है। यह विन्ध्य क्षेत्र ही नहीं पूरे मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचा जलप्रपात है। बहुती में सेलर नदी 650 फिट की ऊंचाई से दो धाराओं में विभक्त होकर गिरती है। नीचे सुंदर कुंड और चारों ओर घने वन हैं। बहुती में अनंत जलराशि लंबवत चट्टानों पर गिरती है। जुलाई से सितम्बर माह तक इस प्रपात का सौंदर्य अपने चरम पर होता है। प्रपात के आसपास सुरक्षा प्रबंधों की आवश्यकता है। कई स्थानों पर चट्टानें अचानक ढलान में उतरती हैं। इस प्रपात के समीप ही अष्टभुजा देवी का प्रसिद्ध मंदिर भी स्थित है। प्रयागराज और बनारस से सड़क मार्ग से सीधे जुड़ा होने के कारण उत्तरप्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहाँ पहुंचते हैं। इसके पास भैंसहाई में प्रागैतिहासिक काल के भित्तचित्र मिले हैं।

## विन्ध्य की पर्यटन संभावनाओं को अवसर में बदलेगा कॉन्क्लेव: उपमुख्यमंत्री



**जागरण, रीवा।** रीवा में 26 और 27 जुलाई को पर्यटन कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित बैठक में कॉन्क्लेव के तैयारियों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव में विन्ध्य के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा पर्यटन स्थलों की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। पर्यटन से जुड़े होटल उद्योग, वाहन उद्योग, सांस्कृतिक तथा सामाजिक संगठन, टूर ऑपरेटर्स, टूरिस्ट गाइड आदि भी इसमें शिरकत करेंगे। पर्यटन के विकास से विन्ध्य में रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। कॉन्क्लेव में दूसरे दिन पर्यटन के विकास से जुड़े विभिन्न आयामों पर विचार मंथन किया जाएगा। इसमें कॉलेज के पर्यटन विभाग के प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को भी शामिल करें। कॉन्क्लेव में 500 से अधिक डेलिगेट्स रीवा आ रहे हैं। हम ऐसी व्यवस्था करें कि इनके मन में स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक रीवा की छवि इनके साथ जाए। उप मुख्यमंत्री ने नगर की साज-सज्जा के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में सुरम्य प्राकृतिक स्थल, मनोहारी जलप्रपात, भव्य मंदिर और ऐतिहासिक इमारते हैं। विन्ध्य में कई टाईगर रिजर्व और अभ्यारण्य पर्यटन के बड़े केन्द्र हैं। यहाँ की प्रचुर वन संपदा, नदियाँ और अन्य प्राकृतिक स्थल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। यहाँ अधोसंरचना का समुचित विकास न होने से पर्यटन को गति नहीं मिली। लेकिन अब विन्ध्य में चारों ओर फोरलेन सड़कें, रेलवे और हवाई सेवा की उपलब्धता है। अच्छे होटलों का तेजी से विकास हो रहा है। विन्ध्य शीघ्र ही पर्यटन में तेजी से विकास करेगा। रीवा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 26 जुलाई को पर्यटन कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। यह दो दिवसीय पर्यटन कॉन्क्लेव विन्ध्य में पर्यटन को नया आयाम देगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य में मैहर में माँ शारदा माता का मंदिर, चित्रकूट धाम, देवतालाब और रीवा के शिव मंदिर लाखों लोगों की आस्था के केन्द्र हैं। कॉन्क्लेव में बाहर से आने वाले प्रतिनिधियों के साथ-साथ पर्यटन व्यवसाय से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। कॉन्क्लेव में संभाग के सभी जिलों का भी समुचित प्रतिनिधित्व रहेगा। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, कमिश्नर बीएस जामोद, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, वन मण्डलाधिकारी लोकेश निरापुरे, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, डॉ मुकेश येंगल तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मां गंगा की लहरों और मां नर्मदा के आंचल की छांव का स्पर्श क्षेत्र है रीवा

प्रसंगवश
देवेन्द्र सिंह

आगामी 26 व 27 जुलाई को मां गंगा की लहरों व मां नर्मदा के आंचल के स्पर्श क्षेत्र रीवा में रीजनल टूरिज्म कान्क्लेव का आयोजन होना है। यह कॉन्क्लेव विंध्य के वैभव को नया आयाम प्रदान करेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उत्तरप्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों तीर्थ राज प्रयाग, बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी व मां विंध्यवासिनी का धाम विंध्यधाम और भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट, मां शारदा धाम मैहर, मां नर्मदा का उद्गम स्थल अमरकंटक, मार्कंडेय ऋषि की तपो भूमि को एक सर्किल में जोड़ने वाली विंध्य प्रदेश की राजधानी रीवा को विश्व के पर्यटन नक्शे में स्थान देना है। प्रकृति की प्रचुर संपदाओं से परिपूर्ण रीवा को भले ही वह मुकाम आज तक न मिल सका हो लेकिन इस रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव से मिलने की पूरी उम्मीद है जिसका वह हकदार सदियों से रहा है। रीवा, धरती का ऐसा स्थान है जहां सृस्टिकर्ता ने केवल उसे ही दिया दुनियां में किसी और को नहीं। चाहे हम व्हाइट टाइगर की बात करें या फिर सुंदरजा आम की, चाहे आधा दर्जन जल प्रपातों (पुरवा, चचाई, टोंस, क्योंटी, देवलहा, बहुती) की सर्किल की बात करें या फिर सुपाड़ी के खिलौनों की। दुनियां में और कहीं नहीं मिलते। प्राकृतिक संरचनाओं को छोड़ दिया जाय तो जहां हैं भी उन्हें रीवा ने ही दिए हैं। एशिया का सबसे बड़ा बदवार सोलर ऊर्जा प्लांट आसमान से हिंद महासागर की झलक दिखाता है। कर्क रेखा पर स्थित विंध्य की मांटी ने कई विभूतियों को भी जन्म दिया है। संगीत के क्षेत्र में तानसेन, शहनाई विस्मिल्ला खां मैहर, खेल में गामा पहलवान, संस्कृत साहित्य में कवि बाणभट्ट हुए। दुनिया का इकलौता महा मृत्युंजय मंदिर रीवा में है। इतना ही नहीं एक ही पत्थर पर बनी 18 फीट की विशालकाय भगवान शिव की (भैरव बाबा गुढ़) प्रतिमा रीवा के अलावा कहीं सुनने को नहीं मिली। भगवान विश्वकर्मा द्वारा एक रात में बनाया गया शिव मंदिर भी यहीं देवतालाब में स्थित है। यहां की स्थापत्यकला 1500 साल पुरानी है। वेंकट भवन में रखी कल्चुरि कालीन गोरगी की प्रतिमाएं इसका प्रमाण हैं। रीवा ही है जहां केवल 200 लड़ाकों ने नयकहाई में पेशवा की 10 हजार सेना को पछाड़ दिया। शौर्य स्मारक व उसकी छतुरियां वीरता की गवाह हैं।

यह तो हमें विरासत में मिला है। अब तो बांधवगढ़ किला व अभ्यारण्य, संजय गांधी टाइगर रिजर्व सीधी, सोनघड़ियाल अभ्यारण्य बगदरा सिंगरौली, दो सौ वर्ग किमी में फैला बाणसागर बांध और उसके टापू में स्थित सरसी पिकनिक स्पॉट गोवा की समुद्री लहरों का एहसास कराता है।

रीवा के मुकुंदपुर में दुनिया का पहला व्हाइट टाइगर सफारी जहां प्रकृति में पाये जाने वाले अधिकांश थलचरों का न केवल दर्शन कराता है अपितु रीवा को पर्यटन के क्षेत्र में परिपूर्णता का पूरा आभास कराता है।

रीवा ही एक ऐसा स्थान है जहां से मां गंगा का धाम प्रयागराम राज, मां विंध्यवासिनी का धाम और बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी को जोड़ता है वहीं दक्षिण में मां नर्मदा व सोणभद्र के उद्गम अमरकंटक, प्रभु श्री राम व माता अनसुइया की तपोभूमि चित्रकूट, त्रिकूट पर बिराजी मां शारदा का धाम मैहर को जोड़ता है। यह इन प्रमुखधामों का रास्ता रीवा से होकर ही है। दुनिया का पहला स्थान रीवा है जहां कलयुग के देवता बजरंग बली की अदालत लगती है। जहां जिला अदालत, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट नाम से अलग-अलग मंदिर है जहां प्रतिदिन हजारों लोग अपनी अर्जी लगाने जाते हैं। इन सबके बावजूद अभी गूगल के टूरिस्ट सर्किल में रीवा के सभी स्थलों को नहीं दिखाया जा रहा है। केवल दो प्रपात पुरवा और क्योटी ही दिखता है। चचाई और बहुती नजर ही नहीं आते। इस कमी को दूर करना होगा।

दुःखद यह है कि इन तमाम आध्यात्मिक, प्राकृतिक विविधताओं, स्थापत्य व शिल्प कला में अनूठा होने के बावजूद पर्यटन के नक्शे में नहीं था। इसके पीछे कनेक्टिविटी की कमी मानी जा रही थी। लेकिन अब वह कमी नहीं है। रीवा में विशाल एयरपोर्ट बन चुका है। रेलवे स्टेशन है। फोर लेन सड़कें हैं। अब टूरिज्म विकास की अपार संभवनाएं हैं। बाणसागर की नहरों से कृषि उत्पादन बढ़ा है। आज हम कृषि आदानों के उपभोक्ता नहीं अपितु निर्यातक बन गए हैं। यह दो दिवसीय रीजनल कॉन्क्लेव विंध्य में टूरिज्म व व्यवसाय की नई सुबह लायेगा। व्यापार बढ़ेगा तो बेरोजगारी कम होगी। स्थानीय लोगों को उनके कौशल के आधार पर काम मिलेगा। जानकारी अनुसार कई फिल्मी हस्तियां, कई उद्योगपति सहित पर्यटन क्षेत्र में काम करने वाले लोग आ रहे हैं जो रीवा को विश्व पर्यटन की श्रेणी में खड़ा करने का काम करेंगे। आइए हम सब रीवा की अतिथि देवो भवः की संस्कृति से सभी का आदर कर इस आयोजन को सफलता का अमलीजामा पहनाने में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल जिन्होंने रीवा को एक नई पहचान देने के लिए सतत प्रयासरत है उनके सहयोगी बनें।

## कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा



**रीवा।** रीवा में 26 और 27 जुलाई को पर्यटन कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 26 जुलाई को शाम 4 बजे कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में की जा रही पर्यटन कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि कॉन्क्लेव में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण तथा विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। मुख्य हॉल में इनके बैठने की समुचित व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री तथा उप मुख्यमंत्री के आगमन मार्ग एवं मंच की साज-सज्जा के संबंध में निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार तैयारी करें। कलेक्टर ने पर्यटन कॉन्क्लेव के प्रचार-प्रसार, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, प्रदर्शनी की तैयारियाँ तथा अतिथियों के स्वागत के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा पर्यटन विभाग अधिकारियों एवं नोडल एजेंसी के प्रतिनिधियों ने कॉन्क्लेव के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी।


IES UNIVERSITY BHOPAL
IES COLLEGE OF TECHNOLOGY BHOPAL
101-125 nirf — IES INSTITUTE OF PHARMACY
201-300 nirf — IES COLLEGE OF TECHNOLOGY
(Autonomous Institute, Affiliated to RGPV, Bhopal)
Approved by AICTE, New Delhi & UG Courses Accredited by NBA
COURSES OFFERED
B.Tech (CSE) Specialization in
• AIML • Cyber Security • Data Science • AI & DS
B.Tech. (CSE, ME, CE, EC, EX), Polytechnic, M.Tech. D.Pharm, B.Pharm, M.Pharm & MBA
105+ COURSES OFFERED
• Management • Hotel Mgmt. • Nursing • Paramedical • Ayurveda • Law • Basic Sciences • Commerce • Agriculture Sciences • Journalism & Mass Comm. • Education • Computer App. • Arts • Physical Edu. • UG • PG • Ph.D. (All Major Disciplines)
IES Campus, Ratibad Main Road, Bhopal. Call : 8516064444, 9229251422/78/60


## कुल्हाड़ी व डंडा के हमले से 4 घायल

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरी में हुए विवाद में दूसरे पक्ष के लोगों ने एक परिवार के ऊपर प्राणघातक हमला किया। कुल्हाड़ी व डंडा के हमले से चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में घायल रावेंद्र सोंधिया ने जानकारी देते हुए बताया कि एक लड़की को लेकर परिवार के बीच मामूली विवाद हुआ था, जीसके बाद आरोपी रामचंद्र सोधिया धीरज और विकास ने मिलकर उनके ऊपर हमला कर दिया। रावेंद्र ने बताया कि मारपीट की घटना के दौरान उसके पिता ऊग्रसेन सोंधिया मां सुनीता सोधिया और भाई जितेंद्र सोधिया को चोटे आई हैं। घायल के मुताबिक आरोपियों ने बीती रात्रि तकरीबन 8.30 बजे अचानक चारों के ऊपर हमला कर दिया घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। जिसके बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में लगी हुई है।




मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
पता- नया बस स्टैण्ड के पास, श्रीचन्द्र हार्डवेयर के बगल से, शारदापुरम रोड, रीवा
आयुष्मान एवं मेडिक्लेम द्वारा निःशुल्क इलाज
फोन नं.: 07662-314775, मोबा.- 7771000668

# स्टीमेट नाले का, बनाई नाली वह भी अधूरी

## ग्राम सभा से सरपंच पति सहित रहीं नदारद, जिला पंचायत की टीम ने किया ऑडिट



**जागरण, रीवा।** 24 जुलाई को प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभा दिवस या ग्राम पंचायत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायतों में गुरुवार को जिला पंचायत सामाजिक अंकेक्षण की विशेष ग्राम सभा का आयोजन किए जाने के निर्देश थे। ग्राम पंचायत करहिया नंबर-1 में भी ग्राम सभा का आयोजन किया गया, साथ ही जिला पंचायत की वीएसए दीपिका मिश्रा, कोमल पटेल ने ऑडिट भी किया, जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच रेखा रावत पति सहित ग्राम सभा से नदारद रहीं। ग्राम पंचायत सचिव मोबाईल पर संपर्क करने के बाद भी उन्होंने मोबाइल उठाना उचित नहीं समझा। जिससे ग्राम पंचायत करहिया नंबर-1 में सरपंच के बिना ही ग्राम सभा आयोजित हुई। ग्राम सभा एजेण्डा ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम के नागरिक मनोज शुक्ला द्वारा की गई। ग्राम सभा में ग्राम के शिक्षक पवन कुमार पाण्डेय, ग्राम पंचायत सचिव शिवेन्द्र मिश्रा, ग्राम रोजगार सहायक नीतू कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

**आधी भी नहीं बनी नाली :** ऑडिट के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा सरपंच रेखा रावत व तात्कालिन सचिव रामयश साकेत द्वारा पंचायत में किए गए निर्माण कार्य में लगभग 15 लाख रुपए का गड़बड़ झाला किया गया है। ग्राम के शांतिधाम में नाला निर्माण का एस्टीमेट बनाया गया है, जबकि वहां नाली का निर्माण किया गया है। इतना ही नहीं, जो नाली बनाई गई है वह आधी भी नहीं बनी है।

### महज 80 मीटर रोड बनाकर बता दिया कार्य पूर्ण

ग्राम सभा में उपस्थित एड. शिवकांत शुक्ला, शशि कुमार मिश्रा, शिवेन्द्र तिवारी, प्रवीण त्रिपाठी, मनोज शुक्ला, अनीश चतुर्वेदी, शिव कुमार सिंह तिवारी ने बताया कि सूखा महुआ पेड़ से लगाकर छोटी नहर तक करीब 300 से 500 मीटर सड़क का निर्माण किया जाना था, किन्तु ग्राम पंचायत द्वारा महज 80 मीटर ही सड़क का निर्माण करीब चार माह पूर्व किया गया था, जो बनने के एक माह बाद ही उखड़ चुकी है। इस कार्य के लिए कुल 3 लाख 80 हजार रुपए स्वीकृत हुए थे, जिसमें से कितनी राशि व्यय हुई इसकी जानकारी पोर्टल में दर्ज नहीं की गई। इसी कार्य में मजदूरों की स्वीकृत राशि 68000 थी जिसमें से 65413 रुपए राशि व्यय हो चुकी है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई निविदा सूचना संख्या :** झॉसी- इन्जी0-ई-2025-135

**कार्य का नाम :** झॉसी-खैरार सेक्शन-प्रोपोजल फॉर कवर ओवर ऑफ़ एप्रोच, सम्प वेल, रिपेयर टू रोड सरफेस, हम्प ईटीसी एट एलएचएस नंबर 415 अंडर एडीईएन/महोबा जूरिडिक्शन।

**अनुमानित लागत रू. :** 19330240.88 | **अमानत राशि :** 246700.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 20.08.2025 at 15:00 hrs

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 6 माह

● निविदा दिनांक 20/08/2025 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1293/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, म.प्र.**

ईमेल : maharshipatanjali2014@gmail.com
वेबसाइट : www.mpssbhopal.org

क्र./म.प.सं.सं./विज्ञापन/2025/1090 भोपाल, दिनांक : 24.07.2025

**वर्ष 2025-26 की अधोसंरचना विकास हेतु वित्तीय सहायता के लिए आवेदन आमंत्रण नोटिस**

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा संस्कृत के प्रचार प्रसार के उद्देश्य की पूर्ति की हेतु संस्थान सम्बद्धता प्राप्त 2025-26 हेतु (शासकीय एवं अशासकीय प्राच्य परंपरागत संस्कृत विद्यालयों को अद्योसंरचना विकास हेतु प्रति विद्यालय न्यूनतम रु. 5 लाख अधिकतम 10 लाख रु. तक) कार्यों के लिए वित्तीय सहायता अनुदान हेतु वर्ष 2025-26 के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। विहित प्रपत्र संस्थान की www.mpssbhopal.org पर डाउन लोड किया जा सकता है। वे ही संस्थान आवेदन करें जिन्हें वर्ष 2025-26 के लिए महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से उत्तरमाध्यमा स्तर (12वीं) तक सम्बद्धता प्राप्त है।

संस्थान की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोडकर अपेक्षित एवं निर्धारित मापदण्डों के अभिलेखों के साथ दिनांक 05 अगस्त 2025 तक संस्थान के पते महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान तुलसीनगर सेकेंड स्टाप भोपाल म.प्र. पिन कोड - 462003 पर भेजना सुनिश्चित करें। **दिनांक 05 अगस्त 2025** के पश्चात् आवेदन मान्य नहीं होंगे।

हाल के दिनों में हिमालयी राज्यों में अतिवृष्टि और बादल फटने की घटनाओं में जिस तेजी से पुनरावृत्ति हुई है, उसे मौसम के चरम के रूप में देखे जाने की जरूरत है। हालांकि, तात्कालिक जरूरत आपदा प्रभावित जिलों में राहत, बचाव व पुनर्वास के प्रयासों में तेजी लाने की है, लेकिन सबसे बड़ी जरूरत मौसम के चरम के बीच अचानक आती बाढ़ और बार-बार बादल फटने के कारणों को भी समझने की है। निस्संदेह, इन कारणों की पड़ताल के लिए विषय विशेषज्ञों की सहायता लेना भी जरूरी है। बाढ़ के कारण और नुकसान से बचने के उपायों को तत्काल लागू करने की आवश्यकता है। इन उपायों में नदियों में अवैज्ञानिक तरीके से मलबा फेंकने की जांच, नियमित मौसम अपडेट देना और नदी-नालों से कम से कम सौ मीटर की दूरी पर घरों का निर्माण करना शामिल है। लेकिन इसके प्रभावी लक्ष्य तभी हासिल किए जा सकते हैं जब इस बाबत किसी ठोस योजना को अमलीजामा पहनाया जाए और साथ ही नीतियों के क्रियान्वयन की समय सीमा निश्चित की जाए। निश्चित रूप से मौजूदा संकट को देखते हुए युद्धस्तर पर काम करने की जरूरत है। वह समय चला गया जब सरसरे आदेश दिये जाते और सिफारिशें की जाती थीं। कानूनों और नियमों की अनदेखी के खिलाफ सभी एजेंसियों को तालमेल बैठाकर इस दिशा में अभियान चलाने की जरूरत है। वनों की अवैध कटाई, अनियोजित निर्माण और अवैज्ञानिक विकास प्रथाओं पर लगाम लगाना बेहद जरूरी है। इसके लिये सरकारी मशीनरी को मिशन मोड में काम करने की जरूरत होगी। जिसके लिये मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति की जरूरत है। भले ही राज्य की सत्ता में दो दलों का वर्चस्व हो और उनकी विचारधाराओं में टकराव रहा हो, लेकिन इस मुद्दे पर एकजुट होकर संकट का मुकाबला करने की जरूरत है। निश्चय ही हाल के वर्षों में पहाड़ विरोधी विकास ने हिमालयी राज्यों की अस्मिता को आहत किया है। हिमालयी राज्यों में लोग पहाड़ों के मूल चरित्र में हस्तक्षेप करने वाले विकास की विसंगतियों की कीमत चुके रहे हैं। अब चाहे बड़े बांध हों या फोर लेन सड़के हों। भूस्खलन की लगातार बढ़ती घटनाएं और दरकती सड़कें इसकी बानगी मात्र हैं। कुल मिलाकर पहाड़ों के अस्तित्व पर संकट बढ़ा है। निस्संदेह, मौजूदा रणनीति और नीतियां इस संकट से निबटने में सक्षम नहीं हैं। सत्ता में बैठे लोगों के लिये जरूरी है कि वे मौसम विशेषज्ञों, पर्यावरणविदों और क्षेत्र के अनुभवी लोगों से राय लें। साथ ही तकनीकी समाधानों को वरीयता दी जाए। समय आ गया है कि हम एक बार फिर से पहाड़ों के अनुरूप जीवन शैली को अपनाएं। पहाड़ हमारी आवश्यकता तो पूरी कर सकते हैं, लेकिन वे इंसान की विलासिता का बोझ सहन करने को तैयार नहीं हैं। नदियों में होने वाले अवैध खनन को रोकना भी उतना जरूरी है, जितना जंगलों का कटान रोकना जरूरी है। पहाड़ों को हरीतिमा से ढकना होगा जो भूस्खलन व मिट्टी के कटाव को रोकने में सक्षम हो। साथ ही नदियों के स्वाभाविक प्रवाह को बाधित करने वाले कारकों को दूर करने की भी जरूरत है। दरअसल, नदियां अधिक जल प्रवाह होने पर हमेशा अपने विस्तार क्षेत्र को ही तलाशती हैं।

प्रसंगवश

# न्याय व्यवस्था से डगमगा रहा जनता का यकीन

> मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के आरोपियों के बरी होने पर सवाल उठते हैं, क्योंकि हाईकोर्ट में सबूतों की धज्जियां उड़ीं और जांच में लापरवाही बरती गई। जब इतने अहम मामले में इतनी लचर जांच हुई, तो फिर दूसरे तमाम केस में क्या होता होगा?

'जब दांव पर इंसानी जिंदगी लगी हो और उसकी कीमत खून हो, तो मामले को पूरी ईमानदारी से देखा जाना चाहिए।' सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक आरोपी की मौत की सजा को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की थी। दुर्भाग्य से मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम ब्लास्ट की जांच में यह भावना कहीं नहीं नजर नहीं आई। इस मामले में सभी आरोपियों का बरी हो जाना सवाल के साथ चिंता भी पैदा करता है। 11 जुलाई 2006 को सिलसिलेवार ढंग से हुए बम धमाकों में 187 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 824 घायल हुए थे। बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले से 19 साल बाद सवाल वहीं घूमकर आ जाता है कि आखिर इतने बड़े नुकसान का दोषी कौन है?

हाईकोर्ट में जिस तरह से एक-एक करके सारे सबूतों की धज्जियां उड़ीं, उससे पूरे सिस्टम को लेकर संदेह उठता है। जब इतने अहम मामले में इतनी लचर जांच हुई, तो फिर दूसरे तमाम केस में क्या होता होगा? गवाहों के बयान दर्ज करने से लेकर सबूत जुटाने तक, हर जगह लापरवाही बरती गई। यह भी शर्मनाक है कि आरोपियों को टॉर्चर किया गया। 12 लोग इतने बरसों तक आतंकी होने का दाग लिए जिल्लत की जिंदगी जीते रहे। जेल में वो लोग थे, लेकिन उनके साथ सजा पूरे परिवार ने भुगती। यह केस निचली अदालतों के कामकाज के तरीकों पर भी बड़ा सवालिया निशान है। सबूतों को लेकर इतने संदेह थे, लेकिन निचली अदालत ने उन पर गौर नहीं किया। और यह पहला मामला नहीं, जहां जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज हो गया हो। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते तीन लोगों की मौत की सजा रद्द करते हुए उन्हें हत्या के आरोपों से बरी कर दिया था। पिछले ही हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने भी 2011 में हुई दोहरी हत्या और रेप के आरोपी को छोड़ने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच में गंभीर कमियां गिनाई थीं। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि झूठे मुकदमों की वजह से जिन्हें लंबा समय जेल में बिताना पड़ा है, उन्हें मुआवजा देने के लिए कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। महाराष्ट्र सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। देश उम्मीद करता है कि इस बार तथ्यों को सही ढंग से रखा जाएगा। यह केवल एक केस नहीं, न्याय व्यवस्था पर आम लोगों के यकीन का मामला है।



# पाना है तो छोड़ना सीखो...



**अपने मन की बातें, हम कैसे बतलाएं**
**हाथ नहीं आती, शब्दों की मुद्राएँ**
**बहुत कुछ होता है मन में,**
**पर होंठ नहीं कह पाते,**
**रचना का दर्द सहे बिना,**
**हम भला कहाँ कुछ रच पाते?**
**बिखरा देती हैं विचारों को**
**अभिलाषाओं की मंद हवायें,**
**हर अनुभूत सत्य के पीछे,**
**मन संकल्पों से जुड़ता**

दुनिया दौलत की दीवानी है... माया के पीछे... धन... सम्पदा... सुखों की चाहत के पीछे ही तो दौड़ रहा है यह संसार... क्या सत्य को चाहने वाले... और क्या सत्य का तत्व दर्शन करवाने वाले साधु... महात्मा... कथाकार... भागवत वाचक... संसार की माया- मोह से जकड़े हुए लोग हैं...

कोई बिरला... अनोखा... अद्भुत... अनूठा आदमी धोखे से कहीं मिल जाये तो मिल जाये इस जग में... जो दौलत वालों के इस संसार में... संसार के विपरीत उलटी दिशा में भागता-दौड़ता हो... जो धन-सम्पदा को पग की ठोकर से ठुकरा कर जीते जी चिता की भस्म लपेटता हो...

मरने के बाद तो सभी चिता में जल जायेंगे... जीते जी जो सुखों की... कामनाओं की चिता जलाता हो... ऐसा तो कोई अब ढूंढ़ने से भी नहीं मिलता...

जिस परमात्मा को हम खोज रहे हैं... वह परमात्मा तो कथाओं के... धार्मिक आडम्बरों के प्रतिबिम्ब में कहीं खो गया है... हालत तो ऐसी हो गई है हमारी कि जैसे कोई शीशे के




सामने खड़े होकर... दर्पण में अपनी ही शक्ल को अपने हाथों से पकड़ने की बार-बार कोशिश करे... और बार-बार खाली हाथों को देखे... खिसियाए और कोसे अपने को भी और ऊपर वाले परमेश्वर को भी कि उसके हाथ कुछ भी नहीं आता है... हमारी भटकन ही यही है कि हम संसार में रहकर उस परम सत्य रूपी परमात्मा को नहीं अपितु उसकी प्रतिबिम्ब रूपी छाया को खोज और पकड़ रहे हैं...

सत्य की परछाई को पकड़ना है... कि ईश्वर की छाया...और तुम्हें अपनाना है तो... प्रतिबिम्बों की विपरीत दिशा में जाओ... धन... सम्पत्ति... नारी... संतान... सुख और भोग... यह सब माया के प्रतिबिम्ब हैं... संसार इन्हीं में दिखता है... इन्हीं में समाया है...

अगर भगवान की झलक देखनी है तो संसार के इस मानकी से... इन प्रतिबिम्बों से तुम्हें दूर... बहुत ही दूर जाना होगा... धन के संग्रह से सत्य रूपी परमात्मा की झलक उतनी नहीं मिलती... जितनी धन के त्याग से मिलती है... किसी महान पद पर आरूढ़ होकर परमेश्वर की झलक उतनी नहीं मिलती जितनी की उस पद को त्याग कर मिलती है...

महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध ने इसीलिये तो सिंहासन छोड़ा होगा... सुन्दर ब्याहता स्त्री छोड़ी होगी... भविष्य में अपनी ही चिता को अग्नि देने वाला अपना पुत्र छोड़ा होगा... क्योंकि उन्होंने संसार से विपरीत दिशा में जाकर खोजा था उस परम सत्य को... जो किसी के हाथों में चाँदी-सोने के सिक्के रखकर उसे इस संसार में जन्म नहीं देता... जो किसी को रेशमी या ऊनी या कि सूत से बने वस्त्र पहनाकर भी पैदा नहीं करता और जो सत्य रूपी परमात्मा जब किसी को इस संसार से जन्म देने के बाद वापस मौत के पाए में बांधकर ले जाता है.... तब वह परम सत्यरूपेण ईश्वर उस मरने वाले की रूह को... उसकी आत्मा को उधाड़ कर... संसार के सब आवरणों को हटाकर... सब प्रतिबिम्बों को दूर फेंककर बिल्कुल नंगा करके ले जाता है... ठीक वैसा ही नंगा करके... जैसा उसने जन्म के समय तुम्हें और हमें इस संसार में नंगा करके भेजा था...

जब वह परम सत्य जन्म देता है तब न कुछ हमारे पास छुपाने को होता है और न हम उससे कुछ भी छुपा सकते हैं जब वह मौत देने के बाद हमारी आत्मा को नंगा करके वापस अपने पास बुला लेता है...

कभी ज़रा तो सोचो कैसे होंगे वह लोग कि जिस सिंहासन के पीछे दुनिया दीवानी होकर दौड़ती है... उस सिंहासन को पैर की ठोकर मार वह दीवाने होकर परम सत्यरूपी परमात्मा की ओर दौड़े होंगे...

**जैसे चट्टानों की छाँहों में गलबहियाँ डाले**
**मग्न प्रेमालाप करते जोड़े,**
**सत्य खोजें झूठी अफवाहों में,**
**जैसे कुछ खोखले रिक्त शब्दों का**
**बार-बार फिर से दोहराया जाना**
**नकली विश्वासों के हाथों**
**बार-बार धोखा खाना**
**तन के भोगी तहखाने में कैदी**
**श्रापग्रस्त तड़पती प्यासी रूहें**
**किसी करुणा के बादल का होता**
**इन पर कभी दृष्टिपात नहीं**
**हम सब बहुत दुःखी हैं लेकिन**
**दुख का कारण ज्ञात नहीं**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# साइबर अपराधियों को उम्रकैद या मृत्यु दंड देने की आवश्यकता

अपराध और दंड

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

किसी भी व्यक्ति के जीवन भर की पूंजी को एक धोखे से छीन लेना वास्तव में यह उसके जीवन के साथ सिर्फ एक छलावा नहीं, उसे जीते जी मार देना है। ऐसे में अपराधियों को कुछ सालों का कारावास या अर्थदण्ड नहीं बल्कि उसे जब तक वह जीवित रहे, सलाखों के पीछे जीवन बिताए, यह सजा दी जानी चाहिए। यह सख्ती इसलिए भी जरूरी है ताकि फिर वह कभी किसी दूसरे के साथ धोखा न कर सके। वस्तुतः भारत में साइबर फ्रॉड के आंकड़े आज आम जन को बहुत डरा रहे हैं, इसलिए ही यह बात यहां कही जा रही है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से यह ध्यान में आया है कि देशभर में 2023 के दौरान साइबर अपराध के जरिए 7,465 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 206 प्रतिशत की उछाल के साथ 22,845 करोड़ तक पहुंच गया था।

नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएफसीएफआरएमएस) पर 2024 में कुल 36.40 लाख वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज की गई हैं। कहना होगा कि यह आंकड़ा 2023 में दर्ज 24.4 लाख मामलों से कहीं अधिक है और यह तब है जब भारत में साइबर अपराधों से निपटने के लिए सख्त कानून मौजूद हैं। ये कानून मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत लागू होते हैं। जिसमें कि धाराएं 419, 420, 468, 469 आदि भी साइबर अपराधों में लागू की गई हैं।

गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने लोकसभा में जानकारी में बताया है कि 2024 में 22.7 लाख साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि 2023 में यह संख्या 15.9 लाख थी। यानी एक साल में साइबर क्राइम में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। स्वभाविक तौर पर यह देशभर में आमजन के लिए चिंता का विषय है। हालांकि सरकार ने इस चुनौती से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं।



> देशभर में 2023 के दौरान साइबर अपराध के जरिए 7,465 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 206 प्रतिशत की उछाल के साथ 22,845 करोड़ तक पहुंच गया था। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएफसीएफआरएमएस) पर 2024 में कुल 36.40 लाख वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज की गई हैं।

सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम की मदद से अब तक 17.8 लाख शिकायतों के आधार पर लगभग 5,489 करोड़ रुपए की रकम को धोखाधड़ी से बचाया जा चुका है। दूसरी ओर पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार ने 9.42 लाख से अधिक सिमकार्ड और 2,63,348 मोबाइल आईएमईआई को ब्लॉक किया है और अब तक 10,599 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार भी किया है, किंतु इसके बाद भी ये साइबर अपराध हैं कि कम होने का नाम नहीं ले रहे। गहन विचार करेंगे तो ध्यान में आएगा कि आखिर ऐसा क्यों है वस्तुत : इसके पीछे जो सबसे बड़ा कारण दिखाई देता है, वह अपराधियों को प्रायः सख्त और आजीवन मिलने वाली सजा की कमी का होना है। साइबर अपराधों के लिए देश में संभवतः पहली बार इसी साल और इसी माह जुलाई में एक निचली अदालत का निर्णय देखने को मिला है, जिसमें कि नौ साइबर अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इन्होंने डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी देकर कई करोड़ रुपये की उगाही की थी। अदालत ने इस अपराध को आर्थिक आतंकवाद से कम नहीं माना। महाराष्ट्र, हरियाणा और गुजरात से गिरफ्तार किए गए इन नौ दोषियों में एक महिला भी है, जिन्होंने पूरे भारत में 108 लोगों को धोखा देकर 100 करोड़ रुपये जमा किए। कल्याणी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुबर्टी सरकार, ने उन्हें बीएनएस 338 के तहत आजीवन कारावास और बीएनएस तथा आईटी अधिनियमों के तहत 10 अन्य दंडनीय अपराधों में सजा सुनाई है। इसके अलावा देखें तो आतंकवाद के प्रकरणों में अनीस शकील अंसारी जोकि एक कंप्यूटर इंजीनियर है को मुंबई न्यायालय द्वारा अक्टूबर 2022 में आईटी एक्ट धारा66 एफ (साइबर आतंकवाद) और तत्कालीन आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था। यह एक अमेरिकी स्कूल पर हमले की साजिश जिसे आईएसआईएस ने रची थी में सक्रिय पाया गया। देश की सुरक्षा से जुड़े एक अन्य प्रकरण में नागपुर जिला अदालत ने 3 जून 2024 को पूर्व ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। पिछले दो वर्ष वर्ष 2023 एवं 2024 का तुलनात्मक आंकड़ा हमारे सामने हैं ही। जिसमें साफ दिखता है कि 36.40 लाख वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें पिछले साल आईं किंतु सजा यदि देखें तो आजीवन कारावास 2024 में सिर्फ एक को ही हो सका। वहीं, इस साल भी सिर्फ एक मामले में साइबर फ्रॉड के लिए आजीवन कारावास की सज़ा दी जा सकी है। कुल मिलाकर देखें तो आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराध करने के बाद प्रायः अपराधी लम्बे समय तक जेलों में नहीं रहते, वे अक्सर आर्थिक दंड देने के साथ कम समय की सजा पाकर छूट जाते हैं। कई बार साक्ष्यों के आधार पर और कई बार नाबालिग होने की स्थिति में यह छोड़ दिए जाते हैं जिसमें कि अक्सर बाहर आकर ज्यादातर अपराधी फिर से साइबर धोखाधड़ी करते हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि एक तरफ देश का हर व्यक्ति साइबर विशेषज्ञों और सरकार द्वारा सुझाए गए सुरक्षा उपायों को व्यवहार में अपनाए तो दूसरी ओर यह भी आवश्यक है कि कानूनों को भी अत्यधिक सख्त बनाया जाए। किसी की भी जीवन भर की कमाई उड़ा देने वालों को इतनी आसानी से नहीं छोड़ा जा सकता, जैसा कि ये अभी ज्यादातर बचकर बाहर आ जा रहे हैं। कहना होगा कि लोकसभा में इससे जुड़े आंकड़े प्रस्तुत करने भर से इस समस्या की चिंताओं से निजात नहीं पाई जा सकती है, इसके लिए व्यवहार में कठोर कदम उठाए जाने की वर्तमान में अत्यधिक आवश्यकता है। जिस पर केंद्र सरकार को गहराई से गौर करना चाहिए।

## ॥गीता॥



**श्लोक**

**अहिंसा समता तुष्टिस्तपो दानं यशोऽयशः।**
**भवन्ति भावा भूतानां मत्त एव पृथग्विधा॥**

**भावार्थ**

अहिंसा, समता, संतोष तप, दान, कीर्ति और अपकीर्ति- ऐसे ये प्राणियों के नाना प्रकार के भाव मुझसे ही होते हैं।

जीवन दर्शन

# अकेलापन समस्या नहीं, खुद को जानने का मौका

इंसान भी कितना अजीब है, भीड़ में रहकर घुटता है और अकेले में डरता है। लेकिन क्या वाकई अकेलापन कोई समस्या है या हमने इसे समस्या बना लिया है?

आज के डिजिटल दौर में हमारे पास हजारों कनेक्शन हैं। सोशल मीडिया पर फ्रेंड्स की लंबी लिस्ट, सैकड़ों लाइक्स और कमेंट्स... लेकिन भीतर से अक्सर लोग यही कहते हैं, मैं अकेला हूं। यह कैसा विरोधाभास है? शायद इसलिए, क्योंकि ये सारे जुड़ाव बाहरी हैं। हम हर दिन दूसरों से बातें तो करते हैं, लेकिन खुद से संवाद करना भूल चुके हैं। खुद मिलना नहीं जानते। असली मिलना तब होता है, जब अकेले बैठकर अपने भीतर की आवाज सुनी जाए। बुद्ध ने यही किया था। अकेले बैठे थे बोधि वृक्ष के नीचे। महावीर ने क्या किया था? 12 साल मौन रहे, अकेले। यीशु गए थे रेगिस्तान में 40 दिन, अकेले। ये समझ गए थे कि असली खजाना अकेलेपन में छिपा है।

अकेलापन असहज तब लगता है, जब हम खुद से कटे होते हैं - जब हम केवल दूसरों से मान्यता, सराहना और भावनात्मक सहारा पाने की उम्मीद करते हैं। जैसे ही यह सहारा डगमगाता है, हम टूट जाते हैं। इसीलिए अकेले रहना हमें डराने लगता है। लेकिन अगर थोड़ा रुकें और खुद से मिलने की हिम्मत करें, तो यही अकेलापन आत्म-समझ और मानसिक स्पष्टता का प्रवेशद्वार बन सकता है।

एकांत और अकेलेपन में बुनियादी फर्क है। अकेलापन वह स्थिति है, जब हम दूसरों की गैरमौजूदगी में अधूरा महसूस करते हैं। वहीं, एकांत वह अनुभव है, जब हम दूसरों के बिना भी खुद में संतुलन और पूर्णता महसूस करते हैं। एकांत में कोई कमी नहीं, बल्कि एक प्रकार की आत्म-पूर्ति होती है।

समस्या तब होती है, जब हम अपनी खुशी, शांति और प्रेम का स्रोत बाहर ढूंढ़ते हैं - किसी रिश्ते, किसी भूमिका, किसी उपलब्धि में। लेकिन बाहर की ये चीजें स्थायी नहीं। जब वे छिनती हैं, तो खालीपन भीतर पसरने लगता है। इस खालीपन से डरकर हम और जुड़ाव खोजने लगते हैं, फिर चाहे वह स्थायी हो और या अस्थायी।

हम यह भूल जाते हैं कि असली शक्ति तब आती है, जब हम अपने साथ सहज होते हैं, खुद को समझने लगते हैं। कुछ नहीं करते, बस होते हैं, उसी रूप में जैसे हैं। प्रकृति की ओर देखिए - एक वृक्ष अकेला खड़ा होता है, फिर भी अपनी गरिमा और जीवंतता नहीं छोड़ता। पहाड़ अकेले हैं, लेकिन अपने मौन में पूर्ण। हमें उनसे सीखना होगा कि पूर्णता भीतर से आती है, बाहर से नहीं। शायद यही वह मोड़ है, जहां अकेलापन बोझ नहीं, बल्कि अवसर बन सकता है - अपने भीतर उतरने का, खुद को स्वीकार करने का और एक नई दृष्टि से जीवन को समझने का। अकेलापन तब तक डरावना है, जब तक हम इससे बचते हैं। लेकिन जैसे ही हम इसे अपनाते हैं, यह एकांत में बदल जाता है। और, एकांत कोई अभिशाप नहीं, वरदान है!

**देवेन्द्रराज सुथार**

# वीडी के क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलेंगे खंडेलवाल, गुटबाजी दूर करने की चुनौती

## सागर में पार्टी के दिग्गज नेताओं के बीच छिड़ी हुई है लड़ाई, जिससे शीर्ष नेतृत्व भी परेशान

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के लिए बुंदेलखण्ड में आने वाले सागर संभाग में संगठन की गुटबाजी दूर करने की चुनौती है। इस क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा पूर्व अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा की संसदीय सीट में आता है। कहा जा रहा है कि खंडेलवाल इस पूरे संभागीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि कमलनाथ सरकार के गिरने के बाद कांग्रेसियों के भाजपाई बनने के उपरांत प्रदेश भाजपा को सबसे ज्यादा अगर किसी क्षेत्र ने परेशान किया है, तो वह बुंदेलखंड है। विशेषकर सागर में जिस तरह से वरिष्ठ नेताओं के मध्य वर्चस्व की लड़ाई छिड़ी हुई है,उसने पार्टी की जमकर किरकिरी कराई है। इतना ही नहीं इससे जहां सरकार पर भी उंगली उठी है, तो पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व को भी इस मामले को लेकर असहज स्थिति में होना पड़ा। जानकारों का कहना है कि सागर की लड़ाई पार्टी के दिग्गज नेताओं की बीच छिड़ी हुई है, जिन्हें केन्द्रीय नेताओं का साथ मिल रहा है। सिंधिया समर्थक गोविन्द सिंह राजपूत और पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की प्रतिद्वंद्विता उपजे विवाद को तत्कालीन प्रदेश नेतृत्व भी उस तरह से खत्म नहीं करा पाया, जिस तरह से उनके द्वारा दूसरे क्षेत्रों के विवादों का पटाक्षेप किया गया था। जानकार इसकी वजह दिल्ली के दिग्गज नेताओं का हस्तक्षेप मान रहे थे। नए प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पहले दिन से ही साफ कर दिया है कि जो पार्टी लाइन से हटेगा,उसे किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। यही वजह है कि नए अध्यक्ष ने संभाग वार दौरे कर यह बात कार्यकर्ताओं को समझा दी है और एक तरह से अपनी ताकत का उन्हें एहसास भी करा दिया है,कि अब किसी भी तरह की गुटबाजी को प्रदेश नेतृत्व द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,फिर चाहे नेता किसी भी स्तर का और किसी भी बड़े नेता का समर्थक क्यों न हो।






### हर दौरे के बाद नेतृत्व को रिपोर्ट

पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल अपने प्रदेश के हर दौरे के बाद कार्यकर्ताओं और नेताओं से जुड़ी रिपोर्ट केन्द्रीय नेतृत्व को भेज रहे हैं। इतना ही नहीं उनके द्वारा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश से भी इस संबंध में चर्चा की जा रही है। कहा जा रहा है कि खंडेलवाल अपने इन दौरे के दौरान जहां अपनी भावी टीम के लिए स्वयं चेहरे तलाश कर रहे है,तो वहीं उनकी जिला संगठन की नई टीम की संभावनाओं पर भी नजर है।

### हर संभाग में बन सकते हैं संगठन महामंत्री

पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो प्रदेश भाजपा की नई टीम के गठन के साथ ही एक बार फिर से संभागीय संगठन महामंत्री बनाने का निर्णय ले सकती है । इसके लिए संघ की विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं को नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। गौरतलब है कि पहले भी प्रत्येक संभाग में भाजपा ने एक संभागीय संगठन मंत्री बनाए थे। लेकिन बाद में इस सिस्टम को खत्म कर दिया गया था और प्रदेश में केवल एक भी संगठन महामंत्री बनाया गया।

### बीना को जिला बनाने की उम्मीद

पिछले कुछ दिनों से विवाद में चल रही बीना विधायक निर्मला सप्रे को एक बार फिर से बीना को नया जिला बनाए जाने की उम्मीद हो गई है। पूर्व विधायक महेश राय से अपने विवाद पर सफाई देने पिछले दिनों भोपाल आई निर्मला ने सीएम से एक बार से बीना को जिला बनाने को लेकर जल्द फैसला लेने का आग्रह किया है। बताया गया है कि सीएम ने उन्हें जल्द ही इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि बीना को जिला बनाए जाने के रास्ते में खुरई के भाजपा कार्यकर्ता अपने विधायक भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रोडा बने हुए है। उनके द्वारा खुरई को नया जिला बनाए जाने की मांग की जा रही है,जबकि निर्मला सप्रे ने लोकसभा चुनाव में भाजपा का साथ इसलिए दिया था कि बीना को सागर से अलग कर नया जिला बनाया जाएगा।

# लो प्रेशर एरिया कल से कराएगा मूसलाधार वर्षा

## तीन सिस्टम सक्रिय, 23 जिलों में बाढ़ का अलर्ट

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र में एक बार फिर मूसलाधार बारिश का दौर शुरू होने वाला है। बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम से मप्र में जल्द तेज बारिश शुरू होगी। इसका असर पहले ही दिखने लगा है। बीते 24 घंटे में मप्र के कई जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई है। इसमें सबसे अधिक बारिश राजगढ़ जिले के मकसूदनगढ़ में हुई, यहां बारिश का आंकड़ा 158 मिली मीटर यानि लगभग 6 इंच रहा। नरसिंहगढ़ 135.2, इटारसी 120.8, चंदेरी 113., सिलवानी 106.0, मालथौन 106.0, गोहपारू 99., जीरापुर 98.0, बरेली 90.4, कोतमा 88.0, पचमढ़ी 82.8, मुंगावली 82.0, बीना 80.6, राघौगढ़ 79.0, मुरैना 76.0, ब्यावरा में 75.1 एमएम बारिश रिकार्ड की गई है।

### पुराने पैटर्न पर उठ रहा मानसून

बंगाल की खाड़ी में चल रहीं गतिविध ठीक वैसी ही हैं जैसी एक माह पहले दक्षिण पश्चिम मानसून के समय थीं। मप्र में यह सिस्टम उसी रास्ते से आ रहा है, जिस रास्ते से एक महीने पहले मानसून आया था। इस समय बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया विकसित हो रहा है। जिससे मप्र के नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा और हरदा में भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा अलग अलग स्थान पर तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी बने हुए हैं जो बारिश कराने में सक्षम हैं। मप्र के नीचे एक द्रोणिका गुजर रही है। उक्त कारणों से मप्र में भारी बारिश की संभावना बन रही है।



### भोपाल में दिन और रात का पारा एक समान

मप्र की राजधानी में गुरुवार को दिन भर हुई हल्की बारिश के कारण दिन का अधिकतम तापमान कमजोर रहा। इसका असर यह हुआ कि भोपाल में दिन और रात का तापमान एक जैसा रहा। तापमान के दोनों बिंदुओं में मामूली का फर्क रिकार्ड किया गया। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार को भोपाल में दिन का अधिकतम तापमान 26 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री दर्ज किया गया। यह अंतर सिर्फ 1.6 डिग्री का रहा। मौसम केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि कभी कभी जब दिन भर बादल छाए रहते हैं और सूरज नहीं निकलता तो दिन का तापमान नहीं बढ़ पाता। इससे दिन और रात के तापमान एक समान रिकार्ड हो जाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पश्चिम मध्य रेलवे के नए पीसीसीएम बने तिवारी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** रेल प्रशासन ने पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक की जिम्मेदारी मनीष तिवारी को सौंपी है। उन्होंने औपचारिक रूप से गुरुवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। मनीष तिवारी भारतीय रेलवे यातायात सेवा 1994 बैच के रेल अधिकारी है। उन्होंने पूर्व में भारत सरकार के गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (पीजी), उत्तर रेलवे में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (यात्री सेवा) तथा पश्चिम मध्य रेल में कोटा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने पमरे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय से शिष्टाचार भेंट की तथा वाणिज्य अफसरों के साथ बैठक कर यात्री सुविधाएं, पार्सल, पार्किंग, कैटरिंग एवं माल भाड़ा को बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### बड़े तालाब पर ब्रिज बनाने गडकरी से मिले सांसद



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सांसद आलोक शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली संसद भवन में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की और भोपाल शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने बड़े तालाब पर केवल स्टे ब्रिज बनाने का आग्रह किया। इस मौके पर सांसद शर्मा ने गडकरी को डीपीआर दिखाते हुए बताया कि राजाभोज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक 17 किलोमीटर के मार्ग में बड़े तालाब के ऊपर से 2 किलोमीटर का एलिवेटेड केबल स्टे ब्रिज बनाया जाए। शर्मा ने बताया कि डीपीआर की मंत्री गडकरी ने सराहना की और कहा कि भोपाल को इसकी जरुरत है। इससे भोपाल के विकास को पंख लगेंगे।

### अनुपम बने अभा अग्रवाल सम्मेलन के मीडिया प्रभारी

**भोपाल।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर अग्रवाल की अनुशंसा पर अनुपम अग्रवाल को अभा अग्रवाल सम्मेलन का मप्र इकाई का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। सम्मेलन एक सामाजिक संगठन है जिसकी स्थापना 1975 में की गई थी। यह संगठन सामाजिक एवं सामुदायिक उत्थान, गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता, आपदाओं में मदद, परिचय सम्मेलन और सामूहिक विवाह, संयुक्त परिवारों को बढ़ावा देने, गौधन संरक्षण के साथ ही शिक्षा एवं सांस्कृतिक विकास के कामों से जुड़ा है।



### संघ ने सीएम से की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सहकारी विभाग राजपत्रित अधिकारी संघ विभाग के संयुक्त आयुक्त शिवेंद्र देव पांडेय के पक्ष में आवाज उठा रहा है। संघ ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच करने गुरुवार को मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, अपर मुख्य सचिव (सामान्य प्रशासन), प्रमुख सचिव (सहकारिता), महानिदेशक एवं पंजीयक सहकारी संस्थाओं को ज्ञापन सौंपा है। इसमें शिवेन्द्र देव पांडेय, संयुक्त आयुक्त, सहकारिता, सागर संभाग, के विरुद्ध दर्ज प्रकरण की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

# रंगरूटों को 'मानस' का पाठ करने के निर्देश का कांग्रेस ने किया विरोध

## एडीजी के निर्देश को बताया पुलिस का भगवाकरण

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में नव-नियुक्त कांस्टेबलों में होम सिकनेस (घर की याद) की समस्या से उबरने के लिए एडीजी द्वारा दिए गए एक निर्देश पर कांग्रेस ने सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में आरक्षक भर्ती परीक्षा में सफल हुए 3090 रंगरूटों में से 300 से ज्यादा ने पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में आवेदन कर नौ महीने के बुनियादी प्रशिक्षण कोर्स के लिए नजदीकी पुलिस ट्रेनिंग स्कूलों (पीटीएस) में खुद को भेजने की मांग की है। इन आवेदनों के साथ ही कई विधायकों, मंत्रियों समेत प्रभावशाली लोगों से सिफारिशें भी आई हैं। इससे परेशान होकर प्रशिक्षण विंग के प्रमुख एडीजी राजा बाबू सिंह ने उन्हें भगवान राम के 14 साल के वनवास और रामचरितमानस से प्रेरणा लेने को कहा है। उन्होंने ऐसे रंगरूटों को समझाने के लिए पीटीएस के सभी एसपी को निर्देश दिए हैं कि उन्हें रात को सोने से पहले हर दिन रामचरितमानस के एक-दो अध्याय सामूहिक रूप से सुनाएं।

### संविधान के अनुसार पढ़ाएं धर्मनिरपेक्षता का पाठ

निर्देश के बाद कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार के निर्देश पर अफसर अब पुलिस का भगवाकरण करना चाहते हैं। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मुकेश नायक ने इस निर्देश पर आपत्ति जताते हुए कहा कि आरक्षक पद की ट्रेनिंग के लिए आए रंगरूटों में सभी धर्मों के लोग हैं और संविधान की धर्मनिरपेक्षता का पालन करते हुए सभी धर्मों और धर्मग्रंथों का सम्मान होना चाहिए। नायक का आरोप है कि चंद नेताओं को खुश करने की खातिर इस तरह के निर्देश दिए गए हैं क्योंकि सरकार राम के नाम का दिखावा करती है और उनके चरित्र का पालन नहीं हो रहा।



### वीडियो कांफ्रेंसिंग में सोने से पहले रामचरितमानस सुनाने के दिए थे निर्देश

मंगलवार को कोर्स की शुरुआत से पहले प्रदेश के 8 पुलिस ट्रेनिंग स्कूलों के एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में राजा बाबू सिंह ने चिंता जताते हुए कहा था कि भविष्य में इन्हीं रंगरूटों को माओवाद प्रभावित बालाघाट जिले समेत राच्य में कहीं भी तैनात किया जा सकता है। ऐसे में अगर वे अपनी नौकरी की शुरुआत में प्रशिक्षण के दौरान ही घर के पास ट्रांसफर मांगने लगेंगे तो भविष्य में पुलिस की कठिन ड्यूटी कैसे निभा पाएंगे। राजा बाबू सिंह ने इस दौरान कहा था कि गोस्वामी तुलसीदास की यह रचना ज्ञान का विशाल भंडार है और इसका गहरा असर अपने घर से दूर आकर दुखी हो रहे रंगरूटों पर भी होगा। ऐसे में वे अपनी नौ माह की कठिन ट्रेनिंग ईमानदारी से पूरी करेंगे।

### वीएन अंबाड़े वन विभाग के नए वन बल प्रमुख

भोपाल। सीनियर आईएफएस अफसर वीएन अंबाड़े मप्र के नए वन बल प्रमुख होंगे। गुरुवार को मंत्रालय में मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद उनके नाम पर अंतिम मुहर लगाई गई। वर्तमान वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव इसी माह सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उनकी सेवानिवृत्ति के पहले नए वन बल प्रमुख की नियुक्ति की जा रही है। वन विभाग की परंपरा के अनुसार सबसे वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी को ही वन बल प्रमुख बनाया जाता है। अंबाड़े 1 अगस्त को पदभार ग्रहण करेंगे और उनका कार्यकाल 7 माह का रहेगा।

### आउटसोर्स कर्मियों के बनवाए ईएसआईसी कार्ड

भोपाल। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने कंपनी के 3724 आउटसोर्स कर्मियों के कार्ड बनवाए हैं। कंपनी के अनुसार कंपनी द्वारा सभी आउटसोर्स कर्मियों के ईएसआईसी कार्ड बनवाने की तैयारी की जा रही है। यह सभी कर्मचारी ट्रांसमिशन लाइन के रखरखाव, एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ईएचटी) सब-स्टेशनों पर काम करते हैं।

# हितग्राहियों को पीडीएस में चावल से ज्यादा मिलेगा गेहूं

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केन्द्र ने मध्यप्रदेश सरकार की उस मांग को पूरा कर दिया है, जिसे लेकर पिछले कई सालों से पीडीएस खाद्यान्न में गेहूं की मात्रा बढ़ाए जाने की मांग की जा रही थी। अब प्रदेश के पात्र हितग्राहियों को 3 किलो गेहूं और 2 किलो चावल के हिसाब से राशन दिया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश के अभी तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत हितग्राहियों को चावल और गेहूं 60-40 के अनुपात में वितरित किया जाता था। इसे लेकर कई बार राज्य सरकार द्वारा केन्द्र से आग्रह किया गया। पिछले दिनों सूबे के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात कर गेहूं की मात्रा बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके उपरांत केंद्र ने अपने नीतिगत फैसलों को बदलकर राज्य सरकार की मांग को पूरा कर दिया। जानकारी के अनुसार अब अब पात्र परिवारों को मिलने वाले खाद्यान्न में 75 प्रतिशत गेहूं और 25 प्रतिशत चावल वितरित किया जाएगा। केंद्र सरकार के इस निर्णय पर मंत्री राजपूत ने कहा कि राज्य सरकार के आग्रह पर केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय न केवल जनहितैषी है, बल्कि यह केंद्र-राज्य समन्वय का भी सशक्त उदाहरण है। यह दर्शाता है कि यदि मांग व्यवहारिक हो तो नीतिगत बदलाव संभव हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार पीडीएस को अधिक पारदर्शी और हितग्राही केंद्रित बनाने के लिए आधार प्रमाणीकरण, डिजिटल वितरण ट्रैकिंग और ई-केवाईसी जैसी आधुनिक तकनीकों को तेजी से लागू किया जा रहा है।

**केंद्र ने दी मंजूरी**
**अब 75 - 25 के अनुपात में वितरण**

# उद्यानिकी फसलों की ओर बढ़ें किसान

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि किसान परंपरागत खेती पर ही निर्भर न रहें बल्कि नवीन तकनीकी के साथ उद्यानिकी फसलों को लेने की ओर बढ़ें। कुशवाहा ने यह बात उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनांतर्गत ग्वालियर जिले में उद्यानिकी फसलों को बढावा देने दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गांव में अधिक से अधिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट एवं छोटे छोटे उद्योग लगायें जिससे किसान खुद की फसल का अच्छा दाम प्राप्त कर सकें। किसानों के लिए सरकार नई योजना ला रही है। इसके अंतर्गत जो भी किसान एक बगिया मां के नाम लगाएगा वह सरकार 3 लाख रुपये तक अनुदान प्राप्त कर सकेगा। किसानों की मेहनत के कारण लगातार खाद्यान उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। किसान फसलों की सिंचाई के लिए अब भरपूर पानी मिल रहा है।

# फीस कमेटी का ओएसडी बनने एक दर्जन से ज्यादा प्रोफेसर कतार में

## फार्मेसी, मेडिकल और नर्सिंग की फीस तय होना शेष

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति के ओएसडी की कुर्सी संभालने के लिए करीब एक दर्जन प्रोफेसरों ने दांव लगाया है। यह कुर्सी 30 जुलाई को रिक्त होगी, क्योंकि वर्तमान ओएसडी देव आनंद हिंडोलिया 30 जुलाई को अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि के कुलगुरु का पदभार ग्रहण करेंगे। वर्तमान कुलगुरु खेमसिंह डेहरिया का कार्यकाल खत्म हो रहा है। उनका कार्यकाल खत्म होने के पहले ही राजभवन ने हिंडोलिया को कुलगुरु नियुक्त कर दिया है। उनका कार्यकाल चार वर्ष का रहेगा। ओएसडी बनने के लिए प्रोफेसर तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और मंत्रालय स्तर पर जोर लगा रहे हैं। इसमें आधा दर्जन प्रोफेसर भोपाल और आधा दर्जन प्रोफेसर प्रदेश के अन्य जिलों के इंजीनियरिंग कालेजों में पदस्थ हैं। फीस कमेटी को अभी फार्मेसी और मेडिकल के साथ नर्सिंग कालेजों की तीन सत्रों की फीस तय करना है। हालांकि अभी तक उक्त कालेजों को मान्यता और निरंतरात देने का सिलसिला शुरू नहीं हआ है। इसके पहले फीस कमेटी ने फीस निर्धारित करने के लिए व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। जैसे कालेजों को मान्यता और संबद्धता मिलेगी। फीस कमेटी उनसे फीस निर्धारित करने के लिए प्रस्ताव जमा कराना शुरू कर देगा। इससे कालेजों को फीस निर्धारित कराने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा।

### दो अफसरों को हटाना ही मसले का हल नहीं : सिंघार

**भोपाल।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सिया विवाद में दो अफसरों को हटाने से मामले का हल नहीं निकल सकता। सोशल मीडिया एक्स ने सिंघार ने लिखा कि जो बड़ा घोटाला हुआ, उसकी तह तक पहुंचने के लिए जांच जरूरी है! तभी सामने आएगा कि इस घोटाले की कालिख किस-किस के हाथ पर लगी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में विधानसभा में सरकार से सवाल पूछें जाएंगे। इसके लिए सरकार को तैयार रहना चाहिए।

### खाद समस्या रही तो सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में खाद समस्या को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि समस्या का निराकरण नहीं हुआ, तो कांग्रेस किसानों के साथ सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने कहा कि सुबह 5 बजे से कतारों में खड़े किसान, दो-दो बोरी खाद के लिए अपमानित हो रहे हैं। ग्वालियर-चंबल, विंध्य, महाकौशल से लेकर मालवा-निमाड़ तक खाद संकट विकराल रूप ले चुका है। कई जिलों में यूरिया और डीएपी दोनों की ही भारी कमी है, लेकिन सरकार का रवैया संवेदनहीन है। पटवारी ने आगे लिखा कि सरकार हर बार रटा-रटाया बहाना सामने रखती है कि इंटरनेशनल सप्लाई में कमी है। यह प्रश्न उठता है कि पूरे वर्ष क्या किया? यदि अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति से परिचित थे तो वैकल्पिक व्यवस्थाएं क्यों नहीं की गईं। आरोप लगाया कि सबसे गंभीर मामला निजी वितरण तंत्र की अनियंत्रित लापरवाही और कालाबाजारी का है।



## प्रथम पृष्ठ के शेष

### 3000 करोड़ लोन ...

जैसी अन्य एजेंसियों और संस्थानों ने भी ईडी के साथ जानकारी साझा की। अब ईडी इस मामले की जांच कर रही है।

**क्या आरोप हैं ?:** कुछ दिन पहले एसबीआई ने अनिल अंबानी की रिलायंस कम्युनिकेशंस और खुद अनिल अंबानी को 'फ्रॉड' घोषित किया था। एसबीआई का कहना है कि आरकॉम ने बैंक से लिए 31,580 करोड़ रुपए के लोन का गलत इस्तेमाल किया। इसमें से करीब 13,667 करोड़ दूसरी कंपनियों के लोन चुकाने में खर्च किए। 12,692 करोड़ रुपए रिलायंस ग्रुप की दूसरी कंपनियों को ट्रांसफर किए। एसबीआई ने ये भी कहा कि हम इस मामले में सीबीआई के पास शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया में है। अनिल अंबानी के खिलाफ पर्सनल इन्सॉल्वेंसी (दिवालियापन) की कार्रवाई भी नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल मुंबई में चल रही है।

### ऑपरेटर बनकर इंदौर ...

दिल्ली में ही दर्ज है। डीसीपी कौशिक ने कहा-यह गिरफ्तारी बब्बर खालसा के भारत में फैले नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता है। हम आरोपी से पूछताछ कर अन्य लिंक और मॉड्यूल की जांच कर रहे हैं।

**विदेश में बैठे आतंकी हैंडलर से संपर्क में था :** दिल्ली पुलिस के मुताबिक, आकाशदीप बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े एक विदेशी हैंडलर के संपर्क में था, जो उसे सोशल मीडिया ऐप के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए निर्देश दे रहा था। स्पेशल सेल को आकाशदीप के गुजरात में होने का सुराग मिला था। वहां पड़ताल में उसके इंदौर में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद इंस्पेक्टर अशोक कुमार भड़ाना के नेतृत्व में एक टीम इंदौर पहुंची थी। आकाशदीप से पूछताछ में आतंकी नेटवर्क, उसके विदेशी संपर्क और फंडिंग के खुलासे की उम्मीद है।

### श्रमिकों को हर माह ...

अमेरिका से उन्हें बुलाते हैं। सीएम ने कहा, हमारा लक्ष्य मध्यप्रदेश को दूध की राजधानी और रोजगार और समृद्धि का केंद्र बनाना है और हम इस दिशा में लगातार काम कर रहे है। डॉ. यादव ने कहा, सावन अब महीने भर का नहीं, पूरे साल का हो गया है, क्योंकि रोज उद्योगों की वर्षा हो रही है, इसलिए विदेशों में जाकर निवेशकों से संवाद किए जा रहे हैं। अब तक इंग्लैंड, जापान, जर्मनी, दुबई के निवेशकों से संवाद किया है और वहां से निवेश के प्रस्ताव भी मिले हैं। इस सबके पीछे मंशा यह है कि मध्यप्रदेश दुनिया के औद्योगिक नक्शे पर चमके। सीएम ने कहा, वर्ष 2014 में भारत आर्थिक स्थिति के मामले में दसवें स्थान पर था, आज चौथे स्थान पर है, यह पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और सरकार चलाने के तरीके का परिणाम है। हम राजनीति करने नहीं आए हैं, जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं यही मोदी की टीम है। वर्ष 2002-03 तक मध्यप्रदेश में 7 लाख हेक्टेयर सिंचाई थी, आज 55 लाख हेक्टेयर हो गई है। हमें इसे 100 लाख हेक्टेयर तक ले जाना है। आज हम दुनिया को गेहूं एक्सपोर्ट कर रहे हैं। सीएम ने फिर दोहराया, दिवाली के बाद लाड़ली बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपए स्थायी राशि मिलने लगेगी। 2028 तक इसे 3000 तक पहुंचाने की योजना है।

### सोनोग्राफी केंद्रों की करें नियमित मॉनिटरिंग

**भोपाल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट की जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएमएचओ ने सोनोग्राफी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग करने के साथ एक्ट के सभी प्रावधानों का समुचित पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत नवीन पंजीयन एवं नवीनीकरण के प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श कर नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की गई।

**आयोजन** | रवीन्द्र भवन में आयोजित छह दिवसीय हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# नई पीढ़ी को नाटकों से मिलती है गौरवशाली इतिहास की जानकारी

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वास्तव में नाटक कला अनूठी है। नाटकों के माध्यम से भारतीय इतिहास के गौरवशाली व्यक्तित्व की जानकारी वर्तमान पीढ़ी को प्राप्त होती है। मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग की संस्था मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के सहयोग से रवीन्द्र भवन में आयोजित छह दिवसीय हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने ककहा कि यह संयोग है कि वे हरिहर की नगरी से आते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की चौदह विद्याओं और चौसठ कलाओं में नाट्य शास्त्र के सभी आयाम शामिल हैं। हमारे इतिहास में जहां राष्ट्र के दुर्बल होने के निराशाजनक उदाहरण देखने को मिलते हैं, वहीं हमारे समर्थ होने के भी प्रमाण मिलते हैं। विदेशी आक्राताओं ने आराध्य स्थलों को नष्ट करने और प्रतिमाएं अन्य देशों में ले जाने का कृत्य किया, लेकिन यह भी सत्य है कि हमारे पराक्रमी और राष्ट्रप्रेमी शासकों ने उन प्रतीकों को पुनःस्वदेश लाने का कार्य भी किया। डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं विद्यालयीन और महाविद्यालयीन स्तर से नाटकों के मंचन से जुटे रहे हैं। उन्हें अनेक वर्ष पूर्व महानाट्य जाणताराजा देखने का सौभाग्य मिला, जो शिवाजी महाराज के साहसिक जीवन पर केन्द्रित था। बाद में इस तर्ज पर सम्राट विक्रमादित्य के जीवन को मंच पर लाने में सफलता मिली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन के विविध पक्षों का उल्लेख करते हुए बताया कि शिवाजी महाराज की तरह सम्राट विक्रमादित्य सुशासन और शौर्य के प्रतीक थे। उनके राज्य का काफी विस्तार हुआ। उन्होंने अपने भूभाग के समस्त नागरिकों का ऋण समाप्त करने का ऐतिहासिक कार्य किया और विक्रम संवत् के प्रर्वतन की दिशा में आगे बढ़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्कृति विभाग को छह दिवसीय नाट्य समारोह के आयोजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने वीर भारत न्यास द्वारा प्रकाशित पुस्तक च्लोक में मणिधर-बघेश्वर और नाट्य समारोह की स्मारिका का विमोचन किया। प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला ने हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह में प्रस्तुत होने वाले नाटकों और भरतमुनि राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत होने वाले शोध पत्रों की जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत संस्कृति संचालक एनपी नामदेव ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी सहित विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कलाप्रेमी उपस्थित थे।




### विधानसभा में तत्थात्मक जवाब दें अधिकारी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को अधिकारियों से कहा है कि मानसून सत्र में ध्यानाकर्षण आदि में जवाब देते समय तथ्यात्मक और तर्कपूर्ण जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस काम में सजगकता के साथ काम किया जाए। मंत्रालय में विधानसभा सत्र की तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में सीएम ने कहा कि सदन में चर्चा के दौरान शासन की जनकल्याणकारी भावना और विकास कार्यो की उपलब्धियों को प्रभावी रुप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि विभाग विधेयकों,अशासकीय संकल्पना और अहम विषयों सें संबंधित टीप समय रहते उनके कार्यालय को भेजे जाने चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन,सहित विभागों के अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव सहित दूसरे अधिकारी मौजूद रहे।

### युवाओं को नशे की लत से बचाना है

**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे से दूरी है जरूरी अभियान केवल अभियान नहीं, मादक पदार्थों की लत से युवाओं को बचाने की दिशा में समाज और पुलिस की सहभागिता का सशक्त प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित वृहद जन-जागरुकता अभियान नशे से दूरी-है जरूरी के अंतर्गत भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि तस्करों पर कार्रवाई भी हो।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशांत किशोर और उनके 300 कार्यकर्ताओं पर केस

**पटना, जेएनएन।** बिहार में को जन सुराज नेता प्रशांत किशोर और उनके 300 कार्यकर्ताओं के खिलाफ पटना में एक एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर तब दर्ज की गई जब पुलिस ने उन्हें विधानसभा की ओर मार्च करने से रोका, जिसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई थी। सचिवालय पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 (2), 190, 132, और 223 के तहत यह प्राथमिकी दर्ज की गई है। एफआईआर के मुख्य कारणों में बिना अनुमति के इकट्ठा होना, लोगों को उकसाना, कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा करना और निषेधाज्ञा का उल्लंघन करना शामिल है। प्रशांत किशोर ने नौकरियों, भूमि अधिकारों और कथित भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर विधानसभा का घेराव करने के लिए इस विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

### न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी, सुनवाई दो हफ्ते बाद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में कॉलेजियम द्वारा सिफारिश किए जाने के बाद केंद्र सरकार की ओर से की जा रही देरी पर सवाल उठाने वाली कई याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि वह दो हफ्ते बाद इन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार और अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इन याचिकाओं को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था। पीठ ने कहा कि ये याचिकाएं 2023 में सूचीबद्ध थीं, लेकिन अचानक इन्हें वाद सूची से हटा दिया गया। दातार ने कहा, ''कुछ न्यायाधीशों के नाम 2019, फिर 2020 और 2022 में दोहराए गए थे।

### रेसलर हल्क होगन का हार्टअटैक हुआ निधन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिग्गज अमेरिकी रेसलर हल्क होगन उर्फ टेरी जीन बोलिया का फ्लोरिडा स्थित अपने घर पर हृदय गति रुकने से निधन हो गया। चिकित्साकर्मी उनके घर पहुंचे और इस महान रेसलर को क्लियरवॉटर स्थित उनके घर से एम्बुलेंस में स्ट्रेचर पर ले जाया गया। हल्क होगन 71 वर्ष के थे। 11 अगस्त, 1953 को जॉर्जिया के ऑगस्टा में जन्मे हल्क प्रोफेशनल रेसलिंग के सबसे बड़े रेसलर में गिने जाते हैं। जून में हल्क होगन का हृदय का बड़ा ऑपरेशन हुआ था। वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट ने एक्स पर होगन के निधन पर शोक व्यक्त किया। पॉप संस्कृति की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक होगन ने 1980 के दशक में डब्ल्यूडब्ल्यूई को वैश्विक पहचान दिलाने में मदद की थी।



### 288 गैंगस्टर मामलों की सुनवाई लंबित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली-एनसीआर में गैंगस्टर मामलों में बढ़ोतरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि एनसीआर में दिल्ली के भौगोलिक क्षेत्र से बाहर जाकर देखिए कि फरीदाबाद, गुड़गांव आदि में क्या हो रहा है। आम आदमी को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया था जिसने पानीपत में एक हत्या की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन गैंगस्टरों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने बयान में कहा कि समाज को इनसे छुटकारा पाना होगा। जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने कहा कि दिल्ली में बढ़ रहे इस तरह के अपराधों को देखते हुए लग रहा है कि कानून से आम लोगों का विश्वास कम हो रहा है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि एनआईए के मामलों को लेकर भी कोर्ट ने आपत्ति व्यक्त की थी।

---

#### अगर अधिकारी सोचते हैं कि वे बच निकलेंगे तो यह उनका भ्रम

# वोट चोरी के सबूत हैं हमारे पास, चुनाव आयोग गलतफहमी में न रहे : राहुल



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिशों को देश बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास वोट चोरी के पूरे 100 प्रतिशत पुख्ता सबूत हैं, जो समय आने पर सार्वजनिक किए जाएंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बिहार में वोटर्स लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के विरोध के बीच चुनाव आयोग पर कर्नाटक में भी धोखाधड़ी का आरोप लगाया। राहुल ने गुरुवार को संसद के बाहर कहा कि वोटर लिस्ट रिवीजन के नाम पर कर्नाटक में हजारों बोगस वोटरों के नाम जोड़े गए।

#### आयोग ने कर्नाटक में धोखाधड़ी कराई

राहुल ने कहा, चुनाव आयोग ने कर्नाटक की एक सीट पर धोखाधड़ी कराई। हमारे पास इसके 100 प्रतिशत सबूत हैं। एक ही निर्वाचन क्षेत्र में 50, 60 और 65 साल के हजारों-हजार नए वोटरों को सूची में जोड़ा गया है और 18 साल से ज्यादा उम्र के वोटरों को सूची से हटा दिया गया है। कांग्रेस सांसद ने कहा, हमने अभी एक सीट की जांच में यह गड़बड़ी मिली। मुझे पूरा यकीन है कि हर सीट पर यही नाटक चल रहा है। मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे। राहुल के आरोपों पर चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा, अगर इस मामले में चुनाव याचिका दायर की गई है, तो इस पर हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। अगर, याचिका नहीं लगाई गई है, तो निराधार आरोप क्यों लगाए जा रहे हैं?

## राजनीतिक विचारधाराओं से परे जाकर सोचिए : चुनाव आयोग

राहुल गांधी ने यह बातें ईसी के उस बयान के बाद कही हैं, जिसमें बिहार में वोटरों के वेरिफिकेशन प्रोसेस का बचाव किया गया था। चुनाव आयोग ने गुरुवार को एक बयान में अपने आलोचकों से सवाल पूछा कि क्या मृत और प्रवासी मतदाताओं के नाम पर फर्जी वोट डालने की अनुमति देनी चाहिए। चुनाव आयोग ने पूछा, रिवीजन प्रोसेस का मकसद सिर्फ अयोग्य मतदाताओं को वोटर लिस्ट से हटाना है। क्या चुनाव आयोग के पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से तैयार की जा रही प्रामाणिक मतदाता सूची निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला नहीं है? चुनाव आयोग ने कहा, इन सवालों पर, कभी न कभी, हम सभी को और भारत के सभी नागरिकों को, राजनीतिक विचारधाराओं से परे जाकर, गहराई से सोचना होगा। और शायद आप सभी के लिए यह सोचने का सबसे अच्छा समय अब आ गया है। चुनाव आयोग ने बताया है कि बिहार में 99 प्रतिशत वोटरों को एसआईआर के तहत वेरिफाई कर लिया गया है। इनमें 21.6 लाख मृत मतदाताओं का पता चला है। 31.5 लाख वोटर्स हमेशा के लिए पलायन कर गए हैं। 7 लाख वोटर्स एक से ज्यादा जगहों पर रजिस्टर्ड हैं। वहीं, 1 लाख मतदाता लापता हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि डोर-टू-डोर वेरिफिकेशन के बावजूद, करीब 7 लाख मतदाताओं के फॉर्म अभी तक नहीं मिले हैं।




---

# ट्रंप का हृदय परिवर्तन, कहा- मैं चाहता हूं एलन फलें-फूलें



**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का हृदय परिवर्तन हो गया है! दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और अपने पूर्व दोस्त एलन मस्क की कंपनियों की सरकारी सब्सिडी खत्म करने का संकेत देने के कुछ सप्ताह बाद, गुरुवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि उनका इरादा टेक दिग्गज की कंपनियों को दी जाने वाली संघीय सब्सिडी में कटौती करना का है।

ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट किया, 'हर कोई कह रहा है कि मैं एलन मस्क की कंपनियों को तबाह कर दूंगा, अगर पूरी तरह नहीं तो कुछ हद तक, उन्हें अमेरिकी सरकार से मिलने वाली बड़े पैमाने की सब्सिडी छीन लूंगा। ऐसा नहीं है!' उन्होंने कहा-'मेरी प्राथमिकता अमेरिकी व्यवसायों का फलना-फूलना है-मैं चाहता हूं कि एलन और हमारे देश के सभी व्यवसायी फलें-फूलें, वास्तव में, पहले से कहीं अधिकफलें-फूलें!' ट्रंप ने आगे कहा कि आर्थिक मोर्चे पर देश प्रगति कर रहा है, इसे बनाए रखना होगा। वे जितना बेहतर करेंगे, अमेरिका भी उतना ही बेहतर करेगा,यह हम सबके लिए अच्छा है। हम हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहे हैं, और मैं इसे इसी तरह बनाए रखना चाहता हूं। यह ट्रम्प के उस सुझाव के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि लागत में कटौती करने वाली एजेंसी डीओजीई , जिसे मस्क ने स्थापित करने में मदद की थी, का उपयोग अरबपति की कंपनियों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा सकता है - क्योंकि पूर्व सहयोगी ट्रंप की बजट योजनाओं पर अपना सार्वजनिक विवाद जारी रखे हुए हैं।

ट्रम्प और मस्क के बीच विवाद पहली बार पिछले महीने शुरू हुआ था, और फिर इस महीने की शुरुआत में फिर से शुरू हुआ, जब दोनों के बीच सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर कटाक्ष किए गए, उसके बाद मस्क ने अपने कुछ हमलों से पीछे हट गए। मस्क ने नाटकीय ढंग से अलग होने के कुछ सप्ताह बाद एक नई राजनीतिक पार्टी भी बनाई थी।

---

## पत्नी पर अपमानजनक दावे पर भड़के राष्ट्रपति मैक्रों

### पॉडकास्टर कैंडेस के खिलाफ किया केस

**पेरिस, जेएनएन।** फ्रांसिसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिजिट मैक्रों पिछले कुछ समय से लगातार सुर्खियों में रहे हैं। पिछले दिनों एक अमेरिकी पॉडकास्टर ने दावा किया था कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति की पत्नी पहले पुरुष हुआ करती थीं। उस अपमानजनक दावे पर मैक्रों ने अब अदालत का रुख किया है। इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट ने अमेरिकी पॉडकास्टर कैंडेस ओवेन्स के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। सोशल मीडिया एक्स और यूट्यूब पर कैंडेस ओवेन्स के लाखों फॉलोअर्स हैं। मैक्रों ने डेलावेयर सुपीरियर कोर्ट में कैंडेस ओवेन्स के खिलाफ 218 पन्नों की शिकायत दर्ज कराई है और उनसे हर्जाने की मांग की है। अपने वकील द्वारा जारी एक बयान में मैक्रों ने कहा कि उन्होंने यह मुकदमा तब दायर किया, जब ओवेन्स ने बीकमिंग ब्रिगिट नामक आठ-भाग वाली यूट्यूब और पॉडकास्ट श्रृंखला में दिए गए झूठे और मानहानिकारक बयानों को वापस लेने के अनुरोधों को बार-बार नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा, ओवेन्स ने यह मानहानिकारक अभियान हमें और हमारे परिवार को परेशान करने, पीड़ा पहुँचाने, मानहानि करने, लोगों का ध्यान खींचने, पैसे कमाने और हमें बदनाम करने के लिए चलाया था। इसके बावजूद हमने उन्हें इन दावों से पीछे हटने का हर मौका दिया, लेकिन उन्होंने हर बार इनकार कर दिया। अब सारे रास्ते बंद हो चुके हैं।



## एयर इंडिया को चार कारण बताओ नोटिस

**मुंबई, जेएनएन।** विमानन नियामक डीजीसीए ने एअर इंडिया पर एक्शन लिया है। कंपनी द्वारा कई नियमों के उल्लंघन करने पर नोटिस जारी किए गए हैं। अहमदाबाद विमान हादसे के बाद से डीजीसीए एक्शन मोड में है। केबिन क्रू के आराम और ड्यूटी मानदंडों, केबिन क्रू प्रशिक्षण नियमों और परिचालन प्रक्रियाओं से संबंधित विभिन्न उल्लंघनों के लिए नियामक ने चार कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। एअरलाइन द्वारा नियामक को कुछ स्वैच्छिक खुलासे किए जाने के एक महीने बाद यह जानकारी दी गई है। सूत्रों ने बताया कि ये कारण बताओ नोटिस 20 और 21 जून को डीजीसीए को एअरलाइन द्वारा किए गए स्वैच्छिक खुलासे के आधार पर 23 जुलाई को जारी किए गए। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बयान में कहा है कि हमें नियामक से एअर इंडिया द्वारा पिछले एक साल में किए गए कुछ स्वैच्छिक खुलासों से संबंधित ये नोटिस प्राप्त होने की जानकारी है। हम निर्धारित अवधि के भीतर इन नोटिसों का जवाब देंगे। हम अपने चालक दल और यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# चीनी सीमा के पास रूसी प्लेन क्रैश

### 49 की मौत: 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर थे सवार, मृतकों में 5 बच्चे

**मास्को, जेएनएन।** रूस का एक यात्री विमान चीन की सीमा के पास क्रैश हो गया है। हादसे में विमान में सवार सभी 49 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर थे। यात्रियों में 5 बच्चे भी थे। बचावकर्मियों को टिंडा से करीब 16 किमी दूर एक पहाड़ी पर रूसी यात्री विमान का मलबा मिला है। ये विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में उड़ रहा था। अमूर गवर्नर वासिली ओरलोव ने बताया है कि लापता विमान अंगारा एयरलाइंस का है। लोकल इमरजेंसी मिनिस्ट्री के मुताबिक, प्लेन खाबरोवस्क, ब्लागोवेशचेंस्क होकर टिंडा जा रहा था। यह चीन की सीमा के पास है। टिंडा से पहले वह रडार से गायब हो गया। और उसका संपर्क टूट गया।

**क्रैश हुआ विमान 63 साल पुराना:** सोवियत संघ ने एएन-24 विमान को छोटे इलाकों में उड़ान के लिए बनाया था। तब इसमें 32 सीटें होती थीं। यह 450 किमी प्रति घंटे की गति से 400 किमी तक उड़ान भरता था। यह 4 टन तक का वजन




### दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश में गायब

रिपोर्ट के अनुसार, विमान पहले टिंडा एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश में नाकामयाब रहा। जब उसने दूसरी बार लैंडिंग की कोशिश की, तभी यह रडार से गायब हो गया। यह विमान टिंडा एयरपोर्ट से कुछ किमी पहले एक तय चेकपॉइंट पर भी संपर्क नहीं कर पाया। टिंडा शहर रूस की राजधानी मॉस्को से करीब 6,600 किमी दूर पूर्व में स्थित है।

(पेलोड) ले जा सकता था। इसे ऐसे रनवे से उड़ान भरने लायक भी बनाया गया था जो केवल 1200 मीटर लंबे और पक्के नहीं हों। इतना ही नहीं, अगर विमान का एक इंजन भी खराब हो जाए, तो भी यह टेकऑफ कर सके।

---

## 'तन्वी द ग्रेट' में अनुपम खेर के 50 करोड़ डूबे



**मुंबई, जेएनएन।** एक्टर अनुपम खेर ने हाल ही में निर्देशक के रूप में अपनी दूसरी फिल्म तन्वी द ग्रेट रिलीज की। उन्होंने इस फिल्म का जमकर प्रचार किया, फेमस पॉडकास्ट और टेलीविजन चैनलों पर दिखाई दिए। उन्होंने ऑस्कर विनर रॉबर्ट डी नीरो के साथ अपनी दोस्ती का फायदा उठाते हुए उन्हें न्यूयॉर्क में फिल्म के प्रीमियर में भी शामिल कराया। यह फिल्म कान फिल्म फेस्टिवल और लंदन में भी दिखाई गई। लेकिन, बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार फिल्म सैयारा के साथ शुरुआत करने के बाद, तन्वी द ग्रेट रिलीज के पांच दिनों में 2 करोड़ तक भी नहीं पहुंच पाई। अनुपम खेर ने खुद स्वीकार किया कि इसे बनाने में 50 करोड़ रुपये की लागत आई और यह पैसा उन्होंने अपने दोस्तों और परिचितों की मदद से जुटाया। इस फिल्म ने 6 दिनों में केवल 1.91 करोड़ की कमाई की है।

## सीएम धामी ने दिए हेली सेवाओं में सुरक्षा प्राथमिकता के निर्देश

**देहरादून, जेएनएन।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नागरिक उड्डयन विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने के साथ ही राज्य में हेली सेवाओं के संचालन में सुरक्षा मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में आयोजित नागरिक उड्डयन विभाग की गेमचेंजर योजनाओं की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में दुरस्थ क्षेत्रों तक आवाजाही को सुगम बनाने के लिए हवाई सेवाओं का नेटवर्क बढ़ाया जाना जरूरी है, इसी के साथ हवाई सेवाओं में सुरक्षा मानकों का भी सख्ती से पालन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में एयरो स्पोर्ट्स को भी बढ़ावा देने के प्रयास किए जाने के साथ ही चारधामों के लिए नियमित चार्टर सेवा शुरु करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सचिव नागरिक उड्डयन श्री सचिन कुर्वे ने बताया कि पायलट प्रशिक्षण के लिए पंतनगर में नया फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल स्थापित किया जा रहा है। नागरिक उड्डयन क्षेत्र में प्रशिक्षित पायलट की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण कदम है। हवाई यातायात को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए इसरो के साथ मिलकर डिजिटल मैपिंग की क्षमता विकसित की जा रही है। यूकाडा के माध्यम से उत्तराखंड एयर कनेक्टिविटी स्कीम के तहत देहरादून जोशीमठ, जोशीमठ बद्रीनाथ के बीच शटल सेवा और पिथौरागढ़ धारचूला और पिथौरागढ़ मुनस्यारी के बीच हवाई सेवा शुरु करने की तैयारी की जा रही है। इसी तरह आदि कैलाश क्षेत्र में तीर्थाटन और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गुंजी से सीधी हेलीकॉप्टर सेवा शुरु करने की योजना है। केदारनाथ हेली सेवा को मजबूत बनाने के लिए, गरुड़चट्टी के पास अतिरिक्त हेलीपैड बनाया जा रहा है।



## रॉबर्ट वाड्रा पर ईडी की पहली चार्जशीट, 31 को सुनवाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गुरुग्राम लैंड स्कैम मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दायर चार्जशीट पर राऊज एवेन्यू कोर्ट 31 जुलाई को सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने बड़ा दावा किया है कि स्काईलाइट ने वाणिज्यिक आवासीय विकास के लिए लाइसेंस ऊपरी दबाव में प्राप्त किया गया। ईडी ने कहा कि लाइसेंस की फाइलें जल्दबाजी में प्रोसेस की गई और कंपनी की वित्तीय स्थिति की जांच नहीं कि गई। नियमों और शर्तों को दरकिनार कर यह लाइसेंस जारी किया गया। ईडी ने उन अधिकारियों के बारे में कोर्ट को जानकारी जो अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार है। ईडी ने दावा किया कि वाड्रा की कंपनी ने डीएलएफ के साथ सहयोग कर अपराध से प्राप्त धन की तीसरी परत तैयार की। ईडी ने कोर्ट को यह भी बताया कि वाड्रा के स्वामित्व वाली कम्पनियों द्वारा प्राप्त 42.62 करोड़ की राशि अवैध कमाई है, जिसे दिल्ली में लेयरिंग किया गया। इसलिए यह अदालत के क्षेत्राधिकार का मामला बनता है। चार्जशीट में रॉबर्ट वाड्रा सहित 11 आरोपियों के नाम है।



#### संविधान की प्रस्तावना पर रार से जवाब

## समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द हटाने का अभी इरादा नहीं : मेघवाल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यसभा को सूचित किया है कि संविधान की प्रस्तावना से समाजवाद और पंथनिरपेक्षता शब्दों को हटाने या उस पर पुनर्विचार करने की कोई वर्तमान योजना या इरादा नहीं है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में यह दोनों ही शब्द तत्कालीन केंद्र सरकार ने आपातकाल के दौरान जोड़े थे। संसद को यह भी बताया गया कि सरकार ने संविधान की प्रस्तावना से इन दो शब्दों को हटाने के लिए औपचारिक रूप से कोई कानूनी या संवैधानिक प्रक्रिया शुरू नहीं की है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को एक लिखित उत्तर में कहा कि जबकि कुछ सार्वजनिक या राजनीतिक हलकों में चर्चाएं या बहसें हो सकती हैं कि सरकार द्वारा इन शब्दों में संशोधन के संबंध में कोई औपचारिक निर्णय या प्रस्ताव नहीं घोषित किया गया है।

---

#### लोकसभा में खुलासा — अहमदाबाद हादसे के चार दिन बाद एयर इंडिया के 112 पायलट छुट्टी पर गए

# इस साल 183 प्लेन में तकनीकी खराबी के मामले

**85** मामले एयर इंडिया फ्लाइट में खराबी के

**62** इंडिगो विमानों में आई खराबी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की पांच प्रमुख एयरलाइनों ने साल 2025 में अब तक कुल 183 तकनीकी खराबियों की सूचना दी है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में दी। इन मामलों में सबसे ज्यादा 85 खराबियां एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से दर्ज की गई हैं। मंत्रालय के अनुसार, इंडिगो ने 62, अकासा एयर ने 28 और स्पाइसजेट ने 8 तकनीकी खराबियों की रिपोर्ट दी है। इन सभी मामलों को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सूचित किया गया, जहां से जांच के बाद सुधारात्मक कदम उठाए जाते हैं। मंत्री मुरलीधर मोहोळ ने बताया, 'एयरलाइनों द्वारा डीजीसीए को दी गई सभी तकनीकी खराबियों की जांच की जाती है और आवश्यक सुधार किए जाते हैं। विशेष रूप से बड़ी खराबियों की जांच शीघ्रता से पूरी कर निवारण के उपाय किए जाते हैं।



### हादसे के बाद मानसिक दबाव में पायलट

12 जून को अहमदाबाद में हुए भयावह एआई-171 विमान हादसे, जिसमें 260 लोगों की मौत हुई, के बाद एयर इंडिया के पायलटों की मानसिक स्थिति पर सवाल उठे हैं। मंत्रालय ने जानकारी दी कि 16 जून को एयर इंडिया के 112 पायलटों ने अचानक बीमारी के आधार पर छुट्टी ली, जिनमें 51 कमांडर और 61 फर्स्ट ऑफिसर शामिल थे। पायलटों की यह 'बीमारी रिपोर्टिंग' ऐसे समय पर आई है जब एआई-171 हादसे को लेकर एयरलाइन की कार्यप्रणाली और उड़ान सुरक्षा पर गंभीर बहस चल रही है।

### जमीनी नुकसान पर नहीं है मुआवजे की नीति

एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान में प्लेन क्रैश के कारण ज़मीन पर हुए नुकसान के लिए नागरिकों को मुआवजा देने से संबंधित कोई विशेष नीति नहीं है। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में भारत में विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ा है, लेकिन इसके साथ ही सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और जवाबदेही जैसे पहलुओं पर नए सवाल उठ रहे हैं। एयर इंडिया क्रैश और उसके बाद की घटनाएं इन चिंताओं को और गहरा करती हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष निगरानी

डीजीसीए ने फरवरी 2023 में जारी मेडिकल सर्कुलर में एयरलाइनों को पायलटों और एयर ट्रैफिक कंट्रोलरों के लिए मानसिक स्वास्थ्य की पहचान और प्रबंधन हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाने की सलाह दी थी। इसके तहत 'पीयर सपोर्ट प्रोग्राम' लागू करने की सिफारिश की गई, जिससे कर्मचारी तनाव या मानसिक दिक्कतों से जूझने में सहयोग पा सकें। इस सर्कुलर का मकसद उड़ान क्रू मेंबर को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाना और किसी भी समस्या के शुरुआती लक्षणों को पहचान कर समय पर मदद देना है।

---

#### लोकायुक्त पुलिस ने बालाघाट, पन्ना और सतना में की कार्रवाई

# एक दिन में तीन ट्रैप, डाटा एंट्री ऑपरेटर पटवारी, नाजिर को रिश्वत लेते पकड़ा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की सागर यूनिट ने गुरुवार को पन्ना जिले के अमानगंज तहसील कार्यालय में सहायक ग्रेड-3 (नाजिर) को 2000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। सुदामा प्रसाद दुबे तहसील कार्यालय अमानगंज में चपरासी हैं। उन्होंने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत में बताया कि इकबाल मोहम्मद उनकी मेडिकल लीव की अवधि का वेतन और जीपीएफ निकालने के एवज में 5000 की रिश्वत मांग रहा था। सत्यापन के बाद इकबाल 2000 रुपए लेने पर सहमत हो गया। गुरुवार को लोकायुक्त पुलिस टीम ने तहसील कार्यालय अमानगंज के नाजिर कक्ष में आरोपी इकबाल मोहम्मद को 2000 की घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

लोकायुक्त पुलिस की रीवा यूनिट ने सतना जिले के नागौद में गुरुवार को कार्रवाई करते हुए पटवारी अमर सिंह कुशवाहा को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ लिया। यह कार्रवाई जनपद कार्यालय नागौद के सामने हुई। लोकायुक्त डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार के अनुसार ग्राम दुबहियां



पन्ना के अमानगंज में नाजिर कक्ष में रिश्वत लेते पकड़ाए आरोपी इकबाल मोहम्मद।

तहसील नागौद निवासी आदेश प्रताप सिंह ने शिकायत की थी कि शहपुर हल्का में पदस्थ पटवारी अमर सिंह कुशवाहा उसकी जमीन के बटांकन के एवज में 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। दोनों के बीच सौदा 7500 रुपए में तय हुआ। जांच के दौरान सामने आया कि पटवारी पहले ही 2500 रुपए ले चुका था। पुष्टि होने के बाद आदेश प्रताप सिंह जब पटवारी को रिश्वत की शेष राशि 5000 रुपए दे रहा था तभी लोकायुक्त टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़ कर रिश्वत की रकम बरामद कर ली।

### 10 हजार ले रहा था डाटा एंट्री ऑपरेटर

गुरुवार को ही एक अन्य कार्रवाई में लोकायुक्त पुलिस की जबलपुर यूनिट ने बालाघाट के लोक सेवा केंद्र में पदस्थ डाटा एंट्री ऑपरेटर राजेंद्र कुमार मसखरे को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। मामला एक आधार आईडी बनवाने से जुड़ा है। डाटा एंट्री ऑपरेटर मसखरे ने आवेदक कटंगी के महेकपार निवासी मेहरचंद सुलकिया से 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। सत्यापन के बाद लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 119 में मौजूद स्टेनो रूम से मसखरे को घूस लेते पकड़ लिया। मेहरचंद की पत्नी के नाम से कटंगी के लोक सेवा केंद्र में, जिसकी आधार आईडी बंद हो गई। नवीन आधार आईडी जारी करने ऑपरेटर राजेंद्र ने 10 हजार रुपए मांगे थे। गुरुवार को जबलपुर से लोकायुक्त पहुंची 8 सदस्यीय लोकायुक्त टीम ने कार्यालय में आरोपी को रिश्वत लेते ही रंगे हाथों दबोच लिया।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

82,184

-542

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Eternal | 313.15 | 3.67% |
| Tata Motors | 700.50 | 1.51% |
| Dr Reddys | 1,265.50 | 1.45% |
| Grasim Industries | 2,735.90 | 0.99% |
| Cipla+ | 1,487.90 | 0.98% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Nestle India | 2,322.10 | -5.32% |
| Trent | 5,154.00 | -3.83% |
| Shriram Finance | 633.55 | -3.13% |
| Tech Mahindra | 1,498.60 | -3.10% |
| Reliance Industries | 1,402.90 | -1.52% |

**फॉरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| डॉलर | 88.20 |
| यूरो | 104.43 |
| येन | 61.75 |
| पौंड | 116.70 |

### ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता: भारत में ब्रिटिश उत्पादों पर औसत टैरिफ 15 से घटकर 3 फीसदी हुआ

# अब 20 अरब डॉलर का अतिरिक्त निर्यात करेगा यूके

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच ऐतिहासिक व्यापार समझौते की घोषणा से दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार को नई दिशा मिलने जा रही है। ब्रिटिश सरकार ने गुरुवार को बताया कि भारत में ब्रिटिश उत्पादों पर औसत टैरिफ 15 प्रतिशत से घटकर महज 3 प्रतिशत रह जाएगा। इससे 2040 तक ब्रिटेन के भारत में निर्यात में लगभग 60 फीसदी की वृद्धि अनुमानित है, जो 15.7 बिलियन पाउंड (लगभग 20 अरब डॉलर) अतिरिक्त निर्यात के बराबर होगी। यूके सरकार के बयान के मुताबिक, इस टैरिफ कटौती के साथ-साथ नियामकीय अड़चनों को भी हटाया जाएगा। इससे भारत और ब्रिटेन के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार 2040 तक 39 फीसदी तक बढ़ सकता है, जिसकी अनुमानित सालाना वैल्यू 25.5 बिलियन पाउंड होगी। इस समझौते से भारत को भी लाभ होगा। यूके भारतीय वस्तुओं पर 99 फीसदी टैरिफ लाइन खत्म करेगा, इससे 100 फीसदी व्यापार मूल्य को कवर किया जाएगा। इससे भारत को निर्यात में बड़ा बढ़ावा मिलेगा, विशेषकर टेक्सटाइल, लेदर और उपभोक्ता उत्पाद जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में। यूके ने बताया कि 26 ब्रिटिश कंपनियों को भारत में नया व्यापार मिला है। इनमें एअरबस और रोल्स-रॉयस प्रमुख हैं, जो हालिया समझौते के तहत भारतीय एयरलाइनों को एयरबस विमान की डिलीवरी जल्द शुरू करेंगे।



### हर बार ट्रेड डील से बाहर रहता है डेयरी उद्योग

भारत-यूके ट्रेड डील में डेयरी प्रोडक्ट्स को संरक्षण दिया गया है। ट्रेड डील में दवा, दारू, कृषि और सी फूड समेत लगभग सभी खाद्य सामग्रियों को शामिल किया गया है, लेकिन डेयरी क्षेत्र इससे बाहर है। भारत का कहना है कि वह अपने डेयरी प्रोडक्ट्स संरक्षण प्रदान कर रहा है। इसलिए, अमूमन किसी भी ट्रेड डील से डेयरी प्रोडक्ट्स को बाहर रखा जाता है। ऐसा कहा जा रहा है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में जो समय लग रहा है उसकी एक बड़ी वजह डेयरी सेक्टर ही है। भारत नहीं चाहता कि किसी भी ट्रेड डील में डेयरी प्रोडक्ट्स को फ्री या कम टैरिफ की श्रेणी में डाल दिया जाए। यूके के साथ डील से पहले भारत ने ऑस्ट्रेलिया और यूरोपियन यूनियन के साथ जो व्यापारिक समझौता किया उसमें भी डेयरी को संरक्षण दिया गया।

**भारत क्यों करता है ऐसा**

यूरोप व न्यूजीलैंड के किसान भारी सब्सिडी से सस्ता दूध बनाते हैं, जो भारत के छोटे किसानों के लिए मुश्किल पैदा कर सकता है। 1943 के बंगाल अकाल ने सिखाया कि खाने की कमी से देश मुसीबत में पड़ सकता है, इसलिए दूध जैसे जरूरी सामान पर कंट्रोल जरूरी है। भारत में डेयरी पर 30 से 60 फीसदी तक टैरिफ लगता है, जो विदेशी उत्पाद महंगे बनाकर स्थानीय बाजार को बचाता है। ये टैरिफ हटे, तो सस्ते उत्पाद भारत में आएंगे, जिससे भारतीय किसानों की आमदनी घटेगी।

**डेयरी पर लगता है 30-60 फीसदी टैरिफ**

अभी भारत में जो डेयरी उत्पाद आते हैं उन पर 30-60 फीसदी का टैरिफ लगता है। इसके अलावा सेब की आयात पर भी इसी रेंज में टैरिफ लगाया जाता है। सेब भारत बड़ी मात्रा में यूएस और न्यूजीलैंड से आयात करता है। यूके के साथ ट्रेड डील में भी ब्रिटिश ऐपल, डेयरी और चीज पर टैरिफ लगेगा। हालांकि, यह अन्य देशों पर लगाए गए टैरिफ से कम होगा।

**ब्रिटेन के हाई टेक उत्पाद आएंगे भारतीय बाजार में**

वर्तमान में यूके भारत से 11 अरब पाउंड का सामान आयात करता है। नए समझौते से भारतीय उत्पादों की कीमतें यूके में सस्ती होंगी, जिससे निर्यात बढ़ेगा। वहीं यूके से मशीनरी, लक्जरी सामान और हाई-टेक उत्पादों के भारतीय बाजार में प्रवेश की राह आसान होगी। साथ ही, सामाजिक सुरक्षा को लेकर डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन एग्रीमेंट पर भी सहमति बन चुकी है, जिससे भारत से सीमित समय के लिए ब्रिटेन में काम करने वाले पेशेवरों को दोहरी सामाजिक सुरक्षा अंशदान से राहत मिलेगी। हालांकि, द्विपक्षीय निवेश संधि पर वार्ता अभी जारी है। यह समझौता न सिर्फ व्यापार बढ़ाने में मदद करेगा।

### 3 साल की लंबी बातचीत के बाद हुआ समझौता

लगभग 63 हजार करोड़ का यह समझौता दोनों देशों के बीच तीन साल की लंबी बातचीत के बाद हुआ है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने हस्ताक्षर समारोह में कहा, 'यह ब्रिटेन के लिए ब्रेग्जिट के बाद का सबसे बड़ा और आर्थिक दृष्टि से सबसे अहम व्यापारिक समझौता है।' उन्होंने बताया कि यह डील ब्रिटेन में 2,200 से अधिक नई नौकरियां पैदा करेगी, क्योंकि भारतीय कंपनियां यूके में विस्तार करेंगी और ब्रिटिश कंपनियों को भारत में नए व्यापार के अवसर मिलेंगे। कुछ विपक्षी दलों ने यह आशंका जताई कि यह समझौता ब्रिटिश श्रमिकों को सस्ते भारतीय श्रमिकों से प्रतिस्पर्धा में डाल देगा। इसके जवाब में ब्रिटिश व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा, 'यह धारणा पूरी तरह गलत है। भारतीय श्रमिकों को कोई टैक्स लाभ नहीं मिलेगा। वास्तव में भारतीय श्रमिक को नियुक्त करना ब्रिटिश श्रमिक से महंगा पड़ेगा।'

**2200** नई नौकरियां ब्रिटेन में पैदा होंगी

### भारत में नई दूरसंचार नीति का मसौदा तैयार

# सबको 4जी और 90% को 5जी कवरेज देने का लक्ष्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने 2025 की राष्ट्रीय दूरसंचार नीति (एनटीपी-25) के मसौदे में देश की संपूर्ण आबादी को 4जी और 90 फीसदी को 5 जी नेटवर्क से जोड़ने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। साथ ही, सरकार का उद्देश्य इस नीति के जरिए दूरसंचार क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान दोगुना करना और हर वर्ष एक लाख करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित करना है। इस मसौदे को सार्वजनिक विचार-विमर्श के लिए जारी किया गया है और नागरिकों व हितधारकों से 21 दिनों के भीतर सुझाव मांगे गए हैं। नीति में 2030 तक हासिल किए जाने वाले 10 प्रमुख रणनीतिक लक्ष्यों को चिन्हित किया गया है, जिनमें दूरसंचार उत्पादों के निर्यात को दोगुना करना और टेलीकॉम स्टार्टअप्स की संख्या बढ़ाना भी शामिल है। नीति के तहत टावरों की फाइबराइजेशन दर को वर्तमान 46 फीसदी से बढ़ाकर 80 फीसदी करना, भारतनेट के तहत सभी ग्राम पंचायतों को 100 फीसदी फाइबर से जोड़ने (98 फीसदी से अधिक अपटाइम सुनिश्चित करते हुए), और गांवों के सरकारी संस्थानों तक ब्रॉडबैंड पहुंचाने की योजना है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क विस्तार के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) नाम से नई योजनाएं लाई जाएंगी। साथ ही फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं भी प्रस्तावित हैं।

**जीडीपी में योगदान दोगुना करने की योजना**





**गुणवत्ता, अनुसंधान और आपदा प्रबंधन में नवाचार**

नीति के तहत सेवाओं की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के अनुरूप लाने की बात की गई है, जिससे इनडोर और आउटडोर दोनों जगह नेटवर्क अनुभव बेहतर हो सके। आपदा प्रबंधन के लिहाज़ से भी दूरसंचार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की आपात योजनाओं में शामिल किया जाएगा। नीति भारत को 5जी, 6जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स और क्वांटम संचार जैसे क्षेत्रों में नवाचार और शोध का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में ले जाना चाहती है। 6 जी से जुड़े बौद्धिक संपदा अधिकारों में भारत की 10 फीसदी वैश्विक हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### पूर्व वित्त सचिव अजय सेठ होंगे आईआरडीएआई के नए चेयरमैन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सरकार ने भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के नए चेयरमैन के रूप में पूर्व वित्त सचिव अजय सेठ की नियुक्ति की है। मार्च 2025 में देबाशीष पांडा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह पद रिक्त था। अजय सेठ 1987 बैच के कर्नाटक कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। वे वित्त मंत्रालय में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। 2021 से वे आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव रहे, और हाल ही में उन्होंने राजस्व सचिव का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाला था, जब तुहीन कांत पांडे को सेबी चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। सेठ मूलतः मैकेनिकल इंजीनियर हैं और उन्होंने एमबीए भी किया है। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार दोनों स्तरों पर कर नीति, अधोसंरचना विकास, वित्तीय नियोजन और राजकोषीय नीतियों से जुड़े अहम फैसलों में भूमिका निभाई है। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब बीमा क्षेत्र में डिजिटलीकरण और उपभोक्ता अधिकारों को लेकर तेजी से बदलाव हो रहे हैं। उनसे आईआरडीएआई में इन सुधारों को आगे बढ़ाने की उम्मीद है।



# ज्यादातर देशों पर 15 फीसदी टैरिफ, वहीं कुछ पर 50 फीसदी तक शुल्क संभव

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक व्यापार नीति में एक बड़े बदलाव का संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि अब अमेरिका अधिकतर देशों पर न्यूनतम 15 फीसदी का आयात शुल्क (टैरिफ) लागू करेगा और कुछ देशों पर यह दर 50 फीसदी तक भी जा सकती है। वॉशिंगटन में एक एआई समिट में बोलते हुए ट्रंप ने इसे 'सीधा और स्पष्ट व्यापार मॉडल' करार दिया। ट्रंप ने कहा, 'अब हम 15 फीसदी से 50 फीसदी के बीच सीधा और सरल टैरिफ लागू करेंगे। कुछ देशों के साथ हमारे रिश्ते अच्छे नहीं हैं, इसलिए उनके लिए 50 फीसदी तक का टैरिफ लागू होगा।' यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका पहले से ही विभिन्न देशों के साथ व्यापार युद्ध की स्थिति में है और व्यापक व्यापार समझौते के बजाय अब ट्रंप 'टैरिफ पत्र' को ही अंतिम डील मान रहे हैं।



**ट्रंप का आक्रामक व्यापार एजेंडा**

### 1 अगस्त की डेडलाइन से पहले संकेत

ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि 15 फीसदी न्यूनतम दर होगी, जिससे वैश्विक व्यापार जगत में हलचल तेज हो गई है। मंगलवार को ट्रंप ने जापान के साथ एक डील की घोषणा की, जिसमें प्रस्तावित 25 फीसदी टैरिफ घटाकर 15 फीसदी कर दिया गया है। यह छूट जापान की उस शर्त पर आधारित है कि वह कुछ अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिबंध हटाएगा और 550 बिलियन डॉलर के निवेश को समर्थन देगा। वहीं भारत, दक्षिण कोरिया और ईयू अभी भी टैरिफ से बचने के लिए बातचीत कर रहे हैं।

### सोना 1,426 रुपए गिरा, चांदी 1,300 फिसली

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोने-चांदी की कीमतों में आज भारी गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट सोना 1,426 रुपए सस्ता होकर 99,107 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। बुधवार को इसका भाव 1,00,533 था। वहीं, चांदी 1,300 रुपए घटकर 1,14,550 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो बुधवार को 1,15,850 रुपए पर थी।

**भोपाल में कीमत 1,01,020 रुपए**

दिल्ली में 10 ग्राम सोने की कीमत 1,01,120 रुपए रही, जबकि मुंबई, कोलकाता, चेन्नई में यह 1,00,970 रुपए रहीं। इसके अलावा भोपाल में 10 ग्राम सोने का मूल्य 1,01,020 रुपए रहा। इस साल 22,945 रुपए महंगा हुआ सोनाः 1 जनवरी 2025 को 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम था। अब तक यह 22,945 रुपए बढ़कर 99,107 रुपए तक पहुंच चुका है। वहीं, चांदी की कीमत इस साल अब तक 86,017 से बढ़कर 1,14,550 रुपए प्रति किलो हो चुकी है, यानी 28,533 रुपए की बढ़त।

### सेंसेक्स 542 अंक गिरा

**मुंबई, जेएनएन।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन शेयर बाजार में गिरावट का माहौल रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 542 अंक टूटकर 82,184 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 158 अंक लुढ़क कर 25,062 के स्तर पर आ गया। निवेशकों को आईटी, एफएमसीजी और रियल एस्टेट सेक्टर में सबसे ज्यादा नुकसान झेलना पड़ा। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से केवल 5 में तेजी और 25 में गिरावट रही। ट्रेंट, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 4 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई।

# टीसीएस और इन्फोसिस के बीच एआई एजेंट की दौड़

### दोनों दिग्गज कंपनियों ने बनाए 250 से ज्यादा एआई एजेंट्स

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय आईटी क्षेत्र की दो दिग्गज कंपनियां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के बीच एक नई प्रतिस्पर्धा में उतर चुकी हैं। यह प्रतिस्पर्धा सामान्य प्रयोजन (जनरल पर्पज) एआई से हटकर अब एजेंटिक एआई यानी एकल प्रयोजन वाले एआई एजेंट्स के विकास की होड़ बन गई है। दोनों कंपनियों का मानना है कि अब ग्राहक सामान्य एआई मॉडल की बजाय विशेष कार्यों के लिए बने एआई एजेंट्स की ओर रुख कर रहे हैं। इसी वजह से दोनों कंपनियां अपने-अपने एआई प्लेटफॉर्म पर नए-नए एजेंट्स विकसित करने में जुटी हैं। जहां इन्फोसिस ने अब तक लगभग 100 एआई एजेंट्स विकसित किए हैं, वहीं टीसीएस इस मामले में आगे बढ़ते हुए 150 से अधिक एआई एजेंट्स बना चुकी है। दोनों की रणनीति में स्पष्ट अंतर है। इन्फोसिस खुद को एआई फर्स्ट कंपनी के रूप में पेश कर रही है। इसका अर्थ है कि कंपनी सबसे पहले एआई तकनीक विकसित करती है और फिर उसे क्रमशः विभिन्न उद्योगों और व्यवसायों में अपने ग्राहकों तक पहुंचाती है। वहीं टीसीएस ह्यूमन प्लस एआई मॉडल पर काम कर रही है। यह मॉडल इंसानों और एआई एजेंट्स के बीच सहयोग को केंद्र में रखता है। कंपनी मानती है कि एआई अकेला नहीं, बल्कि इंसानी संसाधन के साथ मिलकर बेहतर परिणाम दे सकता है। साथ ही टीसीएस अपने एआई प्रयासों को मजबूत करने के लिए क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर और डेटा सेंटरों का भी विकास कर रही है।





**प्रमुख एआई प्लेटफॉर्म**

इन्फोसिस का प्रमुख एआई प्लेटफॉर्म टोपाज है। यह एकीकृत मंच है जो डिलीवरी, डेटा, क्लाउड और अन्य सेवाओं को समाहित करता है। इसके अंतर्गत कार्यों में दक्षता बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं टीसीएस का प्रमुख एआई प्लेटफॉर्म विजडमनेट है। यह कंपनी के एआई प्रयासों का चेहरा बन चुका है। इस प्लेटफॉर्म पर मौजूद बड़ी संख्या में एआई एजेंट्स ग्राहकों की उनकी आवश्यकताओं के अनुसार समाधान देने में सक्षम हैं। यह प्लेटफॉर्म बहु-क्षेत्रीय ग्राहकों में एआई अपनाने की गति को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।

# वीवीआईपी ड्यूटी के दौरान पुलिस जवानों के पौष्टिक भोजन पर संकट

### नाश्ता, लंच और डिनर के लिए 100 रुपए तय, इसमें पैकिंग चार्ज और जीएसटी भी शामिल

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** वीवीआईपी और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्यूटी के लिए तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता और मात्रा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मुख्यालय से बाहर की ग्राउंड ड्यूटी के दौरान कांस्टेबल से लेकर आईपीएस अफसरों तक को प्रतिदिन एक समय के नाश्ते और दो समय के भोजन के लिए केवल 100 रुपए मिलते हैं, जो भोजन की कैलोरी, मात्रा और गुणवत्ता के हिसाब से बेहद कम है। हैरानी की बात यह है कि यह राशि भी दो साल पहले ही बढ़ाई गई है।

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री या अन्य नेता जब सरकारी या राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए राज्य में आते हैं तो बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी वीवीआईपी ड्यूटी में तैनात किए जाते हैं। इनमें कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, एएसआई, एसआई, इंस्पेक्टर, डीएसपी, एसपी, एसपी समेत अन्य उच्च रैंक के अधिकारी शामिल होते हैं। इनमें से अधिकांश को कार्यक्रम स्थल पर अंतिम दिन से पहले ही आमद देनी होती है। उन्हें केवल 100 के भीतर नाश्ता, लंच और डिनर मुहैया कराने की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस लाइन में तैनात आरआई (रिजर्व इंस्पेक्टर) की होती है। इतनी कम राशि में मिलने वाला नाश्ता, लंच और डिनर न तो पौष्टिक होता है और न ही स्वाद और मात्रा के हिसाब से ठीक। ऐसे में पुलिस स्टाफ को अपना पेट भरने के लिए अपनी जेब से बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है। यही कारण है कि वीवीआईपी ड्यूटी पर पुलिस स्टाफ को मिलने वाले फूड पैकेट के बजाय, मजबूरी में कर्मचारी ठेलों-होटलों पर नाश्ता या खाना खाते दिखाई देते हैं। इससे वीवीआईपी ड्यूटी भी प्रभावित होती है। जवानों को दिए जाने वाले खाने को लेकर असंतोष पनप रहा है, लेकिन पुलिस के अनुशासित विंग होने से इसकी शिकायत नहीं हो पाती है।

**यह होनी चाहिए जवानों की आदर्श खुराक**



**सुबह का नाश्ता** (700-800 कैलोरी)- अंडा (2-3), दूध (एक कप), एक फल, ओट्स (आधा कप), सूखे मेवे (एक मुट्ठी)।

**लंच** (1000-1200 कैलोरी)- चावल, रोटी (3), दाल या बीन्स (एक कप), सब्जी (एक कप), दही (एक कप), चिकन या मछली (100-150 ग्राम)।

**शाम का नाश्ता** (300-400 कैलोरी)- एक फल, एक कप चाय या ग्रीन टी, एक मुट्ठी सूखे मेवे।

**डिनर** (800-1000 कैलोरी)- चावल, रोटी (3), दाल (एक कप), सलाद, सब्जी (एक कप), दही (एक कप), चिकन या मछली (100-150 ग्राम)।

(नोटः मांसाहारी भोजन न करने वालों को विकल्प के तौर पर छोले, राजमा या पनीर दिया जा सकता है।)

**जवानों को चाहिए 3600 कैलोरी 100 रुपए में मिलना असंभव**

जानकारों की मानें तो सैनिकों और जवानों की लंबी शारीरिक ड्यूटी के लिए उन्हें दिन में कम से कम 3600 कैलोरी की जरूरत होती है। इसके लिए नाश्ते, लंच और डिनर के अलावा शाम के समय भी ब्रंच दी जाना चाहिए। पोषण विशेषज्ञों के अनुसार नाश्ते में 800 कैलोरी, दोपहर के भोजन में 1200 कैलोरी, शाम के ब्रंच में 400 कैलोरी और रात के भोजन में 1200 कैलोरी मिलनी चाहिए। हालांकि एमपी पुलिस में इसके बजाय तीन समय का ही खाना दिया जाता है जिसमें चार पूरी और थोड़ी सी सब्जी ही होती है। यह भी कई बार ताजी नहीं होती क्योंकि संख्या के हिसाब से इसे रात को ही तैयार कर अगले दिन जवानों को बांटा जाता है।

### भोजन पर लगता है पांच प्रतिशत जीएसटी

भोपाल के रिजर्व इंस्पेक्टर जय सिंह तोमर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) से वीवीआईपी ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के भोजन के लिए प्रति दिन 100 आवंटित होते हैं। इसमें से नाश्ते के लिए 30, दोपहर के भोजन के लिए 35 और रात के खाने के लिए 35 तय हैं। इसके अलावा ठेकेदार फूड पैकिंग का शुल्क भी लेता है और 5 प्रतिशत GST भी लगता है। यह सब 100 में ही शामिल है। हालांकि RI के अनुसार, कई बार वीवीआईपी ड्यूटी में तैनात जवानों को सुबह का नाश्ता और दोपहर के भोजन के बजाय दोपहर का भोजन भी प्रदान किया जाता है, जिस पर 65 खर्च होते हैं। इसमें रोटी, दाल, सब्जी और चावल शामिल है। ऐसे में ड्यूटी पर तैनात जवान नाश्ते के समय या तो भूखे पेट ड्यूटी करते

### श्रीधाम एक्स. चलेगी परिवर्तित मार्ग से

**भोपाल।** रेलवे द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य के लिए उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में मथुरा रेलवे स्टेशन पर प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत रेल लाइन कनेक्टिविटी का कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान भोपाल मंडल से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस 1 अगस्त को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया निजामुद्दीन-गाजियाबाद-मथुरा जंक्शन-आगरा छावनी होते हुए गंतव्य को जाएगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस 1 अगस्त को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया आगरा छावनी-मथुरा जंक्शन-गाजियाबाद होते हुए गंतव्य को जाएगी।

### एजेंटों की ओडिशा व दिल्ली में तलाश, पीड़ितों को शिकायत से रोकने गिरोह ने बनाई फर्जी वेबसाइट

# 3200 करोड़ का इन्वेस्टमेंट फ्रॉड 180 करोड़ फ्रीज, 145 खाते होल्ड

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** दो माह पहले स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा किए गए इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के खुलासे में धोखाधड़ी का आंकड़ा 3200 करोड़ पहुंच गया है। एसटीएफ ने इस मामले में अब तक 180 करोड़ की राशि को फ्रीज करा दिया है और 145 खाते होल्ड कर दिए हैं। एसटीएफ को अब तक एमपी के 262 निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की शिकायत मिली है, जिनमें से 48 एसटीएफ के पास पहुंचे हैं। स्पेशल डीजी एसटीएफ पंकज श्रीवास्तव ने गुरुवार को बताया कि इन साइबर धोखेबाजों ने अब निवेशकों को पुलिस के पास जाने से रोकने के लिए नया पैंतरा आजमाया है। इन्होंने अब मिलते जुलते नामों से नई वेबसाइट, चैनल और ऐप बनाकर निवेशकों को उनका जल्द भुगतान करने का झांसा दे रहे हैं। इस गिरोह के एजेंट लोगों को समझा रहे हैं कि यदि वे जल्द भुगतान चाहते हैं तो पुलिस के पास जाने के बजाय नई वेबसाइट पर जाकर निवेश जारी रखें। एसटीएफ ने प्रदेश के लोगों और इस केस में फंसे निवेशकों को अलर्ट करते हुए कहा है कि वे इस गिरोह की बातों में न आकर सीधे एसटीएफ में शिकायत दर्ज कराएं।

**सरगना लविश के खिलाफ रेड नोटिस की तैयारी**

एसटीएफ ने दो माह पहले जब इस घोटाले का पर्दाफाश किया था उस समय इस गिरोह के बैंक खातों से 9 माह में लगभग 2200 करोड़ का ट्रांजेक्शन मिला था। अब 3200 करोड़ के ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली है। ये गिरोह बोटब्रो और मोटाफाइव टी के नाम से कंपनी बनाकर लोगों को साल में 72 प्रतिशत तक ब्याज का झांसा दे रहा था।

**हरियाणा में एक कंपनी को 300 करोड़ का हुआ भुगतान**



एसटीएफ को जांच में ये पता चला है कि यॉर्कर और बॉटब्रो नाम की कंपनियों में निवेश के नाम पर अलग-अलग खातों में जमा की गई 3200 करोड़ की रकम में से लगभग 300 करोड़ रुपए हरियाणा में एक कंपनी के खाते में भेजे गए हैं। जांच में सामने आया है कि दो कमरों के किराए के मकान में चल रही इस कंपनी के संचालक पति-पत्नी हैं और वे फरार हैं। इसके अलावा ओडिशा और दिल्ली में कई एजेंट अब भी इस गिरोह के लिए काम कर रहे हैं। इनकी तलाश में एसटीएफ की अलग अलग टीमों को दिल्ली, हरियाणा और ओडिशा भेजा गया है।

**सावधान..! इन वेबसाइट और चैनल्स के जरिए हो सकती है ठगी**

इसके अलावा फेसबुक पर ये संगठित साइबर फ्रॉड गिरोह आरविंद्र फ्रॉस मार्केट, वाट्सएप चैनल पर यॉर्कर एफएक्स फैमिली टॉप लीडर्स, फ्रॉस मार्केट अपडेट्स, फ्रॉस मार्केट ऑफिशियल और टेलीग्राम चैनल पर यॉर्कर अल्फा फैमिली नाम से एक्टिव हो गया है। इन सभी सोशल मीडिया नेटवर्किंग के जरिए ये लोगों को लालच देकर इन्वेस्टमेंट करवा रहे हैं।

गिरोह के लोग नई वेबसाइट, चैनल और लिंक बनाकर गुमराह कर रहे हैं। इसके बहकावे में न आएं और एजेंट की जानकारी एसटीएफ को दें। हरियाणा, दिल्ली और ओडिशा में एसटीएफ की टीमें गई हैं। ■ पंकज श्रीवास्तव, स्पेशल डीजी, एसटीएफ

## पुलिस थाना अतरैला गंज गांव के पास दिनदहाड़े हुई लाखों की लूट से आम जनमानस में दहशत

# लूट करने वाले गिरोह का फैला है आतंक

### दर्जन भर से ज्यादा लूट की घटनाओं का पुलिस नहीं कर पा रही खुलासा

**जवा ब्यूरो।** पुलिस अनुभाग डभौरा अंतर्गत आने वाले थाना क्षेत्रों में दो दर्जन से ज्यादा वाहनों में दिन दहाड़े हो रही लूट की घटनाओं से आम जनमानस में लूट गिरोह का आतंक एवं दहशत छाई है। लगातार रिपोर्ट के बावजूद किसी भी लूट की घटनाओं का खुलासा पुलिस द्वारा नहीं किया जाना पुलिस अधीक्षक रीवा के लिए चिंतन का विषय है। ताजा मामला पुलिस थाना अतरैला अंतर्गत डोरी भितरी से गंज गाँव के मुख्य सड़क मार्ग के लूट का है। उक्त जानकारी देते हुए पीड़ित प्रकाश कुमार गुप्ता पिता राम बहादुर गुप्ता उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट जवा थाना जवा ने अतरैला थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि 23 जुलाई को सुबह करीबन 9 बजकर 40 मिनट पर अपनी पत्नी प्रतीक्षा गुप्ता एवं 2 बहनों के साथ अतरैला बाजार अपने फूफा संजीव गुप्ता के यहां में अपनी पत्नी का पुराना गहना सोने की लॉकेट 2.5 ग्राम, एक सोने की छोटी लॉकेट 1 ग्राम, तीन जोड़ी चाँदी की पायल करीबन 10 तोला, तीन जोड़ी बिछिया करीबन 3 तोला, एक मंगल सूत्र सोने का 5 ग्राम लगभग एवं 25000 रुपये नकदी लेकर विपिन ज्वैलर्स अतरैला के यहां पुराना गहना बदलकर नया लेने अपनी मोटर साइकल से आने को तैयार हुआ था लेकिन एक मोटर साइकिल में 4 लोगों को आने में परेशानी आ रही थी। जिस कारण मैने अपनी पत्नी प्रतिक्षा गुप्ता एवं दोनों बहनों को जवा बाजार में एक ई-रिक्शा बुक करके उसी में सभी को बैठा दिया और ई-रिक्शा वाला अतरैला बाजार के लिये चल दिया। तब मैं जवा बाजार में अपने दुकान में काम करने लगा। कुछ देर बाद मेरी पत्नी प्रतीक्षा गुप्ता ने फोन करके बताया कि जब हम लोग ई-रिक्शा में बैठकर अतरैला बाजार आ रहे थे तभी एक मोटर साइकिल में तीन लोग बैठकर आये और चलते हुये ई-रिक्शा में झपट्टा मारकर भितरी एवं गंज के बीच मेन रोड में मेरा पर्स लूट कर भाग गये हैं और मैं गिरते गिरते बची। पर्स में घर से लिया पूरा गहना एवं पैसा रखा था। वहीं फरियादी प्रकाश गुप्ता ने बताया उक्त ऑटो को डोरी भितरी गांव का किशोर नाबालिग शिवम माझी पिता संतोष माझी चला रहा था और उसी गांव के बीच लूट की घटना घटती है। थाने में नाबालिग लड़के के ऊपर कोई मामला दर्ज नहीं किया क्योंकि वो नाबालिग था और कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है। रिपोर्ट लिखाने के बाद जब उस रास्ते के सीसीटीवी फुटेज जांच किया गया तो तीनों बाइक सवार ऑटो के पीछे पीछे जाते दिख रहे हैं। जिसमें कही न कही ऑटो वाले की मिलीभगत तो नही है, यह जांच का विषय है लेकिन अतरैला पुलिस ने उसे छोड़ दिया है। जबकि घटना 24 घंटे से ऊपर होने को हैं। अभी तक अतरैला पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी हुई है। आमजनों ने पुलिस अधीक्षक रीवा का ध्यानाकर्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की मांग की है।




## कोदो खाने से एक ही गांव के कई लोग बीमार, रीवा रेफर

**नईगढ़ी।** मऊगंज ज़िले के नईगढ़ी जनपद अंतर्गत ग्राम देवरी बघेलान, बरौंहा में कोदो की रोटी खाने के बाद कई ग्रामीणों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बीमार होने वालों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हैं। सुनीता बसोर को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है। बीमारों में प्रमुख रूप से आभा पटेल, अनुराधा पटेल, अनीता, आशा, मीना, सुग्गी, सरिता पटेल, अर्पण पटेल, अथर्व पटेल, राजकली साकेत पति राजेश साकेत, कुसुमकली साकेत पति श्रवणलाल साकेत, साहिल पटेल, प्रिया साकेत और सुनीता बसोर (निवासी बरौंहा) शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कोदो खाने के कुछ ही घंटों बाद सभी को उल्टी, चक्कर और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच के बाद डॉक्टरों ने खाद्य विषाक्तता की आशंका जताई है। समाजसेवी कुंजबिहारी तिवारी ने पहुंचकर मरीजों के परिजनों को हरसंभव मदद करने की घोषणा की और मरीजों के परिजनों ने द्वारा बताया गया कि यहां पर कोई पंखे नहीं चल रहे हैं, तत्काल कुंजबिहारी तिवारी द्वारा अस्पताल में कूलर की व्यवस्था करवाई गई। खबर लिखे जाने तक मऊगंज एसडीएम विजेंद्र प्रसाद पाण्डेय, नईगढ़ी तहसीलदार श्यामलाल मोगरे,समाजसेवी कुंजबिहारी तिवारी सहित स्थानीय अमला और समाजसेवी अस्पताल में मौजूद थे।

## 40 वर्ष पूर्व बने गंगतीरा विद्यालय के जर्जर भवन से हो सकती है गंभीर दुर्घटना

**चाकघाट।** जनपद पंचायत त्योंथर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगातीरा में स्थापित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय भवन का कमरा एवं छत अत्यंत जर्जर हो चुका है। बताया गया है कि इस भवन का निर्माण लगभग 40 वर्ष पूर्व हुआ था। विद्यालय में कुल पांच कमरें हैं। कमरों की छत एवं दीवार काफी जर्जर हो चुकी है। भवन की हालत देखकर ऐसा लगता है कि यह कभी भी गिर सकता है। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत गंगातीरा के सरपंच महेश पांडे ने पूर्व में भी त्योंथर क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी को इस विद्यालय भवन की दुर्गति के बारे में अवगत कराया था। इसके बाद उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक पत्र देकर स्थिति से अवगत कराया है। पत्र में कहा गया है कि विद्यालय भवन जर्जर हो गया है जो कभी भी गिर सकता है। यह विद्यालय भवन छात्रों को बैठाने एवं विद्यालय संचालन करते रहने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने एक चर्चा में बताया कि यदि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गंगोतीरा के इस विद्यालय भवन की शीघ्र मरम्मत नही कराई गई तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।




## नव ब्याहता की संदिग्ध मौत पर बवाल, पुलिस पर मामले को दबाने का लगा गम्भीर आरोप

### परिजनों ने कहा मौत की नहीं दी गई सूचना, लड़की के शरीर पर कई जगह चोट के निशान

**मऊगंज ब्यूरो।** बीती रात मऊगंज नगर के वार्ड 05 में नव ब्याहता की मौत बाद मायके पक्ष में कोहराम मच गया। आपको बता दें कि मृतका आबिदा अंसारी पिता यार मोहम्मद उर्फ (बबुली) वार्ड क्रमांक 05 ताजिया चौक मऊगंज ने लगभग तीन वर्ष पहले पड़ोसी युवक मोहम्मद अंसारी के साथ शादी रचा ली थी। मृतका के एक दो वर्ष का लड़का भी है । इस घटना को लेकर मृतका के परिजनों का आरोप है लड़की के पति और ससुराल वालो ने मिलकर उसे रात में मार डाला इसीलिए उसकी मौत की उन्होंने कोई सूचना नही दी और चुपचाप लड़की के शव को हॉस्पिटल के पीएम कक्ष में रखवा दिया। उसके बाद पता चला कि लड़की की मौत हो गई तो वे लोग मऊगंज पुलिस थाना गये लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नही की है। रोती बिलखती हुई मृतका की मां ने बताया कि आज अस्पताल में पीएम से पहले लड़की की हत्या की शिकायत दर्ज करने की वे सब गुहार लगाते रहे। लेकिन पुलिस ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कहते हुए उनसे जबरन अंगूठा लगवा लिया। मृतका की मां का आरोप है कि दो वर्ष पहले उसकी लड़की को मोहम्मद अंसारी ने भगाकर रचा ली थी शादी। जो कि बाद में 05 लाख दहेज की मांग करने लगा था ।



## प्रदेश अध्यक्ष और प्रतिभावान बच्चों का किया गया सम्मान

**सेमरिया।** खरे केसरवानी वैश्य समाज सेमरिया द्वारा प्रदेशिक सभा के अध्यक्ष बनने पर रावेन्द्र गुप्ता और प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय मोहनी पैलेस में किया गया । मुख्य अतिथि रावेन्द्र गुप्ता की उपस्थिति में संरक्षक जगन्नाथ गुप्ता ,रामाधार गुप्ता, सेमरिया समाज के अध्यक्ष बनारसी दास गुप्ता ,कोषाध्यक्ष उमेश गुप्ता, महिला मडंल अध्यक्ष शशि गुप्ता संरक्षक संगीता गुप्ता द्वारा युवा मंडल का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष दीपचंद्र गुप्ता ,कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता महामंत्री जितेन्द्र गुप्ता को बनाया गया। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ जनों ने अपने विचार व्यक्त किए । समाज से होनहार लोगों में विकेश गुप्ता पुत्र स्व. गोकुल गुप्ता के केजेई और मीना गुप्ता का महाविद्यालय में प्रोफेसर के पद में चयन होने पर सम्मान किया गया। समाज के युवा मंडल, वैश्य समाज महिला मंडल द्वारा सभी का भव्य स्वागत किया गया।



## न्यूज कार्नर

### गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह ने व्यक्त किया शोक

**गुढ़ (नि.प्र)।** गुढ़ तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी अशोक चतुर्वेदी का 22 जुलाई मंगलवार की रात दुःखद निधन हो गया। वे ग्राम सिलचट, बड़ागांव के निवासी थे। उनके निधन पर विधायक नागेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं एड. अनंत कुमार गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एल. मिश्रा, अंजू मिश्रा, विश्वंभर नाथ पटेल, नारायण मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, मुनिराज पटेल, राजकुमार मिश्रा, अरूण सिंह, डॉ. ज्ञानेश्वर द्विवेदी, एड. के.टी. निवास मिश्रा, बी.के. पाण्डेय, कपूरचंद्र सोनी, गीता तिवारी, कपिल पयासी, भूपेंद्र प्रताप सिंह, महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, मंतु यादव, प्रकाश सोनी, रामबाई कोल, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, लीलावती द्विवेदी, प्रभात तोमर, डॉ. भृगुनाथ पाण्डेय सहित सैकड़ों लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### महेश सिंह के निधन पर शोक व्यक्त



**मनगवां नि प्र।** मनगवां के जरहा निवासी गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह के चचेरे बड़े भाई महेश सिंह का बुधवार को निधन हो गया था। ज्ञात हो कि स्व. महेश सिंह शिक्षक पद से सेवानिवृत्त होकर पेंशनर एसोसिएशन एवं सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय मनगवां के आजीवन सदस्य थे। उनके निधन पर सरस्वती शिशु मंदिर मनगवां में 2 मिनट का मौन रख मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई साथ ही प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई मनगवां ने भी शोक व्यक्त किया है। महेश सिंह के निधन से समस्त सोमवंशी परिवार शोक में डूबा हुआ है। क्षेत्रवासियों सहित समर्थकों ने भी इस क्षति पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से सरस्वती विद्यालय मनगवां प्राचार्य अशोक मिश्र, लक्ष्मी नारायण सोनी, राम स्वयंवर गुप्ता, राम भुवन तिवारी , लवकुश गुप्ता, रावेद्र गुप्ता, लक्ष्मीकांत पटेल, फूलमती पटेल, महेश वर्मा राजेश बंसल, कार्यालय प्रमुख राम प्रसाद शुक्ला मनसुख लाल तिवारी, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील अध्यक्ष रामगोपाल मिश्रा, शेषमणि तिवारी, राजर्षि देव पांडे, हरिहर प्रसाद सोनी, छोटेलाल सोनी, सियामोहिनी शरण मिश्रा, राम निरंजन नामदेव, लालमणि शर्मा, रमाकांत शुक्ला, लक्ष्मण प्रसाद पांडे, चंद्रमौलि पांडे, दामोदर प्रसाद पयासी श्रवण कुमार तिवारी रामानुज तिवारी समेत कई अन्य शामिल हैं।

### नगर परिषद गुढ़ में चला सफाई अभियान

**गुढ़ (नि.प्र)।** नगर परिषद गुढ़ द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की गाइडलाइन अनुसार सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 09 में आईईसी टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में नाले-नालियों की सफाई करवाई गई तथा डोर-टू-डोर भ्रमण कर स्वच्छता पर लोगों को जागरूक किया गया।

### अतिक्रमणकारियों ने रोका सांदीपनि विद्यालय त्योंथर का काम

**त्योंथर ब्यूरो।** मध्य प्रदेश सरकार की शिक्षा के क्षेत्र में बहुआयामी योजना के तहत बनाई जा रही सांदीपनि विद्यालय त्योंथर का निर्माणाधीन विद्यालय भवन अतिक्रमण का शिकार हो गया है। ज्ञात हो कि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक त्योंथर के नाम पर पर्याप्त भूखण्ड उपलब्ध है, जिसमें विद्यालय भवन, ऑडिटोरियम, स्वीमिंग पूल, साइकिल स्टैंड, सड़क, गार्ड रूम, टीचर रूम, छात्रावास, फायर ब्रिगेड व स्टैंड आदि को सांदीपनि विद्यालय की निर्माण प्रक्रिया के तहत बनाया जाना है, सभी के लिए पर्याप्त जमीन है। ठेकेदार व इंजीनियर द्वारा बताया जा रहा है कि कुछ ग्रामीणों द्वारा तथा निर्माणाधीन विद्यालय भवन से सटे स्वामी विवेकानंद विद्यालय प्रबंधन द्वारा ठेकेदार को काम किए जाने से रोका जा रहा है। ठेकेदार द्वारा बताया गया कि कोई भी जिम्मेदार प्रशासनिक अमला इन चीजों को देखने नहीं आ रहा है,और लगातार हमारा काम पिछड़ रहा है। भवन निर्माण के बाद अब, साइकिल स्टैंड,फायर ब्रिगेड स्टैंड,सड़क, बाउंड्री आदि का काम अब चालू किया जाना है, हालांकि निर्माण प्रक्रिया की शुरूआत से ही काम को प्रभावित किया जाता रहा है, साथ ही अतिक्रमण को खुली आंखों से ही देखा जा सकता है। त्योंथर के आम जन मानस के साथ-साथ विद्यालय के छात्र छात्राओं और अभिभावकों ने सक्षम अधिकारियों और जिला प्रशासन से अतिक्रमण मुक्त कराने की अपील की है जिससे प्रशासन और आम जनता की उम्मीदों और सपनों पर पानी ना फिरे।

## छात्र-छात्राओं को मिला डेंगू से बचाव का मंत्र



### स्कूल में आयोजित हुआ स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम

**नि.प्र.नईगढ़ी।** डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम एवं समुदाय में जनजागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 15, रतहरा स्थित नर्मदा पब्लिक हाई स्कूल में एक विशेष स्कूल हेल्थ एक्टिविटी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला मलेरिया कार्यालय एवं गोदरेज इंडस्ट्रीज के सहयोग से फैमिली हेल्थ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में क्रियान्वित एंबेड परियोजना द्वारा चलाए जा रहे डेंगू जागरुकता अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिखा द्विवेदी (ङ्क्चक्चङ्ग, जिला मलेरिया कार्यालय), कंचन सिंह (रीजनल कोऑर्डिनेटर, एंबेड) तथा अजीता तिवारी (यूथ वॉलंटियर) के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिखा द्विवेदी ने बच्चों को डेंगू रोग के कारण, लक्षण और इसके फैलाव के तरीकों की जानकारी दी। कंचन सिंह ने डेंगू से बचाव के घरेलू उपायों पर बल देते हुए कहा कि आसपास पानी जमा न होने दें। उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए डेंगू से संबंधित मिथकों और वास्तविक तथ्यों को स्पष्ट किया। अजीता तिवारी ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, स्वच्छता अपनाने और समुदाय में जागरुकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को डेंगू से बचाव संबंधी पंपलेट वितरित किए गए, जिनमें रोग के लक्षण, बचाव के उपाय, उपचार की जानकारी दी गई। बच्चों ने पंपलेट में दी गई जानकारियों को गंभीरता से पढ़ा और विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने सरल व प्रभावी भाषा में उत्तर दिया। यह कार्यक्रम डेंगू की रोकथाम के लिए जिले में किए जा रहे प्रयासों की एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल रही, जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की सार्थक सहभागिता उल्लेखनीय रही।

## नगर परिषद सिरमौर ने चलाया हांका अभियान

### सड़कों से हटाए गए आवारा मवेशी

**सिरमौर।** आवारा मवेशियों ने सड़कों में इस कदर डेरा जमा लिया की आम क्या खास क्या, आखिरकार उन्हें हटाने के लिए एसडीएम को निर्देश देना पड़ा। सिरमौर-रीवा एनएच 135बी सहित नगर परिषद सिरमौर के प्रमुख मार्गों में आवारा पशुओं को लेकर नवागत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिरमौर प्रमोद कुमार पांडेय के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार सिंह को सड़कों से आवारा पशुओं को हटाए जाने तथा समीपी गौशाला तक पहुंचाने के संबंध में दूरभाष पर निर्देश दिए गए । अश्वनी कुमार तिवारी जनसंपर्क प्रभारी नप सिरमौर ने जानकारी देते हुए बताया कि नप अध्यक्ष संदीप सिंह के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार सिंह द्वारा निकाय की गठित हांका टीम को मोतीलाल मुड़हा के नेतृत्व में निर्देशित किया जाकर तत्काल आवारा पशुओं को सड़कों से हटवाया गया ।

### नप में लगातार चलेगा हांका अभियान

नगरीय क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से आवारा पशुओं को हटाए जाने के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा । नगर के सिरमौर रीवा रोड, जय स्तंभ चौराहा, चचाई रोड , डभौरा रोड , क्योटी मार्ग के साथ साथ शासकीय कार्यालय के समीप आवारा घूम रहे पशुओं को एकत्रित कर निकाय के समीपी गौशाला तक लगातार पहुंचाया जाएगा । वहीं श्री सिंह ने कहा की चिन्हित रजिस्टर्ड पशुमालिकों की जानकारी पशु चिकित्सालय से एकत्रित कर उल्लंघन करते पाए जाने वाले पशु मालिको पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी ।

## कैंडल मार्च निकाला कर वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि



**जागरण सोहागी।** पं.चन्द्र शेखर युवा उत्थान संस्थान त्योंथर द्वारा सोहागी चौराहे से थाना तक कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर आजादी के महानायकों के छायाचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। थाना प्रभारी सोहागी पवन शुक्ला ने चंद्रशेखर आजाद व बाल गंगाधर तिलक के बारे में बताया कि वह ऐसे अग्रणी नेता थे जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की भावना को दृढ़ विश्वास के साथ प्रज्वलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर उमाशंकर तिवारी,आजाद अनिकेत संगठन अध्यक्ष, अभिषेक शुक्ला उपाध्यक्ष, अशोक गुप्ता,शनि जायसवाल, अजीत दुवे,प्राकृत चंद्र गुप्ता,आदर्श मिश्रा, आयुष केसरवानी,सत्यम गुप्ता, साहिल नामदेव,दिलीप वर्मा ,आशीष कुमार, आदित्य चतुर्वेदी,कुनाल गुप्ता, सुधांशु चतुर्वेदी, शिवम, विनय मिश्रा,विजय बहरौलिया ,शिवदयाल तिवारी दिलीप बहरोलिया ज्ञान प्रकाश मिश्र,अभिषेक तिवारी,सहित युवा शक्ति संघ सोहागी के भी अन्य कार्यकर्ता एवं मार्गदर्शक उपस्थित रहे।

## बैंक से संबंधित विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी



**मऊगंज ब्यूरो।** ग्राम पंचायत मड़ना के सचिव रोशन लाल पटेल द्वारा वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल रहीं वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच प्रदीप कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर असिस्टेंट काउंसलर (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र तथा सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत मनकहरी संतोष कुमार साकेत उप सरपंच मड़ना रुपेश कुशवाहा उपस्थित रहे। एलडीएम मऊगंज द्वारा बैंक से संबंधित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक दीपक गुप्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुशील कुशवाहा निर्मला केवट विमला वर्मा सुशीला केवट सहायिका सुनीता प्रजापति माया देवी केवट राजकुमारी वर्मा आशा कार्यकर्ता सुषमा सिंह अंजनी कुमार सिंह अखिलेश मिश्रा लालमणि केवट अखिलेश केवट सहित महिला एवं पुरुष हितग्राही उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक दीपक गुप्ता द्वारा आए हुए अतिथियों एवं ग्राम पंचायत की जनता का आभार प्रकट किया गया।

## अमर शहीद नंदू तिवारी के नाम का गेट ठंडे बस्ते में




### 15 अगस्त तक स्टेच्यू नहीं बनी तो करेंगे अनशन-हड़ताल

**हनुमना।** अमर शहीद नंदू तिवारी जो देश सेवा में संघर्ष करते हुए शहीद हो गए, जिनकी याद में गौरी विद्यालय में हर वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और उनके परिवार के सदस्य जनों को आमंत्रित किया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरपंच भाईलाल की अध्यक्षता में अपने कार्यकाल की प्रथम पंचायत बैठक पंच प्रतिमा मिश्रा के द्वारा की गयी थी। पहले ही प्रस्ताव में सभी पंच गण और सरपंच की सहमति के साथ निर्णय लिया गया था की अमर शहीद नंदू तिवारी के नाम से शहीद गेट और स्टेच्यू बनाया जाएगा। लेकिन दुर्भाग्य है कि आज तक उस प्रस्ताव को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। गेट तो दूर उनकी याद में प्रतिमा तक नहीं बनवाई गई । अगर ग्राम पंचायत सगहन कला के सरपंच और सचिव के द्वारा सगहन पंचायत के गौरव अमर शहीद नंदू तिवारी के याद में आगामी 15 अगस्त तक उनकी प्रतिमा बनवा कर कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाता तो अमर शहीद के हक के लिए भूख हड़ताल व आमरण अनशन होगा।

## चंद्रशेखर आजाद ने आजादी की लड़ाई में क्रांतिकारी योगदान दिया और अंत तक आजाद रहे

### चंद्रशेखर आजाद की 120 वीं जयंती पर हुआ विचार संगोष्ठी का आयोजन



**मऊगंज।** आजादी के आंदोलन के अमर योद्धा चंद्रशेखर आजाद की 120 वीं जयंती के अवसर पर मऊगंज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने एक विचार संगोष्ठी देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण मंच के बैनर चले आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड प्राचार्य उमाकांत पाण्डेय एवं संचालन सामाजिक कार्यकर्ता शेषमणि शुक्ला ने किया। संगोष्ठी को प्रमुख रूप से संबोधित करते हुए लोकतंत्र सेनानी समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक अजय खरे ने कहा कि क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का पूरा जीवन संघर्ष का रहा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आजादी के आंदोलन के संघर्ष से प्रभावित होकर वह स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े थे। लेकिन कुछ घटनाएं ऐसी घटी जिसके चलते उन्हें देश की आजादी के लिए अपना रास्ता बदलना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने कभी महात्मा गांधी की आलोचना नहीं की। आजाद अंतिम समय तक आजाद रहे। कार्यक्रम का आयोजन देश बचाओ पुनर्जागरण अभियान के राष्ट्रीय संयोजक मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की शहादत ने देश में क्रांतिकारी राजनीति को मजबूत किया। उनका त्याग और बलिदान व्यर्थ नहीं गया। देश के जन-जन में आजादी के आंदोलन की भूमिका बलवती हुई। गांधी विचार मंच के संयोजक रामेश्वर गुप्ता ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की विचारधारा लोकतांत्रिक एवं समाजवादी क्रांतिकारी मूल्य पर आधारित थी। सामाजिक कार्यकर्ता शेषमणी शुक्ला ने कहा कि जिस देश में त्याग और बलिदान का दौर खत्म हो जाता है वहां गुलामी दस्तक देने लगती है। देश को चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों को हमेशा याद रखना चाहिए। उनके त्याग और बलिदान से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती रहेगी। संपन्न संगोष्ठी में प्रमुख रूप से अशोक पाण्डे, ईश्वरी प्रसाद, बेनी माधव मिश्रा, बनवारी लाल पाण्डे, प्रदीप कुमार द्विवेदी ऋञ्झ्ढ कार्यकर्ता शिवानंद, दीनानाथ मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, शिव प्रसाद तिवारी, प्रशांत पाण्डे, राकेश पटेल किसान नेता, नरेन्द्र बहादुर सिंह किसान संघ अध्यक्ष, अखिलेश पांडेय सामाजिक कार्यकर्ता , प्रिंस पाण्डे,दशरथ शुक्ल आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# 17 साल की उन्नति का बड़ा उलटफेर, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधू को हराया

## चाइना ओपनः हुड्डा पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में



मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं आज जीत जाऊंगी। लेकिन मैं यह सोचकर आई थी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करूंगी। मैच का नतीजा भले ही कुछ भी रहे। इसलिए उनके खिलाफ जीतना मेरे लिए भी हैरानी भरा था। लेकिन मैं खुश हूं कि मैं आज उनके खिलाफ जीतने में सफल रही। यह मेरे लिए काफी मुश्किल मैच था।
■ उन्नति हुड्डा

**जेएनएन, चांग्झू ( चीन )।** उन्नति हुड्डा ने अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर गुरुवार को चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपनी प्रतिष्ठित हमवतन खिलाड़ी का केवल दूसरी बार सामना करते हुए 17 साल की हुड्डा ने कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। वह पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। रोहतक की इस किशोरी ने 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीते थे। वह अगले दौर में जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से भिड़ेगी।

**07** सात साल में पहली बार सिंधू किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में किसी साथी भारतीय से हारी हैं। पिछली बार उन्हें 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में साइना नेहवाल से हार का सामना करना पड़ा था। वह 2019 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी साइना से ही हार गई थी।

मुझे लगा कि शटल को नियंत्रित करना थोड़ा मुश्किल था। तीसरे गेम में उसने बढ़त बनाई और इसे बरकरार रखा। उसके लिए यह काफी अच्छा है। वह आगे बढ़ रही है, उसे शुभकामनाएं।
■ पीवी सिंधू



### सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, प्रणय बाहर

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लेकिन एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊ तिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गए। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की। पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-16 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही।

# फिडे महिला विश्व कप फाइनल में हम्पी की भिड़ंत दिव्या देशमुख से

## दोनों खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई

**बातुमी ( जॉर्जिया ), जेएनएन।** ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने गुरुवार को फिडे महिला विश्व कप सेमीफाइनल में चीन की टिंगजी लेई को टाईब्रेकर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब फाइनल उनका सामना हमवतन भारतीय दिव्या देशमुख से होगा। शनिवार से होने वाले फाइनल में जगह बनाने वाली हम्पी और दिव्या दोनों ने अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया है। सामान्य समय नियंत्रण में पहली दो बाजी ड्रॉ होने के बाद हम्पी को टाईब्रेकर में 1-1 से ड्रॉ के साथ संतोष करना पड़ा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के लिए 15-15 मिनट की दो बाजी अतिरिक्त समय के साथ थी। अगली दो टाईब्रेक बाजी 10-10 मिनट की थी। लेई ने पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन हम्पी ने मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद दूसरी बाजी जीतकर मुकाबला फिर बराबर कर दिया। टाईब्रेक बाजी के तीसरे सेट में हम्पी ने पहली बाजी में सफेद मोहरों से शुरुआत की और खेल के सभी विभागों में लेई को परास्त करते हुए इसे जीत लिया। पहली बाजी जीतने के बाद फाइनल में पहुंचने के लिए हम्पी को बस एक ड्रॉ की जरूरत थी और उन्होंने जीत हासिल करके खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।




## खेल एक नजर

### डूरंड कपः जमशेदपुर ने त्रिभुवन आर्मी को 3-2 से शिकस्त दी

**जमशेदपुर, जेएनएन।** जमशेदपुर एफसी ने त्रिभुवन आर्मी पर 3-2 से रोमांचक जीत के साथ अपने डूरंड कप अभियान की शुरुआत की। मुख्य कोच खालिद जमील ने मैच की शुरुआत छह नए खिलाड़ियों के साथ की और नवोदित सार्थक गोलुई और मनवीर सिंह ने गोल किए। मैच की शुरुआत तेज गति से हुई। चौथे मिनट में प्रफुल्ल कुमार के लंबे थ्रो ने बॉक्स के अंदर भ्रम की स्थिति पैदा कर दी, और सार्थक ने गोलकीपर के ऊपर से गेंद को आगे बढ़ाते हुए जमशेदपुर को शुरुआती बढ़त दिला दी। त्रिभुवन आर्मी ने 26वें मिनट में जवाब दिया, जब उनके कप्तान जॉर्ज कार्की ने डिफेंस में एक क्षणिक चूक का फायदा उठाकर स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन जमशेदपुर ने संयम बनाए रखा। छह मिनट बाद एक और नए खिलाड़ी विंसी बैरेटो ने मनवीर सिंह को एक बेहतरीन ले-ऑफ दिया। मनवीर ने एक तंग कोण से गोल करके बढ़त बहाल कर दी। सनन के फ्री हेडर से गोलपोस्ट की छत पर गेंद लगने से स्कोर लगभग 3-1 हो गया था।




### पोलैंड में नीरज चोपड़ा और नदीम का आमना-सामना असंभव : बट

**कराची, जेएनएन।** पोलैंड में डायमंड लीग में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और मौजूदा चैंपियन अरशद नदीम के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले पर अनिश्चितता बनी हुई है, क्योंकि पाकिस्तानी भाला फेंक खिलाड़ी की हाल में इंग्लैंड में पिंडली की मांसपेशियों की सर्जरी हुई है। चोपड़ा और नदीम 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद अगले महीने पहली बार आमने-सामने होने वाले थे। पाक एथलीट ने पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो से स्वर्ण पदक जीता था। टोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण पदक जीतने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में डायमंड लीग और फिर अगले महीने स्विट्जरलैंड में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने वाले थे। नदीम के कोच सलमान बट इंग्लैंड में उनके साथ हैं। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन का दोनों स्पर्धाओं में खेलना अनिश्चित हैं, क्योंकि उनका ध्यान सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वापसी पर लगा है। बट ने कहा कि वह (नदीम) सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, इसलिए उन्होंने अपनी पिंडली की मांसपेशी की सर्जरी कराने का फैसला किया जो पिछले कुछ समय से परेशान कर रही थी।

### सुमित नागल टैम्पियर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने नीदरलैंड के मैक्स हूकेस को हराकर टैम्पियर चैलेंजर स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि अर्जुन काधे और विजय सुंदर प्रशांत स्विट्जरलैंड में जुग ओपन के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में हार गए। मैच के लिए सर्विस करते हुए नागल को दूसरे सेट के 10वें गेम में कई ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन वह 6-2, 6-4 से जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहे। अगले दौर में नागल का सामना अर्जेंटीना के क्वालिफायर निकोलस किकर से होगा जिन्होंने नॉर्वे के पांचवीं वरीयता प्राप्त विक्टर डुरासोविक को हराया। इस महीने इटली के ट्राइस्टे में क्वालिफायर के रूप में सेमीफाइनल तक पहुंचना नागल का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। नागल ने अपने करियर में छह चैलेंजर एकल खिताब जीते हैं। इस बीच एटीपी चैलेंजर जुग ओपन में शीर्ष वरीयता प्राप्त काधे और प्रशांत क्वार्टर फाइनल में शिमोन कीलन और फिलिप पिएजोंका की पोलैंड की जोड़ी से 3-6, 4-6 से हारकर बाहर हो गए। काधे और प्रशांत ने जिरिज बर्नाट और फिलिप डूडा की चेक गणराज्य की जोड़ी को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी।



# फ्रैक्चर के बावजूद पंत की रिकॉर्ड पारी डकेट-क्रॉली ने इंग्लैंड को मजबूत किया

## मैनचेस्टर टेस्ट : भारत के पहली पारी में 358 रन, इंग्लैंड ने दो विकेट पर 225 रन बनाए

**जेएनएन, मैनचेस्टर**

कप्तान बेन स्टोक्स (72 रन पर पांच विकेट) ने आठ साल में पहली बार पांच विकेट चटकाकर भारत को 358 रन पर समेटा, जिसके बाद बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके इंग्लैंड को पहली पारी में दो विकेट पर 225 रन तक पहुंचाकर चौथे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा। डकेट ने 94 रन की पारी खेलने के अलावा क्रॉली (84) के साथ पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी करते हुए भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाकर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने भारतीय तेज गेंदबाजों की दिशाहीन गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाया और इस दौरान 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर बल्लेबाजी करना) की झलक भी दिखाई, जिसके लिए टीम मशहूर है। दिन का खेल खत्म होने पर ओली पोप 20, जबकि जो रूट 11 रन बनाकर खेल रहे थे। इंग्लैंड अब भारत के पहली पारी के 358 रन के स्कोर से सिर्फ 133 रन पीछे है, जबकि उसके आठ विकेट शेष हैं। स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने दूसरे दिन बेहतर गेंदबाजी करते हुए भारत को 358 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। रिषभ पंत ने पैर में फ्रैक्चर के बावजूद 75 गेंद में 54 रन की पारी खेली। उन्हें चलने में परेशानी हो रही थी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अर्धशतक पूरा किया। शार्दुल ठाकुर (41) ने भी जुझारू पारी खेलकर भारत का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।




- पंत ने इंग्लैंड में एक विकेटकीपर के तौर पर सीरीज में सर्वाधिक रन (479*) बनाए। इससे पहले एलेक्स स्टीवर्ट ने 1998 में 464 रन बनाए थे। जेमी स्मिथ ने जारी सीरीज में 415 रन बनाए हैं।
- पंत एक सीरीज में सर्वाधिक अर्धशतक (5*) लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। फारूख इंजीनियर ने 1973 में इंग्लैंड के खिलाफ 4 बार, जबकि धोनी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2009 में और फिर इंग्लैंड के खिलाफ 2014 में 4-4 बार ये कमाल किया है।
- पंत ने इंग्लैंड में नौवीं बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया है। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का इंग्लैंड में बनाया गया आठ से अधिक बार 50 प्लस स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा।
- पंत भारत के लिए वीरेंद्र सहवाग के साथ टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। भारत के लिए दोनों के ही नाम अब 90 छक्के हैं, सहवाग ने टेस्ट में कुल 91 छक्के लगाए थे, जिसमें 90 भारत की ओर से और एक छक्का उन्होंने आईसीसी विश्व 11 की तरफ से जड़ा था।

अंशुल कंबोज ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय विकेट के रूप में डकेट को कीपर के हाथों कैच आउट कराया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारीः 358/10 (114.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का. ब्रूक बो. डॉसन | 58 | 107 | 10 | 1 |
| केएल राहुल का. क्रॉली बो. वोक्स | 46 | 98 | 4 | 0 |
| साई सुदर्शन का. कार्स बो. स्टोक्स | 61 | 151 | 7 | 0 |
| गिल पगबाधा बो. स्टोक्स | 12 | 23 | 1 | 0 |
| रिषभ पंत बो. आर्चर | 54 | 75 | 3 | 2 |
| रविंद्र जडेजा का. ब्रूक बो. आर्चर | 20 | 40 | 3 | 0 |
| ठाकुर का. डकेट बो. स्टोक्स | 41 | 88 | 5 | 0 |
| वॉशिंगटन का. वोक्स बो. स्टोक्स | 27 | 90 | 2 | 0 |
| कंबोज का. स्मिथ बो. स्टोक्स | 0 | 3 | 0 | 0 |
| बुमराह का. स्मिथ बो. आर्चर | 4 | 7 | 1 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 5 | 7 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** : 30, **कुलः** 114.1 ओवर में 358 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** : 1-94, 2-120, 3-140, 4-235, 5-266, 6-314, 7-337, 8-337, 9-349, 10-358, **गेंदबाजी** : क्रिस वोक्स 23-5-66-1, जोफ्रा आर्चर 26.1-3-73-3, ब्राइडन कार्स 21-1-71-0, बेन स्टोक्स 24-3-72-5, लियम डॉसन 15-1-45-1, जो रूट 5-0-19-0.

**इंग्लैंड पहली पारी : 225/2 (46 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जैक क्रॉली का. राहुल बो. जडेजा | 84 | 113 | 13 | 1 |
| बेन डकेट का. ध्रुव बो. कंबोज | 94 | 100 | 13 | 0 |
| ऑली पोप खेल रहे हैं | 20 | 42 | 3 | 0 |
| जो रूट खेल रहे हैं | 11 | 27 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त** : 16, **कुल** : 46 ओवर में दो विकेट पर 225 रन, **विकेट पतन** : 1-166, 2-197, **गेंदबाजी** : जसप्रीत बुमराह 13-4-37-0, अंशुल कंबोज 10-1-48-1, मोहम्मद सिराज 10-0-58-0, शार्दुल ठाकुर 5-0-35-0, रविंद्र जडेजा 8-0-37-1.

# एशिया कप यूएई में, हो सकती है भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत

## बीसीसीआई तैयार, टी-20 टूर्नामेंट की जल्द घोषणा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आगामी एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार है और इसकी औपचारिक घोषणा कुछ ही दिनों में होने की उम्मीद है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एसीसी की बैठक के बाद यह फैसला हुआ, जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने आयोजन स्थल पर चर्चा के लिए हिस्सा लिया। बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व इसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वर्चुअली किया। एसीसी के सूत्र ने बताया, बीसीसीआई यूएई में एशिया कप की मेजबानी करेगा। भारत के अपने सभी मैच दुबई में खेलने की संभावना है। कार्यक्रम पर अब भी विचार-विमर्श चल रहा है। यह टूर्नामेंट सितंबर में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक समय तक चलेगा। इसे महीने के अंतिम सप्ताह से पहले समाप्त करना होगा, क्योंकि इसी समय भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। ढाका में एसीसी अध्यक्ष और पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभावित भारत-पाक मैच के बारे में पूछे जाने पर कुछ नहीं बताया। नकवी ने कहा- हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। हमने बीसीसीआई के साथ चर्चा की थी और कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हम जल्द ही सुलझा लेंगे।



## अगले साल इंग्लैंड में पांच टी-20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलेगा भारत

**मैनचेस्टर, जेएनएन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को घोषणा की है कि भारत अगले साल सीमित ओवरों की सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा, जिसमें पांच टी-20 और तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं। भारत का दौरा एक जुलाई को डरहम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जिसके बाद मैनचेस्टर (चार जुलाई), नॉटिंघम (सात जुलाई), ब्रिस्टल (नौ जुलाई) और साउथम्प्टन (11 जुलाई) में मैच खेले जाएंगे। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 14 जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगी। इसके बाद 16 जुलाई को कार्डिफ और 19 जुलाई को लॉर्ड्स में मैच खेले जाएंगे। भारतीय महिला टीम भी अगले साल फिर से इंग्लैंड का दौरा करेगी। वह इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज और एक टेस्ट मैच खेलेगी। टी-20 सीरीज 28 मई को चेम्सफोर्ड में शुरू होगी। उसके बाद 30 मई को ब्रिस्टल और दो जून को टॉन्टन में मैच खेले जाएंगे। एकमात्र टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम दो टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की मेजबानी भी करेगी, जबकि हैरी ब्रूक की सीमित ओवरों की टीम वनडे और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के अलावा श्रीलंका की मेजबानी करेगी।

# श्रेयंका व प्रिया भारत-ए महिला टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा भारत महिला-ए टीम के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गई हैं। दोनों खिलाड़ियों का इस दौरे में भाग लेना भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 10 जुलाई को दी जाने वाली फिटनेस मंजूरी पर निर्भर था, लेकिन दोनों खिलाड़ी अभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में हैं और वर्तमान में अपने खेलने के लिए वापसी के प्रोटोकॉल का पालन कर रही हैं। भारत-ए को ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ तीन टी-20, तीन 50 ओवर के मैच और चार दिवसीय एक लाल गेंद के मैच वाली बहु प्रारूप सीरीज खेलनी है। सीरीज सात अगस्त को मैकाय में पहले टी-20 मैच के साथ शुरू होगी, जिसके बाद नौ और 10 अगस्त को इसी मैदान पर अन्य दो मैच खेले जाएंगे। तीन वनडे मैच 13, 15 और 17 अगस्त को नॉर्थ्स में खेले जाएंगे। एकमात्र बहु दिवसीय मैच 21 अगस्त से ऑस्ट्रेलिया के एल्बियन स्थित एलेन बॉर्डर फील्ड में खेला जाएगा। महिला चयन समिति ने अब तीनों प्रारूपों में धारा गुर्जर (जिन्हें पहले वनडे और बहु दिवसीय टीम में शामिल किया गया था) और प्रेमा रावत (जो पहले टी-20 टीम का हिस्सा थीं) को शामिल किया है। समिति ने यस्तिका भाटिया को भी वनडे टीम में जगह दी है।



## फ्रिट्ज डीसी ओपन के तीसरे दौर में, वीनस युगल में बाहर

**वाशिंगटन, जेएनएन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने सीधे सेट में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन एक साल से भी अधिक समय बाद वापसी करने वाली वीनस विलियम्स को महिला युगल में हार का सामना करना पड़ा। विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले फ्रिट्ज ने अलेक्जेंडर वुकिक पर 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। पहले दौर में बाई मिलने के बाद फ्रिट्ज अब तीसरे दौर में माटेओ अर्नाल्डी का सामना करेंगे, जिन्होंने 16वें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो सोनेगो को 7-5, 7-5 से हराया। महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को मारिया सकारी ने 7-5, 7-6 (1) से हरा दिया। इस बीच वीनस विलियम्स और उनकी जोड़ीदार हैली बैप्टिस्ट का युगल में अभियान दूसरे दौर में चैंपियन टाईब्रेकर में दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और झांग शुआई की जोड़ी से 6-4, 3-6, 10-6 से हार के साथ समाप्त हो गया।

# बोनमाटी के गोल से स्पेन पहली बार यूरो फाइनल में, खिताबी मुकाबला इंग्लैंड से

**जेएनएन, ज्यूरिख**

टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बीमार होने के कारण कुछ दिन अस्पताल में बिताने वाली ऐताना बोनमाटी के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने जर्मनी को 1-0 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया, जहां रविवार को उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दोनों टीम निर्धारित समय में गोल नहीं कर पाई थी, इसके बाद दो बार की बैलन डीओर विजेता बोनमाटी ने अतिरिक्त समय में 113वें मिनट में निर्णायक गोल किया। यूरो 2025 का फाइनल 2023 में खेले गए महिला विश्व कप के फाइनल की पुनरावृत्ति होगा। तब स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया था। स्पेन की जर्मनी के खिलाफ यह पहली जीत थी। वह पहली बार यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा है। स्पेन ने पिछले दो साल में विश्व कप और नेशंस कप जीते हैं और अब उसकी निगाह खिताब की हैट्रिक पूरी करने पर होगी। यूरो 2025 के लिए बोनमाटी की तैयारियां उस समय गंभीर रूप से प्रभावित हो गई थी जब टूर्नामेंट से एक सप्ताह से भी कम समय पहले बार्सिलोना की मिडफील्डर को वायरल मैनिंजाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था।



मैं इस खेल में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना चाहती थी और मैं उन सभी लोगों की आभारी हूं, जिन्होंने मुझे इस स्तर तक पहुंचने में मदद की क्योंकि अकेले ऐसा करना संभव नहीं था।
ऐताना बोनमाटी

# न्यूजीलैंड की लगातार चौथी जीत, जिम्बाब्वे को हराया

## टी-20 त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ंत

**हरारे, जेएनएन।** न्यूजीलैंड ने टी-20 त्रिकोणीय सीरीज के छठे मुकाबले में गुरुवार को मेजबान जिम्बाब्वे को 60 रन से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। शनिवार को फाइनल में न्यूजीलैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका ने पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 पोजिशन पर रहकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टिम सीफर्ट (45 गेंद पर 75 रन) और रचिन रविंद्र (39 गेंद पर 63 रन) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 6 विकेट पर 190 रन बनाए। जिम्बाब्वे के रिचर्ड नगारवा ने 4 और तिनोतेंदा मपोसा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे 18.2 ओवर में 130 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने 44 रन पर 5 विकेट गंवा दिए। टोनी मुनयोंगा ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच ईश सोढ़ी ने 12 रन देकर चार विकेट झटके। मैट हेनरी को दो सफलता मिली।



## पाक ने जीता तीसरा टी-20, बांग्लादेश ने सीरीज

**ढाका, जेएनएन।** पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज के तीसरे और अंतिम टी-20 में बांग्लादेश को 74 रन से शिकस्त दी। पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुकी बांग्लादेश 178 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 104 रन पर सिमट गई। पाक के शाहिबजादा फरहान ने 63 और हसन नवाज ने 33 रन बना। बांग्लादेश के सात विकेट 41 रन पर गिर चुके थे। अंत में सैफुद्दीन ने 35 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम को 100 के पार पहुंचा दिया।

### सामान्य सभा की बैठक 30 जुलाई को

**रीवा।** जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक 30 जुलाई को अपरान्ह 2.30 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह बैठक 17 जुलाई को होनी थी जिसे अतिवृष्टि के कारण स्थगित कर दिया गया था।

### हिनौती गौधाम में क्षमता से अधिक गौवंश को प्रवेश न देने के निर्देश

**रीवा।** अनुविभागीय अधिकारी सिरमौर ने हिनौती गौधाम प्रबंधक को निर्देश दिये हैं कि गौधाम में क्षमता से अधिक गौवंश को प्रवेश न दिया जाय। उन्होंने कहा है कि हिनौती गौधाम में अतिरिक्त शेड निर्माण का कार्य प्रगति पर है तथा वर्तमान में गौवंश की पर्याप्त संख्या है। जब तक अतिरिक्त शेड नहीं बन जाते तब तक अतिरिक्त गौवंश को गौधाम में प्रवेश न दिया जाय।

# 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ाया पटवारी

## लोकायुक्त की तीन दिन में दूसरी ट्रेप कार्रवाई



**जागरण, रीवा।** लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक रीवा सुनील पाटीदार के पदभार संभालते ही रीवा और शहडोल संभाग में ट्रेप कार्रवाई एक बार फिर तेज हो गई। करीब दो माह से लोकायुक्त की कार्रवाई सामने नहीं आई थी। जिसके बाद तीन दिन में दो कार्रवाई की गई। मंगलवार को शहडोल जिले के गोहपारू में सचिव एक हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ाया था तो वहीं गुरुवार को सतना जिले के नागौद में पटवारी 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रेप किया गया है। पटवारी हल्का शहपुर में भूमि के इत्तिलाबी एवं बटांक कायम करने की एवज में पटवारी 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त रीवा से की गई थी। शिकायत सत्यापन के समय सामने आया कि 2500 रुपए अनावेदक पटवारी के द्वारा पूर्व में ले लिए गए थे और 5000 लेकर बुलाया गया था, जिसके बाद गुरुवार लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक ने ट्रेप दल गठित कर नागौद भेजा जैसे ही आरोपी पटवारी अमर सिंह कुशवाहा रिश्वत की रकम लिया। लोकायुक्त की 12 सदस्यीय टीम ने उसे पकड़ लिया। बताया गया कि आरोपी पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### ब्लॉक ऑफिस के सामने ले रहा था रिश्वत

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक से पटवारी की शिकायत आदेश प्रताप सिंह पिता राजेश सिंह 40 वर्ष निवासी ग्राम दुबह्यिां तहसील नागौद जिला सतना ने की थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार ने सत्यापन के बाद ट्रेप कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। बताया गया कि आरोपी पटवारी ब्लाक ऑफिस नागौद के सामने 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया। ट्रेप कार्रवाइ डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार व निरीक्षक उपेंद्र दुबे के नेतृत्व में की गई।




# बहुती जल प्रपात में छलांग लगाने वाले देवर भाभी का नहीं चला पता

## एसडीईआरएफ की टीम ने दिनभर किया रेस्क्यू



**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बहुती प्रपात के ऊपर देवर-भाभी ने पहले मांग भरने का वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया उसके बाद प्रपात में छलांग लगा दी, एसडीईआरएफ की टीम दोनों की तलाश कर रही है। लेकिन खबर लिखे जाने तक उनका पता नहीं लग सका था। घटना बुधवार दोपहर को सामने आई थी। देवरा खटखरी के ग्राम तेलिया बूढ़ के रहने वाले दिनेश साहू 26 वर्ष और उसकी भाभी शकुंतला साहू 35 वर्ष चार दिन से लापता थे। बुधवार शाम दोनों बहुती वाटरफॉल पर पहुंचे। परिजन उन्हें समझाने आए, लेकिन इससे पहले ही दोनों ने पानी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। नईगढ़ी और शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। रात होने से सर्च ऑपरेशन नहीं चलाया गया। गुरुवार सुबह दोनों की तलाश शुरू की गई। मृतक दिनेश के चाचा ने बताया कि 19 जुलाई को शकुंतला और दिनेश घर से चले गए थे। पता चला कि दोनों छत्तीसगढ़ में हैं। बुधवार को दिनेश ने मोबाइल पर दोनों का फोटो लगाया, जिसमें वो शकुंतला की मांग में सिंदूर डाल रहा था। दोनों के बहुती वाटरफॉल पर होने की सूचना मिली। शकुंतला की मां परिजनों के साथ बहुती जल प्रपात पहुंची और ससुराल के लोगों को भी सूचना दी। जिससे परिवार के सभी लोग वाटरफॉल पर पहुंचे और उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने छलांग लगा दी। घटना के प्रत्यक्षदर्शी राजेंद्र प्रसाद साकेत ने बताया कि बहुती जलप्रपात पर दोनों चुपचाप बैठे थे। कुछ लोग वहां आए और उनसे बातचीत शुरू की। कोई कुछ समझ ही नहीं पाया और दोनों ने छलांग लगा दी। शाहपुर के ग्राम गौरी के रहने वाले शकुंतला के पिता चंद्रशेखर साहू ने बताया, करीब 15 साल पहले बेटी का विवाह हीरालाल साहू से किया था। विवाह के बाद से सब कुछ सामान्य चल रहा था। उनकी तीन बच्चियां भी हैं। बेटी ने कभी कोई शिकायत नहीं की। पता नहीं उसने अचानक ऐसा कदम क्यों उठाया। बुधवार को सुसाइड से पहले दिनेश ने इंस्टाग्राम और फेसबुक पर स्टोरी लगाकर लिखा- हम बहुत परेशान हैं। अब और नहीं सह सकते। हम जा रहे हैं, बहुती वाटरफॉल से सुसाइड करने। सरकार से हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि दोषियों को सजा दिलाई जाए। हीरालाल साहू, राजेंद्र साहू, संतोष साहू और राजकुमार साहू हमारी मौत के जिम्मेदार हैं। इसके बाद उसने शकुंतला की मांग भरते हुए वीडियो भी पोस्ट किया। दिनेश साहू, शकुंतला का चचेरा देवर है। बताया गया कि पति हीरालाल साहू तीन भाई हैं। बड़ा भाई संतोष साहू 40 वर्ष कर्नाटक में रहकर मजदूरी करता है। हीरालाल साहू भी बाहर मजदूरी करता है। सबसे छोटा भाई राजकुमार साहू पुणे में रहता है। दिनेश साहू भी तीन भाई हैं। सबसे बड़ा भाई वाल्मीक साहू और दूसरे नंबर पर बृजेश साहू है। ये दोनों भी पुणे में मजदूरी करते हैं। तीसरे नंबर का दिनेश साहू छत्तीसगढ़ में रहता था। एक महीने पहले ही वह गांव आया था।

# पारिवारिक रंजिश में जमकर मारपीट सीसीटीवी में कैद हुई घटना



## सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना

**जागरण, रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनी परिवार के दो पक्षों के बीच पुराने विवाद में तीन की संख्या में रहे युवकों ने जमकर दूसरे पक्ष के लोगों से मारपीट की। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। बेल्ट और हाथ मुक्के से मारपीट करते आरोपी नजर आ रहे है। वीडियो में स्कूटी में सवार युवक घर के बाहर खड़े शख्स के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं, वहीं बीचबचाव कर रही महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। घटना शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र वार्ड क्रमांक 35 स्थित घोघर मोहल्ले की है। मामले की शिकायत पीड़ित पक्ष ने सिटी कोतवाली थाना में दर्ज करवाई है। बताया गया कि बीती रात तकरीबन साढ़े 10 दो सगे भाइयों ने अपने एक साथी के साथ मिलकर चचेरे भाई सहित उसके परिवार के साथ मारपीट की है। पीड़ित ने फिलहाल मामले की शिकायत थाने में दर्ज करा दी है। घटना के संबंध में पीड़ित रोहित सोनी निवासी दढ़ियन टोला घोघर वार्ड 35 ने थाने में की गई शिकायत में बताया है कि बीती रात वह घर के बाहर खड़े होकर अपने पड़ोसी से बातचीत कर रहा था तभी उसके बड़े पिता के पुत्र अपने साथी के साथ पहुंचे और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। घटना के दौरान पीड़ित की पत्नी और मां सहित मोहल्लेवासियों ने बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने पीड़ित द्वारा की गई शिकायत के बाद नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कपड़े की दुकान में आगजनी से लाखों का नुकसान

**रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत इटौरा बाइपास में स्थित कपड़ा की दुकान में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात्रि आग लग गई। दुकान संचालक सत्यम पटेल पुत्र रामलखन पटेल ने बताया कि वह किराए का कमरा लेकर रहता था। 22 जुलाई की रात्रि करीब दस बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया। रात्रि करीब 3 बजे उसके मोबाइल पर फोन आया कि उसकी दुकान में आग लगी हुई है। जब वह दुकान पहुंचा तो आग भायावह रूप ले चुकी थी और फायर ब्रिगेड आग बुझाने का प्रयास कर रही थी। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित दुकान संचालक के मुताबिक आगजनी में लाखों रुपए कीमत के रेडीमेड कपड़े जलकर राख हो गए। बताया गया कि दुकान की अंदर 7 सौ शर्ट, 4 सौ पैंट, 70 पीस कुर्ता पैजामा, अण्डरवियर, बनियान, टीशर्ट, जीन्स, पर्स बेल्ट, काउंटर सहित सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के मुताबिक आगजनी से उसे करीब 10 लाख रुपए का नुकासान हुआ है।

# टमस नदी में छलांग लगा रही महिला को स्थानीय लोगों ने बचाया

## पारिवारिक कलह के चलते महिला उठा रही थी आत्मघाती कदम



**जागरण, रीवा।** चाकघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत टमस नदी में एक महिला ने सुसाइड करने का प्रयास किया। पति से विवाद के बाद टमस नदी के पुल से छलांग लगाने का महिला ने प्रयास किया तभी स्थानीय लोगों की नजर उस पर पड़ गई, जिन्होंने उसे पकड़ लिया और बड़ी अनहोनी टल गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस महिला को सुरक्षित थाना ले आई। पूछताछ में पता चला कि महिला और उसके पति के बीच आए दिन वाद विवाद होता है जिससे तंग आकर महिला यह आत्मघाती कदम उठाया। चाकघाट पुलिस के मुताबिक महिला सोहागी कस्बे की रहने वाली है और आदिवासी परिवार से है। बताया गया है कि घरेलू विवाद के चलते महिला आवेश में आकर चाकघाट स्थित टमस नदी के पुल के ऊपर पहुंची जहां वह नदी में छलांग लगाने ही वाली थी कि इससे पहले स्थानीय लोगों की समय रहते नजर पड़ गई जिससे उसे उन्होंने रोक लिया।

# रोपा लगाने से इंकार करने पर श्रमिक पर हमला



**रीवा।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरिहन गांव में खेत में रोपा लगाने से इंकार करने पर एक श्रमिक पर सरहंग किस्म के युवक ने हमला कर दिया। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल श्रमिक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के पिता ने बताया कि ग्राम देवरिहन निवासी उनका पुत्र वीरेंद साकेत पेशे से श्रमिक है। बताया गया कि बुधवार की दोपहर वीरेंद्र खेत में रोपा लगा रहा था, तभी गांव के सरहंग ने उसे अपने खेत में रोपा लगाने को कहा तो वीरेन्द ने मना कर दिया, इस बात से नाराज होकर पहले तो उसने गाली गलौज की और बाद में रात तकरीबन 10 बजे घर के बाहर सरहंग युवक ने श्रमिक के साथ मारपीट करते हुए लोहे की सब्बल घोंप दिया। अचानक हुए हमले में घायल युवक का स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के बाद परिजन गुरुवार को संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां घायल का उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है, वहीं नईगढ़ी पुलिस पूरी घटना की विवेचना में लगी हुई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के 3 आरोपियों को सजा

**रीवा।** त्योंथर विशेष न्यायालय पॉक्सो ने नाबालिग किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में तीन आरोपियों को सजा सुनाई है। घटना बीते वर्ष 2024 में जनेह थाना क्षेत्र में घटना सामने आई थी। शौच क्रिया के लिए गई नाबालिग किशोरी को गांव के तीन युवक बाइक में बैठाकर शंकरगढ़ ले गए जहां पर मिथुन कोरी और दिनेश कोरी रेलवे स्टेशन पर छोड़ कर लौट आए और मुख्य आरोपी दीपक कोरी किशोरी को लेकर बैंगलुरु चला गया जहां पर उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पूरे मामले में जनेह थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना के बाद चालान न्यायालय में पेश किया था। किशोरी के बयान और साक्ष्यों के आधार पर त्योंथर विशेष न्यायालय पॉक्सो के न्यायाधीश ने सहयोग करने वाले दो आरोपी मिथुन एवं दिनेश कोरी को 3 वर्ष एवं 2000,के अर्थदंड से दंडित किया वहीं मुख्य आरोपी दीपक कोरी को धारा 366 में 7वर्ष सश्रम करावास एवं तीन हजार अर्थदंड एवं पॉक्सो एक्ट की धारा में 20वर्ष का कारावास एवं 5000 के अर्थ दंड से दंडित किया है। पूरे मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक धीरज सिंह ने की।


























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com